डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024, वर्ष-31, अंक-12, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



न्यूजीलैंड 259 रन बनाकर ढेर ...

सेंसेक्स
80,065.16 -16.82

डॉलर
84.073 -0.003

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 78,500
01 किलो 98,450

## एक नजर

### रंका चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान 2 लाख 81 हजार रुपये बरामद



**रंका (गढ़वा)।** गोदरमाना चेक पोस्ट पर गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो कारों से 2 लाख 81 हजार रुपये बरामद किए। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अंतर्राज्यीय सीमा पर गोदरमाना के पास चेक पोस्ट लगाया गया है। चेकिंग के दौरान छत्तीसगढ़ से झारखंड की ओर आ रही दो कारों में जांच के दौरान गाड़ी से 2 लाख 81 हजार रुपये नगद बरामद किए गए। थाना प्रभारी ने बताया कि चुनाव को देखते हुए 24 घंटे चेक पोस्ट पर निगरानी रखी जा रही है। साथ ही आने-जाने वाले सभी वाहनों की गहन जांच की जा रही है। इस अभियान में कनीय अभियंता जितेंद्र कुमार और गोदरमाना पीकेट प्रभारी भी उपस्थित थे।

### जस्टिस खन्ना होंगे देश के अगले मुख्य न्यायाधीश 11 नवंबर को लेंगे शपथ

**नई दिल्ली।** जस्टिस संजीव खन्ना देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) होंगे। वे 11 नवंबर को सीजेआई की शपथ लेंगे। इससे एक दिन पहले यानी 10 नवंबर को वर्तमान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ पद मुक्त हो जाएंगे। डीवाई चंद्रचूड़ ने आठ नवंबर 2022 को सीजेआई का पदभार ग्रहण किया था। जस्टिस खन्ना का सीजेआई के रूप में कार्यकाल छह महीने से कुछ अधिक होगा। वह अगले साल 13 मई को पदमुक्त होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के संविधान द्वारा दी गई शक्ति का इस्तेमाल करते हुए देश की राष्ट्रपति, सीजेआई से परामर्श के बाद सुप्रीम कोर्ट के जज संजीव खन्ना को 11 नवंबर 2024 से देश के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करती हैं।

## उरुर जंगल में स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

- बिहार के गया से बारात के लिए निकले थे
- तीन लोग गंभीर रूप से घायल, ड्राइवर फरार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के उरुर जंगल में बुधवार रात एक स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कॉर्पियो बिहार के गया से लेस्लीगंज बारात लेकर जा रही थी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। घटना के बाद से ड्राइवर मौके से फरार है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव



अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। घायलों का इलाज एमएमसीएच व अन्य का निजी अस्पतालों में चल रहा है। घायल मुहम्मद नईम ने बताया कि उरुर जंगल में अचानक स्कॉर्पियो के इंजन से अजीब सी आवाज आने लगी और गाड़ी की गति तेज हो गई। ड्राइवर ने गाड़ी को नियंत्रण में करने की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा। इससे गाड़ी शेष पृष्ठ 11 पर

## पुलिस-टीएसपीसी के बीच मुठभेड़ में भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी व पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ में पुलिस को भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद हुआ है। पुलिस महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश के आलोक में विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों व उग्रवादी संगठनों के बीच लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली की प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी) के शीर्ष



स्तर के 10 लाख का इनामी नक्सली शशिकांत अपने दस्ते के अन्य सदस्यों नगीना, गौतम, जितेंद्र, शंभू, मुखदेव के साथ छतरपुर थाना अंतर्गत भीखही, पलवा, शाही, तुरीदाग के जंगलों में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। एसपी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। इस टीम में छतरपुर थाना प्रभारी पुअनि प्रशांत प्रसाद, पांकी थाना प्रभारी पुअनि राजेश रंजन, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी पुअनि अमित द्विवेदी, तकनीकी शाखा, सैट व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम द्वारा तुरीदाग के जंगल में पहुंचते ही उग्रवादियों की ओर से पुलिस पार्टी पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी गई। पुलिस ने उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया, लेकिन उनके द्वारा लगातार गोलीबारी जारी रही। जवाब में पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की। पुलिस के सशक्त प्रतिरोध को देखकर उग्रवादी घने जंगल और पहाड़ों का शेष पृष्ठ 11 पर

# सियासी शक्ति प्रदर्शन का दिन, सीएम हेमंत सहित 100 से ज्यादा ने किया नामांकन

- चार मुख्यमंत्रियों, तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित कई बड़े नेताओं ने अपनी पार्टी के लिए मांगा समर्थन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में गुरुवार का दिन राजनीतिक दलों और हस्तियों के शक्ति प्रदर्शन के नाम रहा। विभिन्न सीटों पर 100 से ज्यादा सियासी हस्तियों ने चुनाव के लिए नामांकन के पर्चे दाखिल किए। शहरों से लेकर कस्बों तक पूरे दिन रैलियों और सभाओं का सिलसिला जारी रहा। चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों, तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित कई बड़े नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टियों और गठबंधनों के उम्मीदवारों के पक्ष में लोगों से वोट मांगे। जिन प्रमुख प्रत्याशियों ने नामांकन के पर्चे दाखिल किए, उनमें झामुमो की ओर से साहिबगंज जिले की बरहेट सीट से सीएम हेमंत सोरेन, नाला सीट से विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, गांडेय सीट से कल्पना सोरेन और रांची सीट से राज्यसभा सांसद महुआ माजी शामिल हैं। भाजपा की ओर से बोकारो जिले की चंदनकियारी सीट से विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रांची सीट से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मंत्री चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह, पोटका से अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, जमशेदपुर पूर्वी सीट से ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू, गढ़वा से पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, कोडरमा से पूर्व मंत्री नीरा यादव, सिसई सीट से पूर्व आईपीएस डॉ. अरुण उरांव, गुमला से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुदर्शन भगत ने पर्चे दाखिल किए। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गुरुवार को नामांकन दाखिल करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में जामताड़ा से मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, शेष पृष्ठ 11 पर





### भाजपा के 32 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

कोडरमा से डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा से अमित कुमार यादव और बरही से मनोज कुमार यादव ने पर्चा दाखिल किया। चंदनक्यारी से अमर कुमार बाउरी, हजारीबाग से प्रदीप साहू, सिमरिया से उज्ज्वल दास, भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही, बहरागोड़ा से डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, घाटशिला से बाबूलाल सोरेन, पोटका से मीरा मुंडा, जमशेदपुर पूर्वी से पूर्णिमा साहू, चाईबासा गीता बालमुचू, मझगांव से बड़कुंवर गगराई, चक्रधरपुर से शशि भूषण शामड, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, तोरपा से कोचे मुंडा, खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा, रांची से सीपी सिंह, हटिया से नवीन जायसवाल, कांके से डॉक्टर जीतू चरण राम, मांडर से सन्नी टोप्पो, सिसई से डॉक्टर अरुण उरांव और गुमला से सुदर्शन भगत ने नामांकन किया। इसके अलावा सिमडेगा से श्रद्धानंद बेसरा, कोलेबिरा से सुजान जोजो, लातेहार से प्रकाश राम, डाल्टेनगंज से आलोक कुमार चौरसिया, विश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर से पुष्पा देवी भुईयां, बड़कागांव से राशन लाल चौधरी, सरायकेला से चंपाई सोरेन और खरसावां से सोनाराम बोदरा ने पर्चा भरा।

## सीएम ने पिता शिबू की कसम खाकर जनता को ठगा : हिमंता



- पूरे देश में मुख्यमंत्री एकमात्र नेता हैं, जिन्होंने पिता का नाम लेकर झूठ बोला
- भाजपा सरकार बनी तो जेएसएससी सीजीएल घोटाले की होगी सीबीआई जांच
- मंईयां सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं को ठग रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** असम के सीएम और झारखंड चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने गुरुवार को जमशेदपुर में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बेहद करारा हमला बोला। कहा, सीएम हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन के नाम पर झूठी कसमें खाकर राज्य की जनता को ठगा है। पूरे देश में वह एकमात्र नेता हैं, जिन्होंने पिता का नाम लेकर झूठ बोला। पिछले चुनाव में उन्होंने युवाओं को पांच लाख नौकरी देने, बेरोजगारों को पांच से सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपये चूल्हा भत्ता देने जैसे कई बड़े वादे किए, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। अब ये ठग मंईयां सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं को ठगने में लगा है। मालूम हो कि कुछ दिन पहले एक चुनावी सभा में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा था कि मैं शिबू का बेटा हूं, भ्रष्ट नहीं। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में युवाओं का कोई भविष्य नहीं है। राज्य में सीजीएल समेत तमाम परीक्षाएं होती हैं, तो उसका पेपर पैसे लेकर बेच दिया जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में शेष पृष्ठ 11 पर

### ऐसे किया हमला

**महिलाओं के खिलाफ अपराध में देश में नंबर वन :** महिलाओं के खिलाफ हिंसा और अत्याचार के मुद्दे पर राज्य सरकार पर हमला करते हुए असम के सीएम ने कहा कि पिछले पांच सालों में सबसे ज्यादा महिलाओं की हत्या हुई है। बेटियों का सम्मान लूटा गया है। महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध में झारखंड देश में नंबर एक पर खड़ा है।

**यहां घुसपैठियों, माफियाओं और दलालों की सरकार :** राज्य में घुसपैठियों, माफियाओं और दलालों की सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में निर्णय लेकर 'गोगो दीदी योजना' के तहत महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये दिए जाएंगे। हम एक साल में डेढ़ लाख से ज्यादा युवाओं को कैलेंडर बनाकर नौकरी देंगे।

**हमारी सरकार बनी तो बालू माफिया होंगे साफ :** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने जल, जंगल जमीन को लूटने का काम किया है। राज्य के बालू तक को हेमंत सरकार ने लूटा है। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही बालू माफियाओं को खत्म कर सभी जरूरतमंदों के लिए बालू मुफ्त करेंगे। हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार में लिप्त है।

## विपक्ष के प्रवासी मुख्यमंत्री चुनाव के बाद ढूंढने से भी नहीं मिलेंगे : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को संथाल परगना प्रमंडल के बरहेट, बोरियो और लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की सरकार पर आरोपों की बौछार कर दी।



उन्होंने कहा कि जब केंद्र से झारखंड का बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए की मांग की तो झारखंड के आम लोगों की आवाज दबाने के लिए उन्हें जेल में डाल दिया गया। लेकिन, उन्हें पता नहीं है कि हम झारखंडी हैं, जो अपना अधिकार लड़कर लेना जानते हैं। सोरेन ने गुरुवार को बरहेट सीट से नामांकन का पर्चा भरा और इसके बाद तीन सीटों पर जनसभाओं को संबोधित किया। इसके पहले पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि असम के प्रवासी मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ही नहीं, विपक्ष के सभी ताकतवर नेता यहां हैं। ये मौसमी पक्षी हैं, ये कुछ दिनों के लिए आएं हैं। तमाम प्रवासी मुख्यमंत्री चुनाव के बाद ढूंढने से नहीं मिलेंगे। चुनाव के बाद वो शेष पृष्ठ 11 पर

## हेमंत से ज्यादा अमीर कल्पना पांच साल में 12 गुणा बढ़ी संपत्ति

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तुलना में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन कई गुणा धनवान हैं। चल और अचल संपत्तियों के मामले में कल्पना ने पिछले पांच साल में पति हेमंत सोरेन को काफी पीछे छोड़ दिया है। यह तथ्य गुरुवार को हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की ओर से विधानसभा चुनाव में नामांकन के पर्चे के साथ निवार्ची पदाधिकारियों के समक्ष दाखिल हलफनामों से सामने आया है। हेमंत सोरेन के पास नकद, जेवर और निवेश सहित दो करोड़ 59 लाख 29 हजार छह रुपये और 53 पैसे की चल संपत्ति है। इसके अलावा उनके पास दो करोड़ 83 लाख 72 हजार 364 रुपये की अचल संपत्ति भी है। वर्ष 2019 में उनके पास एक करोड़ 13 लाख 10 हजार 153 रुपये की चल संपत्ति और एक करोड़ 16 लाख 19 हजार रुपये की अचल संपत्ति थी। पांच साल में चल संपत्ति लगभग ढाई गुणा और अचल संपत्ति ढाई गुणा से भी ज्यादा हो गई है। कल्पना सोरेन के पास मौजूद कुल चल संपत्ति का मूल्य पांच करोड़ 54 लाख 91 हजार 783 रुपये और 70 पैसे है। उनके पास 13 करोड़ 63 लाख 10 रुपये की अचल संपत्ति है। पांच साल में उनकी चल संपत्ति में लगभग छह गुणा और अचल संपत्ति में 12 गुणा बढ़ोतरी शेष पृष्ठ 11 पर

## अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर (इन-स्पेस) के तत्वावधान में अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र सुधारों के तहत अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने और निगरानी के लिए इन-स्पेस की स्थापना की। इन-स्पेस ने भारत की अंतरिक्ष, अर्थव्यवस्था के विकास का समर्थन करने के लिए 1000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड का प्रस्ताव दिया, जिसका मूल्य वर्तमान में 8.4 बिलियन डॉलर है, इसे 2033 तक 44 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य है। सरकार समर्थित फंड निवेशकों का विश्वास बढ़ाएगा, निजी पूंजी को आकर्षित करेगा और अंतरिक्ष सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के रूप में काम करेगा। यह सेबी नियमों के तहत एक वैकल्पिक निवेश कोष के रूप में काम करेगा, जो स्टार्टअप्स को प्रारंभिक चरण की इक्विटी प्रदान करेगा और उन्हें आगे निजी इक्विटी निवेश के लिए सक्षम करेगा। इन स्पेस का उद्देश्य अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में स्टार्टअप का समर्थन कर भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देना है। इससे व्यवसायों के विस्तार, अनुसंधान एवं विकास में निवेश और कार्यबल के विस्तार में मदद मिलेगी। प्रत्येक निवेश इंजीनियरिंग, सॉफ्टवेयर विकास, डेटा विश्लेषण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सैकड़ों प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकता है, साथ ही आपूर्ति श्रृंखला, लॉजिस्टिक्स और पेशेवर सेवाओं में हजारों अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकता है। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और अंतरिक्ष बाजार में भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देगा।

## इंडिया

## कुड़मी नेताओं के त्रिकोण में भाजपा निर्णायक सरयू या कोई और

विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा से पहले ही राजनीति की



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बिसातें बिछ चुकीं थीं और पिछले लोकसभा में चौंकाने वाले वोट लाकर चमके टाइगर जयराम महतो के अलावा पिछले विधानसभा में भाजपा द्वारा टिकट काटे जाने पर सीएम रघुवर दास को सीधे हराकर भाजपा को हाशिए में लाने वाले सरयू राय केंद्र में बताए जा रहे थे । सबसे अधिक गंभीरता से इसे भाजपा ने लिया है क्योंकि लोकसभा में उन्हें अपेक्षा के अनुरूप सफलता नहीं मिली जबकि इंडिया गठबंधन के उत्साह में वृद्धि हुई है क्योंकि लोहरदगा,सिंहभूम और खूंटी से मिली विजय से उनका उत्साह चरम पर था। भाजपा के बड़े नेताओं की झारखंड में गतिविधियां शुरू से तेज हुई थीं। चुनावी समीकरण पर रांची से लेकर दिल्ली तक में मंथन हो के बाद एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन में शामिल दलों ने भी चुनाव अभियान की रणनीति पर काम किया था । झामुमो भी अपने कार्यकताओं और घटक दलों का दिल जीतने के प्रयास में मंईयां सम्मान जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई तो भाजपा ने भी गोगो दीदी में इसकी राशि दुगुनी करने की घोषणा की।अपने कैडर से लेकर अंतिम वोटर तक के सीधे संपर्क में बनाने में लगी है ताकि पार्टी या घटक दलों के बीच कोई शिकवा शिकायत तक न रहे पर मामला इतना आसान भी नहीं है। 2019 के चुनाव में आजसू से गठबंधन न होने का नुकसान दोनों को हुआ और इस बार स्थितियां और भी जटिल हैं। झारखंड में तीन दलों का भविष्य कुर्मी (कुड़मी) वोटरों पर टिका हुआ है। कुड़मी वोटरों पर निर्मल महतो,रामटहल चौधरी, शैलेंद्र महतो जैसे नेताओं का गहरा प्रभाव था पर बाद में आजसू ने उन्हें संगठित किया और अपना ही एकाधिकार समझती थी, लेकिन जदयू के ताल ठोंकने और जेबीकेएसएस के लोकसभा चुनाव में उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद परिस्थितियां बदली हुईं हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का आकलन है कि कि अगले विधानसभा चुनाव में कुड़मी वोट तीन धड़ों में बंट सकता है।



विधानसभा की 81 सीटों में से लगभग 30 विधानसभा सीटों पर कुड़मी वोटर निर्णायक साबित हो सकते हैं। इसी कारण भाजपा का आजसू के साथ स्वाभाविक गठबंधन बना हुआ है। हालांकि महत्वाकांक्षी आजसू को इससे ज्यादा फायदा नहीं मिल पाया और 2005 के विधानसभा चुनाव में आजसू को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। 2009 में आजसू 78 सीटों पर चुनाव लड़ी और उसे सिर्फ एक सीट पर विजय मिली जबकि 2014 में आजसू ने आठ सीटों पर चुनाव लड़ कर पांच सीटें जीतीं। 2019 में 53 सीटों पर लड़ने के बावजूद आजसू को दो ही सीटों पर ही जीत हासिल हुई थी। वहीं जब भाजपा ने जदयू के साथ 63 सीटों पर चुनाव लड़ा, तो जदयू ने 18 में से छह सीटों पर जीत हासिल की थी। तेजी से खतियान आधारित पहचान के लिए संघर्ष करने वाले टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व वाला जेएलकेएम जदयू और आजसू का खेल बिगाड़ सकता है। लोकसभा चुनाव में जेएलकेएम की जोरदार उपस्थिति ने झारखंड के राजनीतिक दलों के बीच खलबली मचा दी है, आसन्न विधानसभा चुनाव में आजसू और जदयू का गणित गड़बड़ा इससे सकता है। जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने लोकसभा चुनाव में आठ सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे. इन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों को न्यूनतम 12,556 से लेकर अधिकतम 3,47,322 वोट मिले। वहीं खीरु महतो की अगुवाई में जदयू भी झारखंड में दो सीटों पर अपनी जमीन तलाश रहा है। 2005 के विधानसभा चुनाव में जदयू के छह विधायक चुने गए थे। जदयू झारखंड में कुड़मी वोटरों पर नजर टिकाए हुए है। राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी इस पर जोर लगा रहे हैं। टाइगर जयराम महतो ने अब अपने उम्मीदवार उतार कर खेल में शामिल हो गया है। इस बार यदि जयराम महतो पर भाजपा दांव खेलती है तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और आजसू को ज्यादा नुकसान हो सकता है जो जयराम महतो जैसे नेताओं के निशाने पर है। इसमें सरयू राय भी एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं जिन्हें पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा का टिकट नहीं दिया गया था और तत्कालीन सीएम रघुवर दास को हराने सहित भाजपा को हराने का रणनीतिकार माना जाता है। अब देखना है इतनी सावधानी के बाद सभी पार्टियां अपने नाराज कार्यकर्ताओं को कैसे मनाएगी?

# सात प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया, तीन अभ्यर्थियों ने पर्चा खरीदा


हुसैनाबाद में नामांकन का पर्चा दाखिल करते विनोद कुमार सिंह (निर्दलीय)।


हुसैनाबाद में नामांकन का पर्चा दाखिल करते संजय कुमार सिंह यादव (राजद)।


निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सुभद्रा कुमारी ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया


हुसैनाबाद में नामांकन का पर्चा दाखिल करते बाबर अंसारी (निर्दलीय)।


हुसैनाबाद में नामांकन का पर्चा दाखिल करते डॉ. कर्नल संजय कुमार सिंह (निर्दलीय)।

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र संख्या 79 में चुनाव को लेकर गुरुवार को तीन बजे तक तीन उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। छठवें दिन तीन नामांकन प्रपत्र की बिक्री हुई। इसमें अवधेश सिंह, मुकेश चौधरी निर्दलीय व मोस्लेहुद्दीन तौसीफ इंडियन नेशलन कांग्रेस से पर्चा खरीदा है। सात प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया हैं। पर्चा दाखिल करने वालों में मुख्य रूप से संजय कुमार सिंह यादव राष्ट्रीय जनता दल, प्रभा देवी आजाद समाज पार्टी प्रत्याशी व निर्दलीय उम्मीदवारों में कर्नल संजय कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, गौतम कुमार, सुभद्रा कुमारी व बाबर अंसारी का नाम शामिल है। मौके पर दंडाधिकारी व पुलिस बल के जवान तैनात थे। नामांकन पत्र दाखिल करने वाले सभी प्रत्याशियों ने एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी डॉ. कृष्णकांत कनवाड़िया के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।

**कर्नल संजय सिंह ने भरा नामांकन, भ्रष्टाचार के खिलाफ लिया लड़ने का लिया संकल्पः**

हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से कर्नल संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के भारी समर्थन से यह स्पष्ट हो गया कि क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है। वह हुसैनाबाद को भ्रष्टाचार मुक्त कर समग्र विकास के लिए संकल्पित हैं। जनता के आशीर्वाद से हुसैनाबाद के स्वाभिमान की रक्षा करेंगे। हुसैनाबाद के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़कों, सिंचाई और सुरक्षा पर जोर दिया। कहा कि इन क्षेत्रों में सुधार के लिए काम करने की जरूरत है। उन्होंने जनता के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित करने और हर जरूरतमंद को उसका हक दिलाने का संकल्प लिया। साथ ही किसानों के लिए निःशुल्क बिजली, सिंचाई और फसल के उचित मूल्य की व्यवस्था की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही, सरकारी योजनाओं में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। युवाओं और मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने, सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाने और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं व बीमा का वादा किया। उन्होंने महिलाओं के रोजगार, शिक्षा, और स्वास्थ्य में प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। किसान ब्रिगेड महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा अराधना सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सभी का आशीर्वाद चाहिए। बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को बांटने की साजिश हो रही है। एकजुट होकर कर्नल संजय सिंह के हांथों को मजबूत करें। कर्नल संजय गरीब-अमीर नहीं बल्कि देश का बेटा है। मौके पर गरीबन दास सहित कई अन्य दलों के नेताओं ने कर्नल सिंह की किसान ब्रिगेड का समर्थन किया। इस अवसर पर ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश यादव, बिष्णु देव गुप्ता, बद्रीनारायण सिंह, मृत्युंजय सिंह, रविरंजन सिंह, विन्ध्येश्वरी यादव, आराधना सिंह, कपिलदेव राम, राम प्रवेश सिंह, विनोद पासवान, धीरेन्द्र बैठा, भुनेश प्रसाद सिंह, भोला पासवान, बिन्देशरी पाठक, लाल बहादुर सिंह, लक्ष्मण चन्द्रवंशी, कमिश्नर सिंह, पंकज मेहता, अनिल शर्मा, प्रयाग राम, विरेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, संतोष राम, बुटन यादव, गणेश राम, शांति कुंवर, चंचला राजवंशी, चंपा देवी, दीपांजलि वर्मा, बबीता मेहता, शांति पासवान, सोना मेहता, खैरूल नीशा सहित कई वरिष्ठ नेता, विभिन्न समुदायों के लोग और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**ओमकारनाथ जायसवाल ने पांकी विधानसभा सीट से भरा नामांकन पत्र : सगालीम।** लोकतांत्रिक क्रांतिकारी पार्टी के नेता ओमकारनाथ जायसवाल ने 75 पांकी विधानसभा सीट के लिए अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने एक कहा कि उनकी पार्टी युवाओं के अधिकारों और रोजगार के मुद्दों को प्राथमिकता देती है। पार्टी हमेशा युवाओं के हक के लिए खड़ी रहती है। चाहते हैं कि हर युवा को रोजगार मिले और उन्हें अपने अधिकारों का पूरा ज्ञान हो। टाइगर जयराम महतो की नेतृत्व में झारखंड के विकास के लिए एक नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं कि आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रभावी नीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी विकास के साथ सामाजिक न्याय को भी सुनिश्चित करेगी। अगर उन्हें जीत मिलती है, तो वह पांकी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए ठोस कदम उठाएंगे और सभी वर्गों के लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। हमारा उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि अपने क्षेत्र की जनता के लिए वास्तविक परिवर्तन लाना है।

## देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने किया नामांकन दाखिल


जनसभा को संबोधित करते पूर्व विधायक बिट्टू सिंह

**मेदिनीनगर** पलामू जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने गुरुवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इसके बाद नीलांबर-पीतांबर स्थित महावीर मोड़ पर आयोजित जनसभा को भी उन्होंने संबोधित किया। नामांकन के अवसर पर पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में उनके समर्थक सभा स्थल पर पहुंचे, जिससे मुख्य सड़क पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। जैसे ही पूर्व विधायक सभा स्थल पहुंचे, समर्थकों ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए देवेंद्र सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि नामांकन के लिए उमड़ी भीड़ जनता के साथ उनके गहरे जुड़ाव को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उनके और उनके पिता विदेश सिंह के कार्यों को अच्छी तरह जानती है। विधायक न रहते हुए भी उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनता के सुख-दुख में हमेशा भाग लिया है। देवेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अगर जनता उन्हें फिर से चुनती है, तो वे क्षेत्र के विकास के लिए दिन-रात काम करेंगे और हमेशा जनता के लिए समर्पित रहेंगे। जनसभा के दौरान हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे, जिन्होंने पूर्व विधायक का समर्थन दिखाया।

## गठबंधन की एकजुटता और सरकार के कार्यों का मिलेगा लाभः संजय

**हुसैनाबाद** इंडिया गठबंधन के नेता पूर्व विधायक सह राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने गुरुवार को हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी के रूप में नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। हुसैनाबाद के पंच सरोवर मंदिर के समीप से जुलूस अनुमंडल कार्यालय पहुंचा। संजय कुमार सिंह यादव ने नामांकन का पर्चा दाखिल करने के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन एक जुट है। झारखंड सरकार और उन्होंने जो कार्य किया है,इसका लाभ चुनाव में उन्हें जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता अमन पसंद है। हुसैनाबाद की जनता फिरका परास्त ताकतों को शिकस्त देने का मन बना चुकी है। इस मौके पर राजद के प्रदेश सचिव कलीमुद्दीन खान, रिजवान खान, कामाख्या सिंह, मदन पासवान, अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद अहमद, शमीम अहमद, सुदेश्वर राम, झारखंड मुक्ति मोर्चा के एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, डॉ. एजाज आलम, विवेकानंद सिंह, अशोक सिंह, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, गुप्तेश्वर पांडेय, नदीम खान, रामाशंकर चौधरी, राजेंद्र चौधरी के अलावा कई लोग शामिल थे।


भाजपा प्रत्यासी पुष्पा देवी ने किया नामांकन

## भाजपा के बागी विनोद कुमार सिंह ने किया नामांकन

**हुसैनाबाद** हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के बागी प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गुरुवार को नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर उनके समर्थकों की काफी भीड़ देखी गई। विनोद कुमार सिंह ने कहा कि वह हुसैनाबाद के मान सम्मान की रक्षा के लिए वह मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के लोगों के दुःख सुख में वह लगातार शामिल रहे हैं। शेर का चोला सियार के ओढ़ लेने से कोई शेर नहीं हो जाता हैं। जनता सब जानती है। चुनाव में अपनी ताकत दिखा देगी। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को असली और नकली का फर्क जाना दिखा देगी। उन्होंने कहा कि वह सेवा भाव से राजनीति करते हैं। क्षेत्र के एक एक धार्मिक कार्यों में वह लगातार समर्पित रहते हैं। हवाबाजी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी जीत के जनता तय करेगी।

# पांकी में जेवर व्यवसायी के घर हथियार के बल पर डकैती, 6 अपराधियों ने एक घंटे तक मचाया तांडव

**250 ग्राम सोने के जेवर और ढाई लाख रुपये की डकैती, परिवार को बनाया बंधक**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के कपूरी ठाकुर चौक से महज आधा किलोमीटर दूर गजबोर स्थित जेवर व्यवसायी कृष्णा सोनी के घर में बुधवार देर रात हथियारबंद 6 अपराधियों ने धावा बोल दिया। अपराधियों ने बंदूक की नोक पर पूरे परिवार को बंधक बनाकर करीब एक घंटे तक लूटपाट की। भुक्तभोगी कृष्णा सोनी के अनुसार, रात करीब 1:00 बजे अपराधी छत के रास्ते घर में दाखिल हुए। उन्होंने बंदूक के बल पर परिवार के सभी सदस्यों को कब्जे में लिया, उनके मोबाइल फोन छीन लिए और मारपीट भी की। अपराधी सोने के लगभग 250 ग्राम जेवर और ढाई लाख रुपये नगद लूटकर फरार हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद, अपराधी मुख्य गेट खुलवाकर खेत की ओर भाग निकले। घटना के बाद कृष्णा सोनी ने आस-पड़ोस के लोगों को सूचित किया और पांकी थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। कृष्णा सोनी ने बताया कि ये नकदी और जेवर उनकी बेटी की शादी के लिए रखे गए थे। इस घटना से परिवार में दहशत का माहौल है और सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से इलाके के लोग भी सहमे हुए हैं और उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि लंबे समय बाद पांकी क्षेत्र में इस तरह की डकैती की घटना हुई है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

# मोहम्मदगंज के आवासीय बालिका विद्यालय में सुविधा मुकम्मल नहीं

## ऐसे में कैसे करेंगी सुव्यवस्थित और सुरक्षित माहौल में बालिकाएं पठन-पाठन व आवासन

**नवीन मेल संवाददाता**


समाजसेवी रामजन्म राम



**मोहम्मदगंज।** सिंचाई विभाग परिसर स्थित आधी-अधूरी व्यस्था में खड़ी झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय के संचालन को लेकर स्थानीय स्तर पर एक अधिकारी व प्रतिनियुक्त वार्डेन शिफ्ट कराने की कोशिश में जुटे बताए जाते हैं। जमीनी हकीकत की पड़ताल में भी साफ हो जाता है कि वर्तमान स्थिति में इस कैंपस में बालिकाओं के लिए पठन-पाठन और आवास की सुविधा मुकम्मल नहीं हो सकी है। कैंपस का समतलीकरण नहीं किया गया है। बाउंड्री ऐसा की कोई भी आसानी से फांदकर बाहर निकल सकता है। अंदर प्रवेश कर सकता है। ऐसे में यह कहना गैर मुनासिब नहीं होगा कि सुरक्षा के नजरिए से बाउंड्री बिल्कुल ही कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। इसकी ऊंचाई भी कम है। साथ ही कंटीली तारों की इस पर घेराबंदी भी नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में सुरक्षित और निर्भीक माहौल में पठन-पाठन और आवास कैसे संभव हो सकता है। बीईईओ महेंद्र प्रजापति भी इस आवासीय विद्यालय को पठन-पाठन और आवासन के दृष्टिकोण से मुकम्मल नहीं मानते हैं। इसी वजह से उनका कहना है कि हुसैनाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से इस प्रखंड क्षेत्र की बालिकाएं यहां आना नहीं चाहती हैं। वहीं एरिया ऑफिसर रामनरेश राम का भी कहना है कि स्थानीय आवासीय विद्यालय अभी पूरी तरह से तैयार नहीं है। जंगलों-पहाडों से सटे होने की स्थिति में सुरक्षा के दृष्टिकोण से इसे व्यवस्थित नहीं किया गया है। अभिभावकों का कहना है कि ऐसी स्थिति में कोई भी नहीं चाहेगा कि उनकी बच्चियों को पठन-पाठन और इसमें आवासन की इजाजत मिलनी चाहिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण प्रभार का आदान-प्रदान नहीं हो रहा है। किंतु विद्यालय की शिफ्टिंग के काम में हुसैनाबाद की वार्डन लगी हैं। आचार संहिता के बाद विद्यालय को हर हाल में शिफ्ट कर दिया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामजन्म राम ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में इस कैंपस में शिफ्टिंग की कोशिश करने की कवायद गलत है। विस चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन भी है। उन्होंने कहा कि वैसे, भी आधी-अधूरी व्यस्था में न तो बालिकाएं और न ही शिक्षिकाएं ही इस कैंपस में महफूज रह सकती हैं। अव्वल, तो शिफ्टिंग से पहले जनप्रतिनिधियों अथवा अधिकारी के स्तर से इसका उद्घाटन भी तो लाजिमी है। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद की वार्डन मोहम्मदगंज झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय को शिफ्ट करने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। परिसर का समलीकरण, बिजली और पानी की व्यवस्था करने में जुटी हैं। बिजली आपूर्ति जल्द ही शुरू हो जाएगी। सहायक अभियंता से दो बार मिल चुकी हैं। इसे लेकर काम भी शुरू हो गया है। आवासीय विद्यालय की वस्तुस्थिति से जिला को अवगत कराया जाता रहा है।

**जांच का विषय**

इस मामले में जांच का विषय ये हैं कि जिस वार्डेन की प्रतिनियुक्ति आनन-फानन में की गई है, प्रतिनियुक्ति के बाद से उनकी हाजिरी कहां बनती है। बीआरसी में तो उन्हें शायद ही कभी देखा गया हो। और तो और 10 सितंबर को ही शिफ्ट करने संबंधित आदेश को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया था। फिर तत्कालिन डीईओ जाते- जाते इस आशय का पत्र निकाल कर चले गए। इसके बाद 15 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। वार्डन सविता कुमारी पाठक किस विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य कर रही है। इस संबंध में भी बीईईओ महेंद्र प्रजापति का कहना है कि उनसे उनकी कभी मुलाकात ही नहीं हुई है। उन्हें उन्होंने किसी प्रकार की कोई अनुमति नहीं दी है।

## न्यूज | बॉक्स

### नामांकन को लेकर मुख्य सड़क रहा जाम,समर्थकों ने की जमकर नारेबाजी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में नामांकनक के छठे दिन गुरूवार को हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय में नामांकन के लिये प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की आवाजाही गुरूवार की सुबह से ही शुरू हो गयी थी। किसी प्रत्याशी के साथ बैंड बाजे व अपने प्रत्याशी के साथ नारे लगाते समर्थकों की भीड़ चल रही थी। भीड़ में महिला समर्थक भी नारेबाजी व थिरकने में पीछे नहीं थीं। इससे हुसैनाबाद शहर में बाजे- गाजे व जिंदाबाद जैसे नारेबाजी दिनभर गुंजायमान रहा। अनुमंडल मुख्यालय में हुसैनाबाद प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर प्रत्याशियों के समर्थकों की आवाजाही से मुख्य सड़क जाम की स्थिति बनी रही। यहां हरेक सड़क पर गाड़ियों व पैदल लोगों की आवाजाही से मेला जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया था। नामांकन में शामिल लोग तो पूरे उत्साह में थे। सड़क से अपने काम को लेकर गुजरने वाले सामान्य लोगों के लिए स्थिति असहज थी। लोगों को सड़क जाम जैसी स्थिति उत्पन्न होने से काफी असुविधा हुई। बाजार क्षेत्र में चौड़ी सड़क होने के बाद भी कई बार जाम की स्थिति बनी रही।

### सीओ ने डीलर,बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

**विश्रामपुर।** विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को विश्रामपुर अंचल कार्यालय के सभागार में सीओ राकेश कुमार तिवारी ने डीलर,बीएलओ व पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।स्थानांतरित व मृत मतदाताओं की पहचान कर सूची अद्यतन करने,85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं व गंभीर रूप से दिव्यांग,चलने फिरने में असमर्थ मतदाताओं के लिए सभी बीएलओ को प्रपत्र पंजी उपलब्ध कराया। सीओ ने मुलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से जन वितरण के साथ बैठक कर मतदान प्रक्रिया को बढ़ाने व उनके पोषक क्षेत्र में बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर बैठक करने व मतदान को ले प्रेरित करने को निर्देश दिया।औसत से कम मतदान वाले बूथ पर हस्ताक्षर अभियान, मतदाता जागरूकता गहन रूप से चलाये जाने का निर्णय लिया गया। लोगों के बीच चुनाव संबंधी प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। सीओ ने कहा कि सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें। मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मौके पर जन वितरण प्रणाली दुकानदार,बीएलओ सुपरवाइजर,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी,अंचल निरीक्षक आदि मौजूद थे।

### मुखिया ने 56 छात्र-छात्राओं के बीच किया साइकिल का वितरण

**हरिहरगंज।** प्रखंड के खड़गपुर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय परिसर में गुरुवार को सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के 56 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान 34 छात्र तथा 22 छात्राओं के बीच मुखिया काजल कुमारी ने साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक को कहा कि साइकिल मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब आने-जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। मौके पर प्रधानाध्यापक हरिद्वार प्रसाद सिंह, प्रबंधन समिति अध्यक्ष कृष्णा राम, शिक्षक दीपक कुमार, अंजू ठाकुर, अभिषेक चक्रवर्ती, रिंकू कुमार, रितिका कुमारी, राजकुमार रविदास, उत्तम पटेल के अलावे वार्ड सदस्य प्रतिमा कुमारी, रेशमा कुमारी सहित बड़ी संख्या में बच्चें, अभिभावक व शिक्षक मौजूद थे।

**आस्था**

## पंसा में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूणार्हुति कल

# जीयर स्वामी व संतों के प्रवचन सुनने को उमड़ रहे श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** पंसा में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूणार्हुति शनिवार को होगी। इससे पहले पूर्व संध्या पर भोजपुरी के प्रख्यात व्यास भरत शर्मा शुक्रवार को भक्ति भजन की रसधारा बहाएंगे। श्री लक्ष्मी प्रपन्ना जीयर स्वामी जी महाराज जिनके सान्निध्य में महायज्ञ आयोजित है, उनके साथ ही अन्य संतों के मुखारविंद से कथा-प्रवचन सुनने और मंडप परिक्रमा को नर-नारियों की आस्था नित्य दिन उमड़ पड़ती है। हवन-पूजन और मंत्रोच्चारण से वातावरण में भक्ति की बयार बहने लगी है। बतौर मुख्य यजमान कमेटी के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह दंपत्ति सहित वीरेंद्र सिंह, उमाशंकर मेहता, हरेराम सिंह और मनोज सिंह सपत्नीक महायज्ञ के धार्मिक हवन व अनुष्ठान संपन्न कराने में पूरी आस्था के साथ जुटे हैं। इनके अलावा इस महायज्ञ को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए पुनर्गठित कमेटी के उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, नीरज सिंह, मनोज कुमार राम, असेश्वर विश्वकर्मा, सचिव अश्विनी कुमार सिंह, सह सचिव संतोष सिंह, प्रधान कोषाध्यक्ष विक्की सिंह, उप कोषाध्यक्ष उदय सिंह, बसंत चंद्रवंशी, संरक्षक भरत सिंह, नंदकुमार सिंह, सच्चिदानंद सिंह, कामेश्वर सिंह, विजय सिंह के अलावा स्वागत समिति प्रभारी मुखिया विकास सिंह, उप प्रमुख नगीना सिंह सहित कपिल देव सिंह, वीरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री राजीव कुमार सिंह, राजू सिंह, गया कुमार सिंह, मानिक राज कुशवाहा, ओम प्रकाश सिंह, मिथिलेश सिंह, मीडिया प्रभारी शुभम कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, चंदन मेहता, अभिषेक सिंह, बलजीत विश्वकर्मा, व्यवस्थापक अरुण पासवान, उपेंद्र सिंह, विश्वनाथ साह, बिगन सिंह, जयप्रकाश मेहता व अमित कुमार सिंह निर्धारित कार्यों को निष्ठापूर्वक

### मतदाता जागरूकता रैली निकली

**पांकी।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली पांकी प्रखंड कार्यालय से शुरू हुई जो महावीर मंदिर चौक पर पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में मतदाताओं को पंपलेट बांटकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। सब काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो का नारा लग रहे थे। मतदाता जागरूकता रैली में मुख्य रूप से शामिल पांकी अंचलाधिकारी राज कुंवर सिंह,सभी बीएलओ, पांकी प्रखंड कर्मी एवं पांकी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राएं शामिल थी। देश तरक्की तभी करेगा, हर वोटर जब वोट करेगा, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो जैसे नारे लगाए गए।

# छठे दिन 30 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन पत्र, समाहरणालय में दिखी खासी हलचल


भाजपा प्रत्याशी डालटनगंज विस क्षेत्र से आलोक चौरसिया नामांकन करते हुए।


डालटनगंज विस क्षेत्र से के एन त्रिपाठी नामांकन करते हुए।


भाजपा प्रत्याशी विश्रामपुर विस क्षेत्र से रामचन्द्र चंद्रवंशी नामांकन करते हुए।


पांकी विस क्षेत्र से देवेंद्र सिंह नामांकन करते हुए।


पांकी विस क्षेत्र से मुमताज खान नामांकन करते हुए।


पांकी विस क्षेत्र से ओंकारनाथ जायसवाल नामांकन करते हुए।


पांकी विस क्षेत्र से विनय सिंह दांगी नामांकन करते हुए।


पांकी विस क्षेत्र से विनोद सिन्हा नामांकन करते हुए।

### जनसभाओं में प्रत्याशियों ने दिखाई ताकत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को पलामू जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन समाहरणालय में कुल 30 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन भरने के दौरान समाहरणालय परिसर में भारी चहल-पहल देखने को मिली, और प्रत्याशियों की संख्या अधिक होने के कारण कई को निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के बाहर इंतजार करना पड़ा। पूर्व विधायक सहित पिछले चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे कई प्रत्याशियों ने भी अपना दमखम दिखाया। डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र से अजय सिंह चेरो, आलोक चौरसिया, के.एन. त्रिपाठी, अजमुद्दीन मियां, विश्वास सिंह, ललन राम, जगन्नाथ प्रसाद सिंह, सुनील प्रजापति, असीम प्रसाद, भूपेंद्र चौधरी, श्याम बिहारी, चंद्रधन सिंह ने अपने नामांकन पत्र भरे। पूनम सिंह और दीपक कुमार लाल ने नामांकन पत्र खरीदा।

पांकी विधानसभा से पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह, ओंकारनाथ जायसवाल, मुमताज अहमद खान, विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार, विनय सिंह दांगी, अविनाश रंजन ने नामांकन पत्र दाखिल किए, जबकि देवेंद्र कुमार ने एकमात्र पर्चा खरीदा। विश्रामपुर विधानसभा से पूर्व विधायक सह भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी, सपा की अंजू सिंह, राजद के नरेश सिंह और बसपा के राजन मेहता, मसरूर अहमद खान,मनोज कुमार रवि,विनीत कुमार, सुदिप्ता कुमार शर्मा, पुष्प रंजन, सिराजुद्दीन खान, महाबीर सिंह चंद्रवंशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### नामांकन के बाद जनसभाओं में जोर आजमाइश

लगभग सभी प्रमुख प्रत्याशियों ने नामांकन के बाद विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित किया। पांकी से देवेंद्र कुमार सिंह और बिट्टू सिंह ने महावीर मोड़ पर जनसभा की। वहीं, डाल्टनगंज से के.एन. त्रिपाठी ने आईटीआई मैदान में और आलोक चौरसिया ने शिवाजी मैदान में जनसभा को संबोधित किया। विश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी ने सूदना गायत्री मंदिर मैदान में जनसभा का आयोजन किया।

### नामांकन प्रक्रिया में सुरक्षा और निगरानी सख्त

पलामू के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाची पदाधिकारी कार्यालयों के अंदर और निकास द्वार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर कार्यालय के प्रवेश द्वार पर दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। परिसर में आने-जाने वाले सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग भी की गई है, और पूरी नामांकन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग हो रही है। निर्वाचक अधिकारी के कक्ष में प्रत्याशी के साथ केवल पांच लोग ही जा सकते हैं।

## आलोक चौरसिया ने नामांकन के बाद शिवाजी मैदान में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

### प्रदेश का विकास केवल भाजपा ही कर सकती है : केंद्रीय राज्य मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी आलोक कुमार चौरसिया ने गुरुवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इसके बाद उन्होंने मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में जनसभा को संबोधित किया। दो बार के विधायक रहे आलोक चौरसिया के नामांकन के साथ हजारों की संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे। शिवाजी मैदान पहुंचने से पहले उन्होंने गाजे-बाजे के साथ रैली निकाली, जिसमें समर्थक 'आलोक चौरसिया जिंदाबाद' और 'भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद' के नारे लगाते दिखे।



शिवाजी मैदान में जनसभा के दौरान आलोक चौरसिया को समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मैदान खचाखच भरा रहा। अपने संबोधन में भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि पिछली सरकार के न होने के कारण क्षेत्र में कई विकास कार्य पूरे नहीं हो सके, लेकिन इस बार अगर भाजपा की सरकार बनती है तो सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहे हैं और इस बार भी डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की जीत निश्चित है।


जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में झामुमो की सरकार ने साढ़े चार साल तक कुछ नहीं किया और अब वे जाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास तभी संभव है जब डबल इंजन की सरकार सत्ता में आएगी। दुबे ने जनता से भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया को समर्थन देकर राज्य में सुशासन लाने की अपील की। उन्होंने कहा, 'जब भाजपा सत्ता में आई तो राम मंदिर निर्माण और धारा 370 को हटाने जैसे वादे पूरे किए गए। अब झारखंड में भी सुशासन लाने का वक्त है।' इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, आलोक चौरसिया, श्याम नारायण दुबे, विधानसभा प्रभारी रघुराज पांडेय, पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, परशुराम ओझा सहित अन्य प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडेय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने दिया।

## त्रिपाठी ने लिया, विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने 76-डाल्टनगंज (चैनपुर-भण्डरिया) विधानसभा क्षेत्र से भव्य नामांकन सभा आयोजित कर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कचहरी परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन किया।

त्रिपाठी ने अपने आवास काशीनगर, रेड़मा से पैदल चलते हुए आईटीआई मैदान में उपस्थित जनसमूह से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद ठाकुरबाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना कर, रेड़मा ओवरब्रिज होते हुए निर्वाचन कार्यालय की ओर अग्रसर हुए। उनके समर्थकों ने ₹दस साल भूलेंगे नहीं और पांच साल छोड़ेंगे नहीं₹ के नारे के साथ उनका उत्साह बढ़ाया।



त्रिपाठी ने अपने संकल्पों को दोहराते हुए जनता से जुड़े मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने चैनपुर के बोकया ग्राम में हुई जनेश्वर चौधरी के बेटे की हत्या का जिक्र करते हुए उसकी मां से न्याय दिलाने का वचन दिया। उन्होंने सामंतवाद के खिलाफ संघर्ष और पांच प्रतिज्ञाओं को पूरा करने का संकल्प दोहराया। त्रिपाठी ने बेरोजगारी, कृषि सुधार, महिला स्वावलंबन और स्वास्थ्य सेवाओं को अपनी प्राथमिकताओं में रखा। उन्होंने नवयुवकों को रोजगार दिलाने और सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल 'नो रेफर हॉस्पिटल' की स्थापना का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने कोयल और औरंगा नदियों के माध्यम से पेयजल और सिंचाई समस्याओं के समाधान की योजना पर चर्चा की।

त्रिपाठी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा की जनता पिछले 10 सालों से शोषित हो रही है और आगे 5 साल और शोषित नहीं होना चाहिए। उन्होंने जनता से जाति-पात से ऊपर उठकर वोट देने की अपील की और वर्तमान विधायक को हटाने का आह्वान किया।

नामांकन सभा में बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, सुनील तिवारी, दिलीप चन्द्रवंशी, मुन्ना खान सहित कई नेताओं ने जनसमूह को संबोधित किया और त्रिपाठी के प्रति समर्थन जताया।

## जिला स्तरीय साधन सेवियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू जिले के 65 जिला साधन सेवियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम डायट, मेदिनीनगर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट की प्राचार्या अमृता सिंह ने की।

प्राचार्या ने सभी साधन सेवियों को निर्देशित किया कि विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम को हर विद्यालय, जहां कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, में सफलतापूर्वक संचालित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को स्वास्थ्य कल्याण दिवस के रूप में प्रार्थना सभा या कक्षा में यह कार्यक्रम मनाया जाना चाहिए।

इस अवसर पर जिला की मेंटर जया रानी ने सोलह मॉड्यूल पर जानकारी देते हुए कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन और विषय प्रवेश जिला साधन सेवी दिनेश कुमार शुक्ला ने किया।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, मानसिक विकास, बाल विवाह, मानव तस्करी, और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रतिनिधि आकाश कुमार ने कार्यक्रम के क्रियान्वयन और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पर चर्चा की। उन्होंने सभी साधन सेवियों से कहा कि राज्य के दिशा-निर्देशों के अनुसार इस कार्यक्रम को सफल बनाना है और गूगल लिंक के माध्यम से रिपोर्टिंग भी सुनिश्चित करनी होगी। इस उन्मुखीकरण कार्यशाला में दिनेश कुमार शुक्ला, श्वेता मिश्रा, पूजा सिन्हा, राखी प्रसाद, सोनी कुमारी, मेहनाज, अभिलाषा कुमारी, महताब खान, विनय कुमार सहित अन्य साधन सेवियों ने अपने-अपने मॉड्यूल से संबंधित विचार साझा किए।

कार्यक्रम का समापन आकाश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## नामांकन के कारण शहर में भीषण जाम, स्कूल बस और एम्बुलेंस भी फंसे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को विधानसभा चुनाव के नामांकन के चलते मेदिनीनगर शहर की सड़कों पर भारी जाम लगा रहा, जिससे आम यात्रियों के साथ स्कूली बच्चों और मरीजों को भी काफी परेशानी हुई। जाम के कारण कई घंटों तक स्कूल बसें और एम्बुलेंस फंसी रहीं, जिससे छात्र अपने घर देर से पहुंचे। पांकी विधानसभा के प्रत्याशी देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के नामांकन से पहले महावीर मोड़ पर आयोजित जनसभा में शामिल होने के लिए पांकी क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हजारों चार पहिया और तीन पहिया वाहन आए। इसके कारण पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही। डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व विधायक आलोक चौरसिया की विशाल रैली ने शाहपुर-मेदिनीनगर पुल पर घंटों जाम लगाए रखा। इसी तरह, विश्रामपुर विधानसभा के प्रत्याशी और पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी की जनसभा के कारण सुधन के गायत्री मंदिर मैदान के आसपास भी दिनभर गाड़ियों का आना-जाना लगा रहा, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। अलग-अलग प्रत्याशियों के समर्थक गाजे-बाजे और विभिन्न वेश-भूषा में आए, जिससे सड़कों पर अतिरिक्त भीड़ देखने को मिली। शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन और अधिक प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने की संभावना है, जिससे शहर में जाम की स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।




## शुभम अग्रवाल हत्या मामले में चार गिरफ्तार प्रेमिका और परिवार पर हत्या का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना अंतर्गत सुआ के डीटीएस टोला में शुभम अग्रवाल की हत्या के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में विजेता कुमारी उर्फ गुड्डी (23), अनीता कुंवर (45), नितेश कुमार (19), और अजीत कुमार (26) शामिल हैं। सभी आरोपी सुआ के डीटीएस टोला के निवासी हैं।

मालूम हो कि आबादगंज निवासी स्वर्गीय संकल्प शंकर लाल अग्रवाल के 26 वर्षीय पुत्र शुभम अग्रवाल की हत्या मंगलवार रात को की गई थी, और उसका शव रेलवे पटरी के पास फेंक दिया गया था। शहर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि जांच में यह खुलासा हुआ है कि शुभम की हत्या उसकी प्रेमिका विजेता कुमारी ने अपनी मां और चाचा के साथ मिलकर की। हत्या में प्रयोग की गई कुल्हाड़ी, खून से सना तकिए का खोल, और एक मोबाइल भी घटनास्थल से बरामद किया गया है।



छापेमारी दल में शहर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के साथ पु.अ.नि रंजीत कुमार, भारत भूषण सामड़, नबी अंसारी, तेरेसा मिंज, राजमोहन राम, निरंजन कुमार, धर्मेंद्र ठाकुर, मुन्ना कुमार, गोरख मेहता, और अर्जुन राम शामिल थे।

## टाउन हॉल में मतदाता जागरूकता के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और पैनल डिस्कशन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन के नेतृत्व में गुरुवार शाम मेदिनीनगर के टाउन हॉल में मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूमिका फिल्म्स के बैनर तले पुलीन मित्रा द्वारा निर्देशित एक फिल्म और नाटक का मंचन किया गया, जिसमें मतदान के महत्व पर संदेश दिया गया। इसके अलावा, मासूम आर्ट ग्रुप ने शॉर्ट फिल्म 'अपनी सरकार' और एक अन्य नाटक प्रस्तुत किया।

दृष्टिबाधित गायक अरविंद कुमार ने अपने गीतों के माध्यम से मतदान जागरूकता का संदेश दिया। पैनल डिस्कशन में 101 वर्षीय प्रभा कुंवर, जागृति शर्मा, अनुज कुमार पाठक, साहिल, रंजीत कुमार, प्रेरणा दुबे, और राजेश मेहता ने अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का संचालन जिले के स्वीप आइकॉन सैकत चटर्जी और कवि राकेश कुमार ने किया।

### ऑटो चालकों की मतदाता जागरूकता रैली, बैनरों के माध्यम से की वोटिंग की अपील

## 13 नवंबर को अपने वोट का अधिकार जरूर निभाएं : डीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। गुरुवार को इसी क्रम में स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन के नेतृत्व में शहर के ऑटो चालक संघ ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान ऑटो एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने अपने वाहनों के पीछे मतदाता जागरूकता संदेश युक्त बैनर लगाए। इन बैनरों के माध्यम से मतदाताओं से 13 नवंबर को विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। एसोसिएशन के सैकड़ों ऑटो पर स्वीप कोषांग द्वारा दिए गए बैनर और पोस्टर लगाए गए। साथ ही, ऑटो में यात्रा करने वाले यात्रियों को भी मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और 13 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने जिले के नागरिकों से 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह आपका अधिकार है और सरकार चुनने का यह महत्वपूर्ण अवसर व्यर्थ न जाने दें। यदि मतदान प्रक्रिया से संबंधित कोई समस्या हो, तो मतदाता वीएचए एप या टोल-फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

### अधिक मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम, अति दुर्गम क्षेत्रों पर विशेष ध्यान

**मेदिनीनगर।** पलामू में 13 नवंबर 2024 को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन कई अभिनव पहल कर रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों–75-पांकी, 76-डालटनगंज, 77-विश्रामपुर, 78-छतरपुर और 79-हुसैनाबाद–में मतदान केंद्रों, प्रशासनिक भवनों और निजी संस्थानों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी खुद अति दुर्गम क्षेत्रों का दौरा कर मतदाताओं को जागरूक करने के प्रयास में लगे हुए हैं। जिन मतदान केंद्रों पर पिछली लोकसभा चुनाव में कम मतदान हुआ था, उन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि इस बार शत-प्रतिशत मतदान हो सके। शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक संस्थानों में रंगोली प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों के साथ-साथ अन्य खेल आयोजनों का भी आयोजन किया जा रहा है ताकि मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई जा सके। स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है और मतदाता शपथ दिलाई जा रही है। इसके अतिरिक्त, एलईडी वैन के माध्यम से चुनावी जागरूकता गीत और वीडियो का प्रसारण भी किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने बताया कि जिन मतदान केंद्रों पर पिछले लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत कम रहा, वहां विशेष रूप से व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, अन्य केंद्रों पर भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। इन प्रयासों से जिले में सकारात्मक माहौल बन रहा है, और मतदाताओं में जागरूकता बढ़ रही है।



# पूर्व मंत्री भानू प्रताप शाही ने किया दो सेटों में नामांकन









**नवीन मेल संवाददाता**

**बंशीधर नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी ही नहीं गारंटी की गारंटी है। नामांकन सभा में उमड़ी भीड़ यह बता रहा है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बन रही है। ये बातें स्थानीय गोसाईंबाग मैदान में आयोजित भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही के दोबारा नामांकन कार्यक्रम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्ट झामुमो की सरकार का विदाई प्रारंभ हो गया है ।23 नवम्बर को राज्य में भाजपा की सरकार बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का विजय जुलूस लोकसभा चुनाव के बाद से ही प्रारंभ हो गया है। जिसका परिणाम हरियाणा का चुनाव में हरियाणा की जनता ने भाजपा की बहुमत की सरकार बना। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ महाराष्ट्र में भी भाजपा की सरकार बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी वादा किया वह पूरा हुआ। भाजपा ने जम्मू कश्मीर से 370 हटाया, अयोध्या में रामलला का मंदिर बनवाया सहित सभी कार्य पूरे किए। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक सह भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो भवनाथपुर को अनुमंडल व बंशीधर नगर को जिला बनाएंगे। भाजपा सरकार बनते ही बंगलादेश घुसपैठियों को भगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की निकम्मी सरकार को पुरे राज्य से सफाया कर राज्य के लोगो को एक स्वच्छ और मजबूत सरकार देने का काम कीजिए। उन्होंने कहा कि इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्पित करेंगे। उन्होंने यह कमल भवनाथपुर ही नही पूरे राज्य में खिलेगा। वर्तमान हेमंत सोरेन के पांच वर्षों के कार्यकाल में जनता उब चुकी है। इसका हिसाब-किताब 13 नवंबर करने जा रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल मे भ्रष्टाचार कमीशनखोरी लूट-खसोट, बलात्कार का जनता मुहंतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। नामांकन सभा को उत्तर प्रदेश के राबट्र्सगंज विधानसभा के विधायक भूपेश चौबे, चंदौली के सांसद साधना सिंह, श्रवण सिंह गौड़, सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, राजीव रंजन तिवारी, वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, दयानंद भगत, विकाश स्वदेशी,इंद्रमणि जायसवाल, लक्ष्मण राम, अशोक सेठ, कुमार कनिष्ठ, मुकेश चौबे, विक्रांत सिंह, राजा सिंह, भाजपा नेत्री अनीता देवी, लवली आनंद, बिजया लक्ष्मी,संगीता देवी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। नामांकन सभा से पूर्व भाजपा प्रत्याशी भानू प्रताप शाही ने रोड शो किया। रोड शो भवनाथपुर मोड़ से प्रारम्भ होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा।

**युवाओं ने थामा झामुमो का दामन, हेमंत सोरेन की नीतियों से हुए प्रभावित**

**खरौंधी।** झामुमो प्रखंड कार्यालय में बुधवार को भाजपा से जुड़े युवा कार्यकर्ताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। इन युवाओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नीतियों और झामुमो की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का आयोजन झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष पुरषोत्तम प्रसाद और रिंकू बैठा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें झामुमो के जिला संयुक्त सचिव धर्मराज पासवान, प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने मुख्य भूमिका निभाई। झामुमा का सदस्यता ग्रहण करने वालों को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल होने वालों में शेषमणि यादव, असरफ अंसारी, पंकज कुमार, दिनेश कुमार, गंगेश कुमार, दीपशोना कुमार, कमलेश पासवान, जितेंद्र कुमार, रघुनाथ राम, अजित कुमार, सखी पासवान, प्रमोद कुमार, नीतीश कुमार, अकलेश राम, शिवभजन राम समेत 46 कार्यकर्ता शामिल हुए। धर्मराज पासवान ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों से झामुमो में हो रहे शामिल होने से यह साफ संकेत मिलता है कि हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।



## गिरिनाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी से किया नामांकन

**गढ़वा** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरिनाथ सिंह ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए गढ़वा विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया है। गुरुवार को नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उनके साथ मौजूद थे। गढ़वा के एसडीओ कार्यालय में जमा समर्थकों ने उत्साह पूर्वक नारे लगाए और सिंह के समर्थन में अपनी एकजुटता दिखाई। गिरिनाथ सिंह सुबह 11 बजे अपने आवास से निकले और एक बड़े काफिले के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे। रास्ते भर उनके समर्थक पार्टी के झंडे लहराते और गिरिनाथ सिंह जिंदाबाद के नारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। नामांकन दाखिल करने के बाद सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह चुनाव उनके लिए सिर्फ एक राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता की सेवा का अवसर है। उन्होंने अपने प्रमुख चुनावी मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका उद्देश्य गरीबों और किसानों के हक के लिए लड़ना है। यदि वह



विजयी होते हैं, तो प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई की व्यवस्था मुख्य रूप से शामिल होगी। क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करना और युवाओं के पलायन को रोकना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक होगा। उन्होंने यह आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने विकास के नाम पर सिर्फ वादे किए हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा से समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है, और वह उसी नीतियों को आगे बढ़ाएंगे।

### जनसमर्थन और रैली

नामांकन दाखिल करने के बाद गिरिनाथ सिंह ने शहर में रैली को संबोधित किया। रैली में बड़ी की संख्या में लोग शामिल हुए, जिसमें महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी वर्गों के लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ मेरे या मेरी पार्टी का नहीं है, यह चुनाव जनता का है। आपका हर एक वोट एक नए भविष्य की नींव रखेगा। रैली में स्थानीय समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भी अपने विचार रखे और सिंह के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि गिरिनाथ सिंह एक जुझारू और मेहनती नेता हैं। जो हमेशा से गरीबों और किसानों की आवाज बने हैं। इस दौरान गिरिनाथ सिंह ने जनता से अपील की कि वह इस चुनाव में सही फैसला लें और उनके पक्ष में वोट करें ताकि वे क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक राजनीतिक लड़ाई नहीं, बल्कि गरीबों और हाशिए पर खड़े लोगों के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने लोगों से वादा करते हुए कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो इस क्षेत्र को विकास की नई उंचाइयों तक पहुंचाएंगे। अंत में नामांकन दाखिल करने के बाद, गिरिनाथ सिंह ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर एक रोड शो भी किया, जिसमें उन्हें देखने और सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

## निर्दलीय अमितेश चौबे ने नामांकन दाखिल किया

मेराल निर्दलीय प्रत्याशी अमितेश कुमार चौबे उर्फ निक्कू ने गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से गुरुवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। निर्दलीय प्रत्याशी अमितेश कुमार चौबे ने अपने पैतृक गांव हासनदाग में मां भगवती देवी धाम से आशीर्वाद लेकर अपने समर्थकों के साथ मेराल बस स्टैंड में रोड शो करते हुए गढ़वा अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन परचा दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है। गढ़वा रंका में भ्रष्टाचार,गरीबों के हक अधिकार के लिए 5 साल वाले विधायक-मंत्री, 10 साल वाले न 25 साल वाले विधायक कभी संघर्ष किया न आवाज उठाया। इन सभी लोगों ने गढ़वा के लोगों को ठगने का काम किया। उन्होंने कहा कि लोगों का समर्थन मिला तो गढ़वा का तकदीर व तस्वीर बदल देंगे। स्वास्थ्य शिक्षा बेरोजगारी को दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि एक देश में एक शिक्षा कानून बनवाने का प्रयास करेंगे, जहां एक आम मजदूर रिक्शेवाले का बेटा पढ़ेगा, वही मंत्री, विधायक या मुख्यमंत्री का बेटा भी पढ़ेगा। नामांकन कार्यक्रम में शिवनाथ चौधरी, मुकेश ठाकुर, प्रणय चौबे, दिवाकर चौबे, प्रशांत चौबे, अनिल चौबे, पंकज चौबे, नूतन चौबे, प्रफूल चौबे, विनय चौबे, विष्णु चौबे सहित काफी संख्या में उनके समर्थक उपस्थित थे।

## बसपा प्रत्याशी ने जनसभा को किया संबोधित

**गढ़वा** शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डन में नामांकन सह जनसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और नेता उपस्थित हुए। मौके पर अजय मेटल ने जनता को संबोधित किया और अपने पक्ष में समर्थन मांगते हुए आगामी चुनाव में उन्हें वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि गढ़वा के विकास और जनता की भलाई के लिए उनका समर्थन जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान अजय मेटल ने अपने भाषण में कहा गढ़वा को विकास के नए आयाम पर ले जाने के लिए हमें आपकी मदद चाहिए। हमें उन ताकतों से लड़ना है, जिन्होंने वर्षों से गढ़वा को लूटा है और यहां की जनता को उनके हक से वंचित रखा है। अब समय आ गया है कि आप सही निर्णय लें और गढ़वा के उज्जवल भविष्य के लिए हमें एक मौका दें। कार्यक्रम में विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसकी अगुवाई प्रसिद्ध कलाकार पुष्पा राणा ने की। पुष्पा राणा ने न सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, बल्कि उन्होंने अजय मेटल के समर्थन में लोगों से वोट देने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि अजय मेटल ही वह नेता हैं जो गढ़वा को सही दिशा में ले जा सकते हैं। कार्यक्रम में अन्य नेताओं ने भी जनता को संबोधित किया।

## उड़न दस्ता टीम ने चिनियां के विभिन्न चुनाव कार्यालय का किया निरीक्षण

**चिनियां** विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरीके से सक्रिय है। जिसके तहत गुरुवार को उड़न दस्ता टीम चिनियां अंचलाधिकारी उमेश्वर यादव, राजस्व कर्मचारी विनोद दुबे, सिआइ विनोद कुमार गुप्ता ने चिनीयां के विभिन्न चुनाव कार्यालय का निरीक्षण किया। वहां निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तीजनक जनक वस्तु या झंडा पोस्टर नहीं पाए गया। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि बिना परमिशन के कोई भी झंडा या पोस्टर नहीं लगेगा। झंडा पोस्टर को लगाने के लिए परमिशन लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि पार्टी कार्यालय में बिना परमिशन का झंडा लगाया गया हैं। जब पार्टी कार्यालय पर उड़न दस्ता टीम पहुंची तो कोई भी झंडा या पोस्टर नहीं पाया है। मौके पर अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, राजस्व कर्मचारी विनोद दुबे, सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## एक नजर

### स्कूल से दो सीसीटीवी कैमरा की चोरी

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू विद्यालय में लोहे का रोशनदान तोड़कर दो सीसीटीवी कैमरा चुरा लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में विद्यालय प्रभारी अजय सेठ ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर बताया कि बीती रात लोहे का रोशनदान को तोड़कर दो सीसीटीवी कैमरा की चोरी कर ली गई है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है।

### सड़क धंसने से गिट्टी लदे हाइवा पलटा

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव में सड़क धंसने से एक गिट्टी लदे हाइवा धान की क्यारी में पलट गई, हालांकि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा छत्तीसगढ़ के रामचंद्रपुर से गिट्टी लोड कर चिनिया थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव से होते हुए दूधवल निर्माणधीन सड़क में ले जाया जा रहा था, जो रणपुरा परसुखाड़ मुख्य कच्ची सड़क को धंस जाने से हाईवा धान की क्यारी में पलट गई। हाईवा रंका थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव निवासी मोरसलीम शशि की बताई गई।

## इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को नजर अंदाज कर रहे हैं चिकित्सक

### मरीजों के इलाज के बजाय डॉक्टर ड्यूटी के समय करते है आराम



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में चिकित्सकों की कार्यशैली को लेकर गंभीर आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों का कहना है कि चिकित्सक इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को नजरअंदाज कर रहे हैं। मरीजों के इलाज के बजाय, वे ड्यूटी के समय आराम करते हैं, खासकर रात के समय नाइट ड्यूटी में। कई बार गंभीर मरीजों को देखने के बजाय उन्हें अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है।

**चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप :** परिजनों का आरोप है कि जब भी वे चिकित्सकों से मरीज को देखने की गुहार लगाते हैं, तो चिकित्सक इलाज में तत्परता दिखाने के बजाय मरीज को रेफर करने का विकल्प चुनते हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब मरीज की हालत गंभीर होती है और उसे त्वरित इलाज की आवश्यकता होती है। एक मरीज के परिजन ने बताया, रात को जब हम अपने गंभीर रूप से बीमार रिश्तेदार को लेकर इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, तो वहां मौजूद चिकित्सक आराम कर रहे थे। हमारी बार-बार की अपील के बाद भी उन्होंने सही तरीके से जांच नहीं की और कुछ ही देर बाद मरीज को बिना उचित इलाज दिए बड़े अस्पताल रेफर कर दिया।

**नाइट ड्यूटी में भी लापरवाही**

रात की ड्यूटी में चिकित्सकों के आराम करने और अपनी ड्यूटी से बचने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, रात के समय ड्यूटी पर कोई चिकित्सक आसानी से नहीं मिलता। हमें खुद डॉक्टर को जगाना पड़ा, लेकिन उन्होंने बिना सही इलाज किए हमारे मरीज को दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया।

### चिकित्सक अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहें हैः सीएस

इस संबंध में सदर अस्पताल में चिकित्सकों की गैरमौजूदगी और लापरवाही के आरोपों के बीच, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने चिकित्सकों का बचाव करते हुए कहा कि चिकित्सक अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं, और कई बार परिस्थितियों की वजह से उन्हें मरीजों को रेफर करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि नाइट ड्यूटी के दौरान चिकित्सकों पर लगाए जा रहे आरोपों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सेवाओं में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके बावजूद, स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों का कहना है कि चिकित्सकों की लापरवाही साफ तौर पर देखी जा सकती है, और सिविल सर्जन का बयान इस समस्या को हल करने के बजाय चिकित्सकों के पक्ष में झुकाव दिखाता है।

### रेफरल की बढ़ती घटनाएं

सदर अस्पताल में रेफरल की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। अस्पताल के चिकित्सक मामूली इलाज के मामलों में भी मरीजों को बड़े अस्पतालों में भेज रहे हैं। इस वजह से मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक और मानसिक रूप से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर, दूर-दराज के इलाकों से आने वाले गरीब और ग्रामीण मरीजों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो जाती है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से उचित कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अस्पताल में लापरवाह चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं ताकि इमरजेंसी सेवाओं में सुधार हो सके और मरीजों को समय पर सही इलाज मिल सके।

## न्यूज बॉक्स

### स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

**रमना।** प्रखंड में चलाए जा रहे स्विप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय व बुल्का में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर स्वीप कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी ने बैनर के साथ युवा महिला मतदाताओं को मतदान के प्रेरित किया गया। महिलाओं से अपील की कि अपना बहुमूल्य वोट द्वारा एक मजबूत सरकार बना सकते है। कहा कि वृद्ध, दिव्यांग,गर्भवती मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। यहां 85 प्लस वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं जा सकते हैं,उनके लिये बैलेट से मतदान की व्यवस्था, गर्भवती महिला एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों तक जाने के लिए ऑटो की व्यवस्था की गई है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मतदान के प्रति जागरूक करते हुए ईवीएम व वीवीपैट,सीयू का विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर प्रखंड कर्मी जेएसएलपीएस, बीपीएम ग्रिजेश शर्मा,कनीय अभियंता रवि कुमार,विनोद कुमार दास सहित विद्यालय के शिक्षिकाएं सहित सैकड़ों छात्राएं मौजूद थे।

### मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का किया जा रहा वितरण

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के 44856 मतदाताओं के बीच निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पर्ची का वितरण शुरू हो चुका है। सभी 48 बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण कर रहे हैं। इस पर्ची में मतदाता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है, जैसे मतदान केंद्र का नाम, मतदाता सूची में क्रम संख्या, इपिक नंबर आदि।खरौंधी प्रखंड के बीपीआरओ उमेश कुमार ने बताया कि मतदाता पर्ची से लोगों को मतदान के दिन अपना मतदान केंद्र ढूंढने और अन्य जानकारी प्राप्त करने में आसानी होती है, जिससे मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके। 13 नवंबर को प्रखंड के 48 मतदान केंद्रों पर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। सभी बीएलओ को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है कि हर मतदाता तक पर्ची समय पर पहुंचे, ताकि उन्हें मतदान के दौरान कोई कठिनाई न हो। सभी 48 बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में अर्धवार्षिक परीक्षाफल घोषित

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में अर्धवार्षिक परीक्षाफल वितरण का शुभारंभ भारत माता, ॐ और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप जला कर और पुष्प अर्पित कर विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल और सह सचिव व पूर्व छात्र चंदन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि छह महीने के परिश्रम का फल आज परीक्षाफल के रूप में आप सबों को मिल रहा है, परिणाम सबका अच्छा है, लेकिन उसी में गुड, बेटर, बेस्ट होता है, आप सब बेस्ट बनने का प्रयास करें। अभी से ही अपना एंबीशन निर्धारित करेंगे तो मुकाम को निश्चित रूप से हासिल करेंगे। भैया-बहनों से भी लक्ष्य के बारे में जानकारी लिए। आचार्य, दीदी, भैया, बहन व अभिभावकों के परिश्रम का ही यह परीक्षाफल है। कक्षा अरुण में प्रथम आर्यन कुमार 88.8 प्रतिशत,कक्षा उदय में प्रथम लवली तिवारी 88.6 प्रतिशत रही। आदित्य कुमार गुप्ता 85 प्रतिशत, अभिनव राज 88 प्रतिशत, अलीना रानी 84.57 प्रतिशत, अक्षय कुमार 72.5 प्रतिशत, आयुष गुप्ता 83.33 प्रतिशत, संप्रीति सिन्हा 86.56 प्रतिशत, अर्णव राज पांडेय 87.33 प्रतिशत, कर्णिका कुमारी 74.67 प्रतिशत, राज सौरभ तिवारी 74.89 प्रतिशत, वैष्णवी कुमारी 91.44 प्रतिशत, उत्सव राज 87.22 प्रतिशत, प्राची कुमारी 91.44 प्रतिशत, जैश कुमार 88.8 प्रतिशत, स्नेहा कुमारी गुप्ता 95.6 प्रतिशत, सुमित कुमार 93.8 प्रतिशत, रिऋ्घ चौबे 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। बेहतर स्थान प्राप्त करने वालों को प्रगति पत्र अतिथियों द्वारा दिया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया।

## विस चुनाव

### एसपी ने चिनियां स्थित झारखंड छत्तीसगढ़ अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

# संदिग्ध लोगों से सख्ती से पूछताछ करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने गुरुवार की देर शाम चिनियां थाना क्षेत्र स्थित खुरी कनहर नदी गायघाट पर पहुंचकर खुरी बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। वहां चेक पोस्ट पर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। चेक पोस्ट पर आवाजाही करने वाले वाहन की जांच एवं संदिग्ध लोगों से सख्ती से पूछताछ करने का निर्देश दिया। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि चुनाव आयोग की अधिसूचना के बाद विधान सभा चुनाव को लेकर पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। विधानसभा चुनाव को संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने बताया कि चेक पोस्ट से गुजरने वाले सभी तरह के छोटे-बड़े वाहनों की जांच करने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न हो। एसपी ने चेक पोस्ट पर उपस्थित पदाधिकारी को वाहनों की जांच बारीकी से करने का निर्देश दिया। मौके पर चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार व कई पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे ।




### सीओ व थाना प्रभारी ने विभिन्न बालू घाटों का जांच किया

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलान पंचायत के सुरक्षित वन क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू का अवैध खनन कर बालू बेचे जाने की सूचना के बाद गुरुवार को अंचलाधिकारी शंभू राम व थाना प्रभारी रजनी रंजन ने पुलिस बल के साथ अवैध खनन किए जाने मामले की जांच की। इस दौरान पदाधिकारियों ने कैलान के खडार नदी, झोंक नदी से बालू माफियाओं द्वारा अवैध ढंग से किए जा रहे बालू खनन की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों से ली। इन नदियों से हो रहे बालू के अवैध खनन कर ट्रैक्टरों से उठाव व नदियों के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की बात कही।

# संवेदनहीन है हेमंत सरकार व स्थानीय विधायक : प्रकाश राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के लातेहार विधानसभा प्रत्याशी प्रकाश राम ने गुरुवार को नामांकन के छठे दिन नामांकन अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में उन्होंने राज्य के हेमंत सरकार और स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लातेहार विस क्षेत्र में जो पिछले पांच साल पहले विकास को गति दी थी, उसे निर्वमान विधायक बैद्यनाथ राम ने पटरी से उतार दिया। राज्य के शिक्षा मंत्री होने के बाद भी लातेहार विधानसभा में एक डिग्री कॉलेज नहीं खुलवा पाएं तो इनसे क्या आशा की जा सकती है। लातेहार में दो बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई है, लेकिन उसमें शिक्षा या पठन-पाठन का कार्य नहीं हो रहा है। जिला में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की कमी है। भाजपा की सरकार बनी तो समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता लातेहार जिले के विकास को बढ़ावा देना है। हम यहां के लोगों के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने राज्य सरकार पर भी जमकर हमला बोला और कहा कि राज्य सरकार ने लातेहार जिले के विकास के लिए कुछ नहीं किया है। उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। अपराधी बेलगाम हो गये है, जिसका नतीजा है कि मां बहन सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रही है। आदिवासी के हितों कि बात करने वाली हेमंत सरकार आज आदिवासियों कि हितों की रक्षा और सुरक्षा नहीं कर पा रही है, जिसका जीता जागता उदहारण बालूमाथ में है जहां आदिवादियों पर हमले हुए हैं। राज्य में शिक्षा का स्तर भी काफी अच्छी नहीं है।

## रोड शो के बहाने ताकत दिखाई



**लातेहार।** रोड शो के बहाने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रकाश राम व महागठबंधन के झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बैजनाथ राम ने अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ नामांकन प्रक्रिया से पहले ताकत दिखायी। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रकाश राम धर्मपुर स्थित पुराना पुलिस लाइन से अपने समर्थकों के साथ जनसभा कर रोड शो किए, वहीं महागठबंधन वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने बाजार स्थित अपने समर्थकों के साथ जनसभा कर रोड शो किया। दोनों उम्मीदवार अपने-अपने शक्ति प्रदर्शन करते हुए लातेहार अनुमंडल कार्यालय पहुंचाकर पर्चा दाखिल किया।

## भाजपा ने छला, गठबंधन सरकार दे रही मां बहनों को उचित सम्मान : बैद्यनाथ राम



**लातेहार।** विधानसभा चुनाव के नामांकन के छठे दिन गुरुवार को लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य के शिक्षा मंत्री सह झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने पर्चा दाखिल किया। पर्चा दाखिल करने के बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए हुए पूर्व की रघुवर सरकार पर जमकर हमला बोला और राज्य के हेमंत सरकार के किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज राज्य में महिलाओं को सम्मान मिला। युवाओं को रोजगार मिला। भाजपा सरकार केवल बातें करती रहीं और कुछ किया नहीं, जब आज सरकार राज्य का चहुंमुखी विकास कर रही है तो भाजपा के पास कुछ बोलने के लिए बचा नहीं, तो उनके नेताओं के द्वारा अनाप-सनाप बयानबाजी किया जा रहा हैं। हमारी सरकार ने गरीबों को अबुआ आवास मुहैया करा रही है। गरीबों के लिए रोजगार का सृजन कर रही है। राज्य में तेजी से सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ा जा रहा है। आज राज्य में चिकित्सा सेवा बेहतर हुआ है। गरीबों को सही समय से अनाज मुहैया कराया जा रहा है। इससे पूर्व आज हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता जिला मुख्यालय के बाजारटांड में जुटे। वहां से जुलूस की शक्ल में निकल अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। वहां पर झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने अपना नामांकन का पर्चा भरा। मौके पर युवा नेता अंकित पांडेय, प्रभात कुमार, उज्जवल पांडेय, आफताब आलम, विनोद महल्लका, कौशल पांडेय, वारिस अंसारी, आनंद कुमार, मोतीलाल नाथ शाहदेव सहित हजारों की संख्या में महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल माजूद थे।

## गठबंधन की सरकार फिर से बनने जा रही : धीरज साहू



**महुआडांड़।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक प्रत्याशी रामचंद्र सिंह अनुमंडल कार्यालय में नामांकन के बाद डूबकी चर्च ग्रीन पार्क महुआडांड़ स्थित सभा स्थल पर पहुंचे। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू थे। धीरज साहू ने कहा कि रामचंद्र सिंह सरल स्वभाव के व्यक्ति है। सभी समाज के लोगों के हित में काम करते हैं। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में जैसा विकास का कार्य किया है, वैसा कार्य किसी भी विधानसभा में नहीं हुआ है। मनिका ही नही पूरें झारखंड भर में लोकप्रिय है। गठबंधन की सरकार फिर झारखंड की सत्ता में आ रही है। रामचंद्र सिंह को अपना आशीर्वाद दे। किसी के बहकावे में नहीं आना है। मौके पर हरिराम चेरो, कांग्रेस के पूर्व विधायक सोनभद्र यूपी, पीएन मिश्रा जिला सचिव, विजय यादव प्रभारी मनिका, विकास सिंह प्रभारी पांकी, कांग्रेस वरिष्ठ नेता नसीम अंसरी, इफ्तेखार अहमद, अजित पाल कुजूर, रामनरेश ठाकुर, किशोर तिर्की, अभय मिंज समेत भारी संख्या में कार्यरता मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी ने सिमरिया व लोजपा प्रत्याशी ने चतरा से किया नामांकन





**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/सिमरिया।** भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास ने गुरुवार को सिमरिया अनुमंडल कार्यालय स्थित निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी (आईएएस) सन्नी राज के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने चतरा विधानसभा से अपना नामांकन निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम के समक्ष दाखिल किया। दोनों प्रत्याशी गाजे-बाजे के साथ अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। इस दौरान चतरा में थाना मैदान में तथा सिमरिया में रेफरल अस्पताल के पास खादी ग्राम बोर्ड के मैदान में सभा का आयोजन किया गया। सिमरिया प्रत्याशी उज्जवल दास ने अपने दिवंगत पिता उपेंद्र नाथ दास के तरह क्षेत्र के विकास के लिए काम करने व बेटा बनकर हमेश क्षेत्र के लोगों सुख दुःख में भागीदार बनने की बात कहते हुए सेवा का एक मौका मांगा। थाना मैदान चतरा में आयोजित सभा में लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने बीते पांच वर्ष से रुके विकास कार्यों को गती देने के साथ लोगों के हीत में कार्य करने के लिए जनता से मौका मांगा। इसके अलावा बसपा, सीपीआई, आजसू के अशोक गहलोत ने चतरा से निर्दलीय नामांकन किया। प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान शहर में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। सड़कों पर वाहनों और व्यक्तियों के काफिले से आवागमन घंटो व्यस्त रहा।

एनडीए के नामांकन में लोजपा सुप्रीमो सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान हुए शामिल, कहा-

# जहां के मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाना पड़ता है, ये शर्म की बात है



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/सिमरिया।** एनडीए प्रत्याशियों के लिए चतरा में थाना मैदान व सिमरिया में खादी ग्राम बोर्ड के मैदान में सभा का आयोजन किया गया। दोनों सभाओं में लोजपा सुप्रीमो सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल हुए। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएं ताकि राज्य का विकास तीव्र गति से हो सके। आपके ही वोट का कमाल है कि आज भारत पूरे विश्व में मजबूती के साथ खड़ा है। केंद्र की सरकार ने महिलाओं के लिए शौचालय बनवाए, गरीब एवं लाचार लोगों की स्वास्थ्य के लिए 5 लाख तक के इलाज की व्यवस्था आयुष्मान कार्ड के तहत किया ताकि पैसे के अभाव में कोई लाचार अपना इलाज करने से वंचित न रहे। विश्व में सबसे अधिक बड़ी योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया जा रहा है। साथ ही 500 वर्षों तक प्रभु श्री राम टेंट में रहें, लेकिन अब उनके लिए भव्य मंदिर का निर्माण प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किया जा सका है। उन्होंने कहा कि न भारत का संविधान खतरे में है और ना ही आरक्षण। अगर आपको कोई बहकाता है तो उसके बहकावे में ना आएं और एनडीए के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजय बनाएं। सिमरिया में कार्यक्रम को प्रखंड अध्यक्ष दया निधि सिंह, नरेश सिंह, अनामिका देवी, सुजीत भारती, विनोद बिहारी पासवान, रजनी कांत सिन्हा सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वहीं चतरा में भाजपा जिलाध्यक्ष आदि ने सभा को संबोधित किया।

## न्यूज बॉक्स

### शरीर में कमल फूल बनाया, युवक नामांकन में बना आकर्षण का केंद्र



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में भाजपा प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास के नामांकन कार्यक्रम में पत्थलगड़ा निवासी सिकंदर कुमार आकर्षण का केंद्र बना रहा। युवक अपने शरीर पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल फूल बनाए हुए था। अपनी पीठ पर भाजपा प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास का नाम लिखे हुए था। कार्यक्रम के दौरान सभी की नजरें युवक की तरफ ही जा रही थी।

### आठ दिनों से लापता ग्रामीण, थाना से खोजने की गुहार



**हेरहंज।** थाना के सलैया पंचायत की चाई ग्राम निवासी प्रेम यादव उम्र 49 वर्ष पिछले आठ दिनों से लापता हैं। प्रेम यादव के पुत्र बबलू कुमार यादव ने बताया कि उनके पिता प्रेम यादव हजारीबाग के रामनगर में कमरा लेकर काम करते थे,अन्य साथियों के साथ 16 अक्टूबर को हजारीबाग स्थित पांच मंदिर के पास काम करने के लिए निकले थे। उसके बाद वह अपने घर या रामनगर स्थित कमरा में नहीं पहुंचे। संबंधियों के साथ में काम करने वाले अन्य व्यक्तियों द्वारा खोजबीन किया गया, लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। इसके बाद हेरहंज व हजारीबाग मुख्यालय के सदर थाना में अलग-अलग आवेदन देकर लापता प्रेम यादव को खोजने की गुहार लगाई है।

### पशु लदे ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मिशन स्कूल के समीप बने चेक पोस्ट का बैरियर गुरुवार की सुबह एक पशु लदे ट्रक ने क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के वक्त वहां मौजूद कर्मियों की जान बाल बाल बच गई। हालांकि अगले चेक पोस्ट पर वाहन चालक गाड़ी खड़ी कर फरार हो गया, जिसे पुलिस अपने कब्जे में कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह मिशन स्कूल के समीप बने चेक पोस्ट पर सीआरपीएफ 16 बटालियन के जवान व पुलिस के जवान विधानसभा चुनाव को लेकर वहां से गुजर रहे वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान लातेहार की ओर से एक पशु लदे ट्रक तेज रफ्तार में आया और बैरियर को तोड़ते हुए फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने उस ट्रक का पीछा किया, हालांकि साईं नर्सिंग होम के समीप बने चेक पोस्ट पर वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि उक्त ट्रक में गौ वंसीय पशु लदा था। पुलिस द्वारा पशुओं को लुकुईया स्थित आश्रम में सुपुर्द कर वाहन को अपने साथ थाना ले गई।

### मतदाता जागरूकता शपथ के माध्यम से छात्राओं को किया गया जागरूक




**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निदेशानुसार स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, डीपीएम जेएसएलपीए के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, बाजकुम, लातेहार में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता शपथ का आयोजन कर छात्राओं को मतदान के महत्ता के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा फर्स्ट टाइम वोटर्स की श्रेणी में आ रहे युवा मतदाताओं को विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में 74 लातेहार विधानसभा, 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए 13 नवंबर को मतदान कर जागरूक किया गया। इस दौरान वोट करेगा लातेहार, 13 नवंबर, चुनाव का पर्व देश का गर्व, आईएम रेडी टू वोट संबंधित मतदान नारों का उदघोष किया गया।

# अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप स्थित अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग के द्वारा गुरुवार को कामता पंचायत के हिसरी गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राएं,एएनएम के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर में 47 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि उक्त स्वास्थ्य शिविर 30 अक्टूबर तक जारी रहेगा, जिसमें अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग के आस-पास के गांवों में मेडिकल सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान करना है। शिविर में कॉलेज के शिक्षक टीशु कुमार, विकास कुमार, संजीत कुमार, सुनील कुमार, शिक्षिका सोनी कुमारी, नीलिमा कुमारी, जूही, सुनीता कुमारी आदि शामिल थे।

# भाड़ा वृद्धि समेत अन्य मुद्दों को लेकर हाइवा वाहन मालिकों की बैठक

**कोल ढुलाई से पूर्व ट्रांसपोर्टिंग कंपनी को भेजा 10 सूत्री प्रस्ताव**



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** सेरनदाग में गुरुवार को भाड़ा वृद्धि समेत अन्य मुद्दों को लेकर आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित हाईवा एसोशिएशन की बैठक हुई। बताया गया कि पीएनएम तथा ओड़िसा स्टीवडोर्स लिमिटेड (ओएसएल) नामक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी एनटीपीसी पावर प्लांट टंडवा तक कोयले की ढुलाई का टेंडर लेकर आई है। वहां कोल परिवहन के संदर्भ में वाहन मालिकों ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुवे 10 सूत्री प्रस्ताव संबंधित ट्रांसपोर्टिंग कंपनी को भेजने का निर्णय लिया। पारित प्रस्तावों में ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा प्रति टन ढुलाई का भाड़ा न्यूनतम 190 रुपया देने, बाहरी गाड़ियों की इंट्री पर रोक लगाने, भाड़ा भुगतान महीने में तीन बार करने, डंप यार्ड से ही कोयला उपलब्ध कराने, कांटा घरों की संख्या कम से कम 4 रखने,कोल वाहनों के लिए डीजल की व्यवस्था पेट्रोल पंप से हीं करने, कोयले की ढुलाई में शार्टेज मनी नहीं काटने, एशोसिएशन द्वारा चयनित वाहनों को हीं लोडिंग में लगाने तथा काम शुरू होने से पहले लिखित सहमति पत्र बनाने की मांग की गई है। जानकारी देते हुवे संघ के अध्यक्ष बिजय साहु ने बताया कि उक्त मांगों पर अगर कंपनी सार्थक पहल करती है तभी वाहन मालिक कोयले की ढुलाई करेंगे। मौके पर गणेश कुमार,सुरेश साहु, रंजीत महतो, ईश्वर साव, जितेन्द्र कुमार, मोहन साव, कामेश्वर महतो, हेमराज कुमार, आशुतोष पांडेय समेत कई मौजूद थे।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार**
**(निर्वाचन शाखा)**

**आम सूचना**

लातेहार जिला के सभी मतदाता/राजनीतिकदल एवं बी0एल0ओ0 कृपया ध्यान दें

1. विधान सभा आम चुनाव 2024 के क्रम में मतदाता सूची में दर्ज आपकी विवरणी के अनुरूप मतदाता पर्ची एवं पर्चीरजिस्टरले कर संबंधित मतदान केन्द्र के बी0एल0ओ0 आप के घर तक आयेंगें एवं आपको पर्ची उपलब्ध करायेंगे। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण दिनांक 30.10.2024 से 08.11.2024 तक की जायेगी।
2. संबंधित वोटर अपना वोटर पर्ची प्राप्त करते हुए बी0एल0ओ0 के पास उपलब्ध पर्चीर जिस्टर पर अपना पूर्ण हस्ताक्षर करेंगे।
3. आप सभी मतदाताओं से अपील है कि अपने बी0एल0ओ0 से मतदाता सूचना पर्ची अवश्य प्राप्त करलें, ताकि मतदान के दिन अपने मतदान केन्द्र एवं वोटर विवरणी के लिए परेशान न होना पड़े।
4. यदि किसी परिवार का कोई सदस्य एक–दोदिन के लिए बाहर गया है तो परिवार के मुखिया (माता/पिता) उसका वोटर पर्ची प्राप्त करेंगे, लेकिन पर्चीरजिस्टर पर अपने हस्ताक्षर के साथ वोटर से संबंध का भी उल्लेख करेंगे।

नोट :–

- **सभी राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों/कार्यकर्त्ताओं से अपील है कि मतदाता सूचना पर्ची के संदर्भ में आमलोगों को भी अपने स्तर से जानकारी देंगे।**
- **सभी बी0एल0ओ0 को निदेशित किया जाता है कि, निर्धारित अवधि के बीच शत् प्रतिशत मतदाताओं को पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे एवं इसके एव जमें पर्चीरजिस्टर में हस्ताक्षर प्राप्त करेंगे।**

मतदाता पर्ची वितरण में शिकायत हो तो जिला मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम 06565–247981 एवं मतदाता सहायता केन्द्र के टॉलफ्री नंबर– 1950 में फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 339487 Election(24-25)#D


# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरुकता को बढ़ावा देने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में स्वीप कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कमेटी के सदस्यों ने विधान सभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार करने पर चर्चा की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी के सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्यों का निर्वहन बेहतर तरीके से करना सुनिश्चित करेंगे। स्वीप कोर कमेटी का मुख्य उद्देश्य है कि कोई मतदाता छूटे न व शत-प्रतिशत मतदाता मतदान की प्रक्रिया में भाग लें। जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वीप कोषांग के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से फर्स्ट टाइम वोटर्स, दिव्यांग, बुजुर्ग व प्रवासी मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की मतदान के प्रति सकारात्मक प्रभाव पड़े तथा युवा मतदाता मतदान के लिए अपने घरों से निकल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करें। उपायुक्त ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान केंद्र पहुंच पाने में असमर्थ वृद्ध 85 प्लस आयु वर्ग विकलांग 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता लोगों के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि वैसे दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र आने में समर्थ है वह मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करें यह सुनिश्चित हो। उपायुक्त ने स्वीप कोर के सदस्यों को कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र को चिन्हित कर वहां अधिकांश स्वीप गतिविधियों जैसे नुक्कड़ नाटक, शपथ, पेंटिंग, रंगोली, हस्ताक्षर अभियान, शपथ कार्यक्रम, क्विज आदि का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी - सोशल मीडिया पब्लिसिटी पदाधिकारी सुधा राज, कमेटी के सदस्य नवल किशोर, कंचन कुमारी, आशीष टैगोर उपस्थित थे।

## सामान्य प्रेक्षक पहुंचे चतरा लेखा व्यय कोषांग व वज्रगृह का किया निरीक्षण

**चतरा।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने 27 चतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक अमरुतेश कालिदास की प्रतिनियुक्ति की गयी है। कालिदास का आगमन गुरुवार को चतरा परिसदन में हुआ है। वहां उपायुक्त रमेश घोलप व एसपी विकास कुमार पांडेय ने शिष्टाचार भेंट किया। इसके उपरांत सामान्य प्रेक्षक ने चतरा कॉलेज चतरा में बनाए गए वज्रगृह एवं विकास भवन में संचालित लेखा व्यय कोषांग का निरीक्षण किया गया। सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव आदि को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य सम्बंधित उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा**

**आम सूचना**

दीपावली एवं छठ पर्व को देखते हुये गढ़वा नगर परिषद, क्षेत्रान्तर्गत साफ–सफाइ, लाईटों की मरम्मति एवं चापानल/जलापूर्ति से संबंधित कार्य हेतु निम्नांकित हेल्पलाईन नम्बर जारी किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| कमांक | कार्य | कर्मी का नाम | पदनाम | मो0 नं0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | साफ–सफाई कार्य | श्री ब्रजेश कुमार<br>श्री विजय पाल | सफाई मेठ | 8102250910<br>7903237839 |
| 2 | लाईटों की मरम्मति | श्री पंकज कुमार | स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर | 9829703046 |
| 3 | चापानल/जलापूर्ति से संबंधित कार्य | श्री प्रेम कुमार सिद्वार्थ | कनीय अभियंता | 6202571082 |

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा।

PR.NO.339483 Urban Development(24-25):D





# विधानसभा चुनाव : रामेश्वर उरांव, नीरू शांति भगत, राजपति देवी समेत सात ने किया नामांकन दाखिल

**लोहरदगा।** विस चुनाव के चालू नामांकन के छठे दिन गुरुवार को कुल 07 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। सभी अभ्यर्थियों ने अमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निवार्ची पदाधिकारी,72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं 03 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र क्रय किया है।

नामांकन भरने वाले अभ्यर्थियों में निर्दलीय प्रत्याशी बीरेंद्र उराँव, पिता- शिवशंकर उराँव, कांग्रेस पार्टी से डॉ रामेश्वर उराँव, पिता-महावीर उराँव, आजसू पार्टी से नीरू शांति भगत, पति - स्व० कमल किशोर भगत, भारतीय आदिवासी पार्टी से अवधेश उराँव, पिता-सुकरा उराँव, भारतीय जन जागरण गांधीवादी पार्टी से राजपति देवी, पति - विजय महतो, झारखंड पीपुल्स पार्टी से अनिल कुमार भगत, पिता- लखन भगत, और निर्दलीय प्रत्याशी सनिया उराँव, पिता - खिलपतिया उराँव ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। वही तीन व्यक्तियों ने नामांकन पत्र क्रय किया है। जिसमे राजेश लोहरा, किशोर उराँव व संजीव कच्छप शामिल हैं।

## कुल देवता से आशीर्वाद लेने के बाद नामांकन करने पहुंची नीरू



नीरू शांति के नामांकन में शामिल हुई सुदेश महतो की पत्नी नेहा महतो

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**


एनडीए के प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व नीरू शांति भगत ने अपने कुल देवता जिंगी गांव जाकर नमन की। तत्पश्चात स्वर्गीय कमल किशोर भगत के स्मारक में श्रद्धा सुमन अर्पित की। उसके बाद शिव मंदिर ,हनुमान मंदिर गुदरी बाजार ,झखरा कुंबा, बाबा दुखान शाह के मजार तथा बाबा मठ में माता टेक कर जीत की दुआ मांगी।

जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की धर्मपत्नी नेहा महतो उपस्थित हुई। नेहा महतो ने कहीं कि आज आप लोग का प्यार और आशीर्वाद देखकर मुझे बहुत ही अच्छा लगा। आप लोगों का प्यार देखकर लग रहा है कि, एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत निश्चित है। कहा कि यहां के भी वर्तमान विधायक झारखंड के वित्त मंत्री रहते हुए लोहरदगा विधानसभा के लिए कोई भी कार्य अच्छा नहीं किया। जो आज का भीड़ बता दिया कि वर्तमान विधायक से यहां से जनता काफी गुस्सा में है। इन्होंने आदिवासी ,अल्पसंख्यक ,या किसी भी जाति के लिए कोई अच्छा कार्य नहीं किया। इन्होंने सिर्फ अपना विकास किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि यहां के विधायक सिर्फ अपना विकास किए हैं। जनता त्रस्त नेता मस्त वाली कहावत चरितार्थ कर गए। अभी समय है झामुमो , कांग्रेस , राजद की सरकार को उखाड़ फेंकना है भाजपा एवं आजसू पार्टी मिलकर सरकार को उखड़ फेंकेंगे। सभा को संबोधित करने वालों में आजसु पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, सूरज अग्रवाल ,केंद्रीय महासचिव अंजू देवी ,भाजपा के राज किशोर महतो, बृज बिहारी प्रसाद, त्रिवेणी दास, चंद्रशेखर अग्रवाल ,अजय पंकज ,भाजपा के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी श्रीमती सुनीता सिंह ,जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी, आजसु पार्टी के मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह ,जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ,केंद्रीय सदस्य जहांगीर आलम ,केंद्रीय सचिव राम लखन प्रसाद, महिला अध्यक्ष अनीता साहू मालती टोप्पो ,अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, नगर अध्यक्ष अशोक साहू ,कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, बैजनाथ प्रसाद, भाजपा के नगर अध्यक्ष सचिन साहू अजातशत्रु ,वाल्मीकि कुमार ,सजल कुमार, पशुपति नाथ पारस, सत्यम कुमार ,राज साहू ,सहित एनडीए के सैकड़ो भाजपा तथा एनडीए के नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन उम्मीदवार डॉ रामेश्वर उरांव ने किया नामांकन दाखिल

# मुझे मेरे कार्यों के बदौलत दोबारा मिलेगी जीत : रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने अनुमंडल कार्यालय (निर्वाचन ऑफिस) पंहुचकर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं अपने कार्यकताओं के साथ में झखरा कुम्बा पंहुचकर सरना स्थल में माथा टेक पूजा अर्चना किए। इसके साथ ही हजरात बाबा दुखनःशाह मजार शरीफ पंहुच चादरपोसी एवं दुवा किए। साथ ही हनुमान मंदिर पंहुच पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए एवं सभी ने एक साथ जीत की दुआ मांगी। इसके साथ ही नामांकन करने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन दाखिल करने पंहुचे। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्यासी का स्वागत कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन दल के विभिन्न पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा अपने प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। ढोल नगाड़ा झंडा लेकर कचहरी मैदान लोहरदगा में सभा किया गया। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज विधानसभा चुनाव में हम हक के साथ अपने क्षेत्र के जनता के पास जाकर अपनी जनकल्याणकारी योजना को बदलते हुए अपना कार्य करेंगे और निश्चित तौर पर जो विकास का कार्य है हमारी सरकार हमारे विधायक के कार्यकाल में किया गया। उन सभी कार्यों से आज हमें फिर से इस विधानसभा चुनाव में विजय प्राप्त होगी और पूर्व की भांति अधिक मतों से इस चुनाव में जीत हासिल होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने किया।मौके पर छतीसगढ़ प्रभारी अमरजीत भगत, पूर्व विधायक विनय भगत, आलोक दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, राजेश कुमार छोटू, जे एम एम के अध्यक्ष मोज्मिल अहमद, माले महेश सवारियां समेत कांग्रेस के सभी प्रखंड के अध्यक्ष, सभी सम्मानित प्रकोष्ठ के पदधिकारी, सभी विंग के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सभी प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष, समेत कंग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित हुवे।

### हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने का काम करेंगे : सुखदेव भगत

लोकसभा सांसद सह पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा कि जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में हम सभी जीत हासिल किए हैं। इसी प्रकार इस विधानसभा चुनाव में हम सभी को एक होकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना होगा और एक बार फिर झारखंड में विकास की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने का काम करेंगे।

### जनता हमेशा कांग्रेस को अपना आशीर्वाद देती है : धीरज साहू

पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहब ने कहा लोहरदगा कांग्रेस यह यहां की जनता हमेशा कांग्रेस को अपना आशीर्वाद देती है हम सभी कांग्रेस कार्यकताओं को एक बार फिर अपनी ताकत को दिखाते हुए जिस प्रकार अगली बार 2019 में भारी मतों से अपने भी प्रत्याशी को विजय बनाएं इस बार उससे अधिक मतों से विजय बनाने का कार्य

### लोहरदगा की धरती कांग्रेस की है, विजयश्री जरूर मिलेगी : केशव महतो कमलेश

सभा कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के केशव कमलेश कमलेश ने कहा की लोहरदगा विधानसभा के प्रत्याशी कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा नामांकन आज किया गया। जो एक विजय का शंखनाथ है । लोहरदगा की धरती कांग्रेस की है जिसका उदाहरण आज हमारे बीच कांग्रेस का सांसद और विधायक दोनों है। कार्यकताओं को कहा की अपना कांग्रेस का वर्चस्व इंडिया गठबंधन का वर्चस्व यहां बनाए रखें। और फिर एक बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनाए।

## जिले का संपूर्ण विकास करना मेरा मुख्य मुद्दा : राजपति देवी



**लोहरदगा।** भारतीय जन जागरण गांधीवादी पार्टी की प्रत्याशी राजपति देवी ने गुरुवार को एसडीओ कार्यालय पहुचकर अपना नामांकन दाखिल की। उन्होंने निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ अमित कुमार के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पूर्व राजपति देवी ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की। वही महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद जुलूस की शक्ल में राजपति देवी के समर्थकों ने नारा बुलंद करते हुए एसडीओ कार्यालय पहुचे। मीडियाकर्मियों से रूबरू होते हुए राजपति देवी ने कहा कि मैं जिले के विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ने मैदान में उतरी हूं। कहा कि झारखंड अलग राज्य बने हुए लगभग 24 साल हो गया है। बावजूद इसका अपेक्षित विकास नही हो पाया है। लोहरदगा जिले से लोग रोजगार की तलाश में बाहर पलायन को मजबूर हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। इन सभी मुद्दों को लेकर मैं चुनाव मैदान में उतरी हूं। जहाँ तक बात आती है महिला सुरक्षा की तो झारखंड में आये दिन महिला हिंसा की घटना होते रहती है। महिला की आबरू की रक्षा करना जरूरी है। यहाँ पर धर्मांतरण बहुत बड़ा मुद्दा है। इसके रोकथाम के प्रयास किये जायेंगे। इस चुनाव में मेरी जीत होती है तो स्थानीय मुद्दों पर फोकस करते हुए कार्य किया जाएगा। इस मौके पर विजय प्रजापति, सुजीत साहू, मदन महतो, अमित सिंह, उषा देवी, अन्नपूर्णा देवी, बबिता, रीता, आरती, रेखा, धनेश्वरी, किरण, देवेंद्र साहू, रामस्वरूप तिवारी, कमला देवी, सुजीत गुप्ता, सुनील अग्रवाल, रामु साहू, सनोज प्रजापति, अमित रंजन, जीतन गोस्वामी, कुलदीप जायसवाल, उदय पंडित समेत अन्य मौजूद थे। बता दें कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लिए राजपति देवी को भारतीय जनजागरण गांधीवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

## न्यूज बॉक्स

### विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रसाशन चौकस



**भंडरा ।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराए जाने को लेकर भंडरा प्रखंड व पुलिस प्रशासन सख्त नजर आ रही है। प्रखंड क्षेत्र पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है विधानसभा हो या फिर पंचायत चुनाव दोनों में प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों द्वारा मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने के लिए वाहनों में भरकर भारी मात्रा में मादक पदार्थ लाया जाता है। जिसको लेकर विधानसभा चुनाव में पुलिस पूरी तरह सतर्कता बरत रही है। किसी प्रकार की क्षेत्र में अराजकता ना फैले इसको लेकर भंडरा पुलिस व प्रखंड प्रशासन पुलिस प्रखंड की सीमा वाले क्षेत्रों में पैनी नजर गड़ाए हुए है। इसी को लेकर गुरुवार को प्रखंड व पुलिस बल के साथ प्रखंड के मसमानो चौराहे पर सघनता से चौपहिया वाहनों की तलाशी ली । थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव को शांति पूर्वक कराये जाने को लेकर पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है। पुलिस बल के जवानों द्वारा प्रखंड में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सफलता पूर्वक तलाशी ली जा रही है। अपराध तथा अपराधियों पर पैनी नजर रखते हुए उन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### निर्वाचन आयोग की ओर से प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक व व्यय प्रेक्षक पहुंचे लोहरदगा



**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त 72-लोहरदगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक अमित सिंह बंसल , पुलिस प्रेक्षक एम० रवि प्रकाश एवं व्यय प्रेक्षक विमल चन्द्र दास, का लोहरदगा जिला में आगमन हो चुका है। जिला परिसदन में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने प्रेक्षकों से औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सभी प्रेक्षकों का आवासन परिसदन लोहरदगा में है। उपरोक्त प्रेक्षको से निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों, आम मतदाताओं एवं अन्य व्यक्ति मिल सकते है। बताया गया कि सभी प्रेक्षक अमित सिंह बंसल ,सामान्य प्रेक्षक, मोबाईल नम्बर : 9430765369, मिलने का समय : अपराह्न 05:00 बजे से 06:00 बजे अपराह्न तक, स्थान : परिसदन लोहरदगा, एम० रवि प्रकाश, पुलिस प्रेक्षक मोबाईल नम्बर : 9430765296, मिलने का समय व स्थान :अपराह्न 04:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक, स्थान : परिसदन (नया भवन) लोहरदगा व विमल चन्द्र दास, व्यय प्रेक्षक (भा०रा०से०) मोबाईल नम्बर : 9430760428, मिलने का समय व स्थान : पूर्वाह्न 08:00 बजे से 11:00 बजे पूर्वाह्न तक, स्थान : परिसदन (नया भवन) लोहरदगा में मिल सकते हैं।

## स्वीप कोषांग के द्वारा आओ खेलें और सीखें कार्यक्रम आयोजित

# डीसी ने स्वीप कार्यक्रमों की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



विधानसभा आम निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरूवार को सदर प्रखण्ड कार्यालय परिसर में स्वीप कोषांग की ओर से आओ खेले और सीखें कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा स्वीप कार्यक्रमों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को उनके परिवार के सदस्य जो मतदाता के रूप में 13 नवंबर 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, उन्हें निमंत्रण पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नामित डिस्ट्रिक्ट आईकॉन और कैंपस एंबेसडर के रूप में छात्र-छात्राओं शपथ दिलायी गई। निर्वाचन से संबंधित कई तरह की प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के बीच लभी आयोजित की गई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी-सह-समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन क्रिकेट खिलाड़ी आशीष कुमार, क्रिकेट खिलाड़ी व प्रशिक्षक अमित कुमार, कुश्ती खिलाड़ी अजीता कुमारी, पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी संजना कुमारी समेत बड़ी संख्या में कैंपस एंबेसडर उपस्थित थे।

# छठ पूजा समिति सेरेंगहातु के अध्यक्ष बने जितेंद्र साहू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



सेरेंगहातू तोड़ार शिव मंदिर प्रांगण में छठ पूजा को लेकर एक अहम बैठक रखी गई। जिसकी अध्यक्षता अजय पंकज साहू व राजू साहू द्वारा किया गया। हर वर्ष की भाति इस बार भी छठ पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

सभी सदस्यों के सहमति से नई कमेटी का गठन किया गया। समिति के द्वारा जितेंद्र कुमार साहू को अध्यक्ष, आदित्य कुमार साहू को सचिव, रमेश साहू को महामंत्री , दिनेश साहू को कार्यकारणी अध्यक्ष व प्रदीप साहू को कोषाध्यक्ष , कौशल मितल को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वही राम यादव उपाध्यक्ष, सह उपाध्यक्ष पवन साहू, बबलू साहू ,रामसुंदर साहू , राहुल उरांव, रामलाल उरांव ,सह कोषाध्यक्ष अरुण साहू ,ललित यादव सह , सह सचिव महेश साहू, आदर्श साहू, विनय प्रजापति, मनु उरांव, रितेश प्रजापति, कार्यकारिणी सदस्य बलि साहू ,अशोक साहू, सावन यादव , मदन मोहन साहू, सूरज साहू , उमेश साहू , अजय साहू,अनु प्रधान ,गोलू सहदेव ,नवनीत प्रजापति, मुकेश साहू बनाया गया। बैठक में, आजीवन संरक्षक बलराम साहू, संरक्षक तेजु साहू ,जागेश्वर साहू, इंदर यादव, विशेश्वर साहू, प्रदुमन लाल, सुबोध प्रजापति, सुनील उरांव , सीबू पहन,चरकू पुजार, सूरज उरांव , मोनू उरांव, परशु पहान,मीडिया सह प्रभारी- बलेसर साहू ,कौशल मित्तल ,राहुल यादव आदि मौजूद थे।

## मतदान जागरूकता को लेकर ग्रामीणों ने निकाली प्रभात फेरी



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत घाटा गगेया में आंगनबाड़ी सेविका के नेतृत्व ग्रामीणों द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया.चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार झारखण्ड विधानसभा चुनाव 13 नवम्बर और 20 नवम्बर को दो चरणों मे चुनाव है.वही चुनाव में मत प्रतिशत वृद्धि को लेकर तरह तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है.उसी निमित घाटा गगेया में आंगनबाड़ी सेविका मान्ती देवी के नेतृत्व में आगामी 13 नवम्बर को मतदान करने के ग्रामीण महिला पुरुषों के साथ प्रभात फेरी निकाला गया.साथ ही जानकारी देते हुए बताया गया.की मतदान के दिन सुबह उठकर अपने मतदान केंद्र में जायें और सबसे पहले मतदान करें उसके बाद ही घर का या अन्य कोई कार्य करेंगे और किसी के भय या दबाव तथा लोभ लालच में मतदान नही करना है.वही चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता जागरूक अभियान को लेकर तरह तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# 400 ग्राम गांजा के साथ एक वृद्ध गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**



नशीला पदार्थ व गांजा व्यापार पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। सेन्हा थाना क्षेत्र में नशीला पदार्थ बिक्री पर रोक लगाने को लेकर सेन्हा पुलिस के द्वारा वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर डीएसपी समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में थाना प्रभारी अजित कुमार सहयोगी पुलिस पदाधिकारी एवं शस्त्र बल के साथ छापेमारी अभियान चलाया गया. छापेमारी के दौरान डीएसपी को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि घाटा में नशीला पदार्थ व गांजा का व्यपार किया जा रहा है. जिसके आलोक में घाटा निवासी स्वर्गीय चमर सिंह के 59 वर्षीय पुत्र बालेश्वर सिंह को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया. इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि एन डी पी एस एक्ट के तहत गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 94/24 दर्ज कर पुलिस द्वारा कारवाई किया गया है. उन्होंने बताया कि प्लास्टिक में पैक लगभग 400 ग्राम गांजा के साथ बालेश्वर सिंह को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

### गांजा तस्करी मामले के आरोपी को भेजा गया जेल

**कुडू-लोहरदगा।** बस में बरामद गांजा मामले के आरोपी को कुडू पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि आगामी विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु कुडू - चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 कुडू जमुनटोली में बने चेकपोस्ट पर मंगलवार 23 अक्तुबर की सुबह चेकिंग के दौरान मोना नामक यात्री बस से 20 किलो गांजा बरामद किया गया था। पुलिस ने इस मामले में कांड संख्या 107/2024 धारा 20/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। जिसके आरोपी हजारीबाग निवासी निरंजन सिंह को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### फाइलेरिया मुक्ति अभियान के अंतिम दिन 305 लोगों का लिया गया ब्लड सैंपल



**कुडू - लोहरदगा।** फाइलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केन्द्र लोहरदगा के तत्वाधान में कुडू प्रखण्ड में चल रहे रात्रि रक्त पट्ट संग्रह कार्यक्रम (नाइट ब्लड सर्वे) के अंतिम दिन कुल 305 लोगो का ब्लड सैम्पल लिया गया। रात्रि आठ बजे से प्रखण्ड के उमरी गांव में लगाए गए कैंप के सफल आयोजन में सहिया जौरी उराँव, सरिता उरांव, एएनएम सिमा कुजूर, मोनिका उरांव, सेविका जिदान लकड़ा, सुमन खलखो, एमपीडब्ल्यू सादाब कुरैशी, नितिन गुप्ता, रामनरेश भगत, रोशन टोप्पो, सीएचओ श्वेता कुजूर का मुख्य योगदान रहा।

## एक नजर

### झारखंड-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर बालू उठाव और परिवहन का जनप्रतिनिधियों ने किया विरोध

**गुमला।** जारी प्रखंड क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत के झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित नदी से हो रहे बालू के अवैध उठाव और परिवहन का ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जोरदार विरोध किया है। जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ माइनिंग द्वारा राताामाटी बालू घाट का टेंडर लीज पर किया गया है, जिसके तहत बड़ी मात्रा में बालू का परिवहन छत्तीसगढ़ के जशपुर क्षेत्र में किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तिगरा बालू घाट से बालू का उठाव नदी के उस हिस्से से हो रहा है जो झारखंड के खेतों से सटा हुआ है। उनका दावा है कि यह इलाका झारखंड का है और यदि ऐसा नहीं है, तो सरकार को सीमांकन करके स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति हुआ घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ब्लाक मोड़ के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से ब्लाक मोड़ निवासी रामचंद्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने घायल रामचंद्र उरांव को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डाक्टर नदारद पाए गए जिसके बाद ए एन एम के द्वारा घायल का ईलाज किया गया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्र उरांव होटल में मजदूरी का काम करता था वह काम करके अपने घर लौट रहा था तभी ब्लाक मोड़ के समीप पीछे से अज्ञात मोटरसाइकिल ने उसे धक्का दे दिया इस घटना में उसका बायां पैर टूट गया है इधर अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया वहीं अस्पताल में डाक्टरों की अनुपस्थिति पर ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है।

### मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण बीएलओ

**घाघरा।** घागरा प्रखंड विकास कार्यालय के सभागार में गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची वितरण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी पंचायत सेवक, बी एल ओ एवं स्वयंसेवकों की बैठक आयोजित हुई । बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि बी एल ओ अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे तथा मतदाता से सिग्नेचर भी करना है ताकि पता चल सके कि कौन मतदाता बाहर है या स्थानांतरित है । वही मतदान बूथ केंद्रों में मूलभूत सभी सुविधा बिजली पानी शौचालय इत्यादि का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने की बात कही । तथा सभी बीएलओ को अपने-अपने बूथ को मॉडल बूथ बनाने एवं चुनाव के समय में बूथ केंद्र से 200 मीटर की दूरी कोई भी राजनीतिक पार्टी को नहीं बैठने देने तथा किसी भी राजनितिक प्रती का झंडा नहीं लगाने का निर्देश दिया ।

# गुमला चैंबर तीन से चलाएगा मतदाता जागरूकता अभियान : दामोदर कसेरा




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक चैंबर कार्यालय में अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य आकर्षण झारखंड चैंबर के नवनिर्वाचित क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी का स्वागत और अभिनंदन रहा, जिन्हें सोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। रमेश कुमार चीनी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें गुमला, लोहरदगा, खूंटी और सिमडेगा जिलों का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चुना गया है, और वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ इस जिम्मेदारी को निभाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन जिलों के व्यापारियों की समस्याओं को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठकों में उठाकर समाधान के लिए प्रयास करेंगे।

**मतदाता जागरूकता अभियान की तारीख तय :** बैठक में गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के आगामी चुनाव पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के बाद एक बैठक आयोजित कर आम सभा की घोषणा की जाएगी। इसके अलावा, विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। 3 नवंबर को यह अभियान आयोजित किया जाएगा, जिसमें चैंबर के सभी पदाधिकारियों और गुमला के व्यापारियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है।

**धनतेरस और छठ पूजा के लिए विशेष योजनाएं :** धनतेरस के दिन गुमला शहर में बड़े माल वाहक वाहनों की नो एंट्री लागू करने के लिए गुमला प्रशासन से बात करने पर सहमति बनी। वहीं, छठ पूजा के अवसर पर छठ घाटों की सफाई के लिए प्रशासन से संपर्क कर मुद्दा उठाने का निर्णय लिया गया। नगर परिषद द्वारा एक ही गाड़ी से अलग-अलग सड़कों पर दो बार टैक्स वसूलने की समस्या पर भी चर्चा हुई, जिसके समाधान के लिए लिखित शिकायत करने का निर्णय लिया गया।

## सामान्य प्रेक्षक छोटे सिंह पहुंचे गुमला शिकायत निवारण के लिए रहेंगे उपलब्ध

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत 68-गुमला (अजजा) विधानसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आईएएस अधिकारी छोटे सिंह ( छोटे सिंह, आईएएस) को सामान्य प्रेक्षक (सामान्य प्रेक्षक) नियुक्त किया गया है। श्री सिंह का आगमन 24 अक्टूबर 2024 को गुमला में हो चुका है, और वे नया परिसदन, गुमला के 'नागफेनी' कमरे में आवासित हैं।

शिकायत दर्ज करने का समय और प्रक्रिया सामान्य प्रेक्षक छोटे सिंह चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायतों को सुनने और समाधान के लिए नागरिकों से मिलेंगे। आम नागरिक प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 9:00 बजे से 10:30 बजे तक उनसे मिलकर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। यह पहल चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है, जिससे नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके। संपर्क जानकारी चुनावी मुद्दों या किसी भी प्रकार की शिकायतों के लिए नागरिक सामान्य प्रेक्षक श्री छोटे सिंह से सीधे संपर्क कर सकते हैं। उनका संपर्क नंबर 9430703727 है। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाए रखने के लिए उठाया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके और नागरिकों की आवाज को प्राथमिकता दी जा सके। 68-गुमला विधानसभा क्षेत्र के नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाकर अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में अपना योगदान दे सकते हैं।

**यह पहल चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है**

## न्यूज बॉक्स

### गम्हरिया गांव में खेत से बैल लाते समय सांप ने किसान को डसा, सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी प्रदीप मुंडा को उस समय एक जहरीले सांप ने डस लिया जब वह खेत से बैल लेकर लौट रहा था। घटना के बाद उसके पैर में सूजन आने लगी और तेज दर्द के साथ जलन महसूस होने लगी। परिजनों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रदीप को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रदीप मुंडा अपने खेतों में खूंटे बंधे बैल को लाने के लिए गया था। बैल को लेकर वापस आते समय अचानक अंधेरे में एक जहरीले सांप ने उसके पैर पर हमला कर दिया। प्रदीप ने सांप का केवल पिछला हिस्सा देखा और इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, सांप झाड़ियों में छिप गया। घटना के तुरंत बाद प्रदीप को तेज दर्द और पैर में सूजन महसूस होने लगी। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए उसके परिजन बिना समय गंवाए उसे गुमला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की टीम द्वारा उसका इलाज शुरू कर दिया गया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार प्रदीप की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन उसे कुछ समय तक निगरानी में रखा जाएगा। इस घटना के बाद गम्हरिया और आसपास के गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में सांपों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे खेतों में काम करना खतरनाक हो जाता है। उन्होंने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने और क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। प्रदीप मुंडा के परिवार और ग्रामीणों को उम्मीद है कि वह जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटेगा।

### पुलिस पर्यवेक्षक के आगमन पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने की शिष्टाचार मुलाकात



**गुमला।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के तहत नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक किशन सहाय मीणा (भा0पू0से0) का 24 अक्टूबर 2024 को गुमला जिला में आगमन हुआ। इस मौके पर गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने श्री किशन सहाय मीणा से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान चुनावी तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और आदर्श आचार संहिता के पालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस पर्यवेक्षक के साथ समन्वय पर जोर दिया। इस मुलाकात में चुनावी हिंसा की रोकथाम, मतदान केंद्रों पर सुरक्षा प्रबंध और चुनाव से जुड़े अन्य संवेदनशील मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में गुमला जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश भी दिए गए।

### किबेसंमो के केंद्रीय संयोजक सह विस प्रत्याशी पंकज महतो ने चलाया जनसंपर्क

**रामगढ़** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सह विधानसभा प्रत्याशी पंकज महतो ने बड़कीपोना में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों ने पंकज महतो को जन समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की लचर बिजली व्यवस्था, बेरोजगारी, शिक्षा और सरकारी योजनाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। लोगों को सरकारी कार्य में काम के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बिचौलिया हर जगह हावी हैं। बिना बिचौलिया को पकड़े किसी भी तरह का कोई काम नहीं होता है। पंकज महतो ने कहा कि लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।







# सुदिव्य, डॉ मंजू व राजकुमार ने किया नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता। गांडे/ गिरिडीह** विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी सह मुख्यमंत्री की अर्धांगिनी कल्पना मुर्मू सोरेन समेत गुरुवार को गिरिडीह विधानसभा प्रत्याशी सुदिव्य कुमार सोनू तथा जमुआ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर मंजू ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया. हरे रंग की बॉर्डर वाली साड़ी में साड़ी में लिपटी कल्पना ने आपूर्ति पदाधिकारी सह निर्वाचि पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल किया. वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के ही गिरिडीह विधानसभा प्रत्याशी सुदिव्य कुमार सोनू ने निवार्ची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल अधिकारी के समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल किया. झारखंड मुक्ति मोर्चा के दोनों प्रत्याशी समाहरणालय तक साथ-साथ आए और अलग-अलग निर्वाचि पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. नामांकन से पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशियों ने दमखम दिखाया. समर्थकों की भारी फौज हरसिंहरायडीह से निकली और पर्चा दाखिल किया. वहीं धनवार विधानसभा क्षेत्र से श्री राजकुमार कुमार यादव, (माले) ने निवार्ची पदाधिकारी, 28 धनवार-सह-अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इधर जमुआ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की डॉक्टर मंजू ने निर्वाचि पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता के समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल किया. नामांकन का पर्चा दाखिल करने के बाद झामुमो की बड़ी सभा पपरवाटांड़ तथा भाजपा की आम बागान में संपन्न हुई.

## नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन नामांकन दाखिल करने और प्रपत्र खरीदने की लगी रही होड़



**बरही ।** नामांकन प्रक्रिया के छठे दिन बरही और बरकट्ठा विधानसभा से नामांकन पत्र दाखिल करने और प्रपत्र खरीदने की होड़ लगी. नामांकन दाखिल करने वालो में बरही विस से भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव, बसपा से शिव कुमार राम, एनसीपी से महेश ठाकुर, पीपीआईडी से राजकुमार पासवान, निर्दलीय अविनाश कुमार, सुनील कुमार साव व मो सेराज और बरकट्ठा विस से भाजपा प्रत्याशी अमित कुमार यादव, जेएमएम के जानकी यादव, सपा से उमेश कुमार यादव, सीपीएम से महादेव राम, पीपीआईडी से बसंत नारायण मेहता, निर्दलीय बटेश्वर मेहता, चंद्रकांत पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, शमशाद आलम और राजकुमार ने अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया. नामांकन को लेकर दिनभर राजनीतिक माहौल गर्म रहा. वही बरही विस से डॉ निजामुद्दीन अंसारी, अटल विचार मंच से अनूप कुमार और समता पार्टी से बिरेंद्र यादव ने नामांकन प्रपत्र खरीदा।

### किसी भी राजनीतिक पार्टी का प्रचार-प्रसार बीएलओ करेंगे तो होगी कार्रवाई : सीओ

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में स्थिति पुस्तकालय मीटिंग होल में गुरुवार को विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कर्मी एवं बीएलओ के साथ चुनाव को सफल बनाने की रणनीति तैयार किया गया जिसमें हर एक बूथ से वालंटियर के रूप में स्कूली छात्राओं को बुलाया गया था जिसमें चैनपुर प्रखंड में जितने भी बूथ हैं सभी के बीएलओ एवं वालंटियर को चुनाव के गाइडलाइन को बताया गया वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्वक कैसे बनाएं उसको लेकर रणनीति तैयार किया गया वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि वालंटियर अपने जो भी व्यक्ति चलने ना पाए उसे बूथ तक हर संभव पहुंचाएं उसे वॉलेट बॉक्स तक नहीं पहुंचेंगे उसे बस तक पहुंचाने का काम करेंगे किसी भी वालंटियर के द्वारा उसे पहुंचते हैं उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस चेकिंग में बोलेरो व हथियार बरामद

**अहिल्यापुर।** थाना क्षेत्र के गांडेय लछुडीह चेकपोस्ट पर वाहन चैकिंग के दौरान बोलेरो वाहन से एक देशी रिवाल्वर 7.65 एम एम का पिस्टल, दो कारतूस बरामद के साथ साथ वाहन चालक को गिरफ्तार कर पुलिस जांच में जुटी है। देशी रिवाल्वर के साथ धराये गांडेय थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव के निवासी मो सिराज अंसारी को न्यायिक हिरासत में ले जेल भेज दिया है। इधर अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम घोष हुस्सामी ने बताया कि गिरिडीह एसपी को गुप्त सूचना प्राप्त थी कि बिते मध्य रात्रि को जामताड़ा - गिरिडीह मुख्य मार्ग से होते हुए गांडेय कि ओर एक बोलेरो में पिस्टल के साथ अपराधी उक्त मार्ग से गुजरने कि बात थी। एसपी डा विमल कुमार के आदेशानुसार टीम गठित कर लछुडीह चेकपोस्ट पर वाहन चैकिंग कर एक बोलेरो, देशी रिवाल्वर व दो कारतूस के साथ मो सिराज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और आगे मामले को लेकर जांच कि जा रही है।

## सामान्य प्रेक्षक दिव्य प्रकाश गिरि पहुंचे गुमला शिकायतों के लिए नागरिकों से मिलेंगे

**गुमला।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 69-(अ०ज०जा०) विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक के रूप में आईएएस अधिकारी श्री दिव्य प्रकाश गिरि की नियुक्ति की है। वे 24 अक्टूबर 2024 को गुमला पहुंच चुके हैं और वर्तमान में 'नवलखा' कमरा, नया परिसदन, गुमला में आवासित हैं। शिकायत दर्ज कराने का समय और प्रक्रिया सामान्य प्रेक्षक दिव्य प्रकाश गिरि नागरिकों की चुनाव संबंधी शिकायतों को सुनने और उनका समाधान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। नागरिक प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वाह्न 9:30 बजे से 10:30 बजे तक उनसे मिल सकते हैं और अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि किसी भी तरह की अनियमितता या समस्या को समय रहते सुलझाया जा सके। संपर्क जानकारी शिकायतों या किसी चुनावी मुद्दे को लेकर नागरिक सीधे सामान्य प्रेक्षक से संपर्क कर सकते हैं। उनका संपर्क नंबर 9430703730 है। यह पहल चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे आम जनता अपनी शिकायतें और समस्याओं को सीधे निर्वाचन अधिकारी तक पहुंचा सकेगी। विशुनपुर विधानसभा के नागरिक अब चुनावी प्रक्रिया में अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर सक्रिय रूप से हिस्सा ले सकते हैं और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में योगदान दे सकते हैं।

## गावां पुलिस ने 50 लीटर महुआ शराब किया नष्ट

**गावां, गिरिडीह।** गावां थाना पुलिस के द्वारा गुरुवार को अवैध महुआ शराब चुलाई के खिलाफ अभियान चलाया गया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरमसिया में अभियान चलाकर 50 लीटर महुआ शराब को विनष्ट कर दिया। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि थाना क्षेत्र के बरमसिया में अवैध शराब चुलाई के खिलाफ शिकायत मिल रही थी। शिकायत पर वहां आज छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस को आता देख अवैध धंधेबाज फरार हो गए।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा**
(जिला सामान्य शाखा)

–: आदेश :–

विधानसभा चुनाव–2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला स्क्रीनिंग समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में शस्त्र नियमावली 1962 के नियम 63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त्त संख्या–9 एवं 14 के अंतर्गत गढ़वा जिले के सभी शस्त्रों को जमा किया जाना है। इस कार्यालय का पत्रांक–1004/सा0, दिनांक–15.10.2024 द्वारा सभी अनुज्ञप्तिधारी दिनांक 17–10–2024 से 20–10–2024 तक निश्चित रूप से अपने शस्त्रों को संबंधित थाना /गन हाउस में जमा करने का आदेश दिया गया था। पुनः 24.10.2024 एवं 25.10.2024 दो दिनो के लिए अवधि को विस्तारित किया गया है। शस्त्र जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी ।

संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ0पी0 के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए सभी शस्त्रों को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक, गढ़वा शस्त्र जमा से संबंधित प्रतिवेदन दिनांक 25–10–2024 तक जिला सामान्य शाखा गढ़वा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायेंगे।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा

PR 339494 (District)24-25*D


# पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 हजार सीएफटी अवैध बालू किया जब्त



**जब्त बालू एवं वाहन का विवरण**

1. भंडारित अवैध बालू- 10000 सीएफटी।
2. जॉन डीयर ट्रैक्टर जिसके ट्रॉली में करीब 100 सीएफटी लदा अवैध बालू मिला।

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए उपायुक्त रामगढ़ एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा अवैध बालू खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु सभी अंचल अधिकारी / सभी थाना / ओपी प्रभारी को सख्त निर्देश दिया गया है। विगत 23 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली की गोला थाना अंतर्गत ग्राम-कोराम्बे बुध बाजार के पास अवैध बालू माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कर बालू का भण्डारण किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं छापमारी हेतु अंचल अधिकारी गोला एवं थाना प्रभारी गोला के नेतृत्व में संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से गोला थाना अंतर्गत ग्राम-कोराम्बे बुध बाजार के आस-पास छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में लगभग 100 ट्रैक्टर (लगभग 10000 सीएफटी ) बसलू भण्डारित तथा एक 100 सीएफटी अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया। इस संबंध में गोला थाना काण्ड सं0-112/2024, दिनांक-23.10.2024, धारा- 317 (5)/3(5) बीएनएस, 4/21 एमएमडीआर एक्ट -1957, 54 जेएमएमसीए -2004, 9/13 झारखंड मिनरल्स ( प्रवेशन ऑफ इलिगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज) रुल -2017 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## छापामारी में साल प्रजाति का बोटा लदा पिकअप जब्त



**तिसरी (गिरिडीह)।** घुठिया सुरक्षित वन में वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार के गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार झारखण्ड - बिहार सीमावर्ती क्षेत्र में अहले सुबह छापेमारी की गयी। छापेमारी में एक पिकअप जब्त किया गय, जिसमें साल प्रजाति का बोटा लदा हुआ बताया जा रहा है। छापेमारी के पश्चात प्रभारी वनपाल अभीमीत राज के द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के वन पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले अपराधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पर्यावरण ही जीवन का सबसे बड़ा जीना का रास्ता है। अगर आप इसे बचाकर रखेंगे तो हम सभी स्वस्थ्य और सही रहेंगे। अजकल वन माफिया ज्यादातर जंगलों से कीमती लकड़ियों को काटकर बाजारों या घर बनाने के काम में बचे रहे हैं और उससे पैसे कमा रहे हैं। भविष्य में इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी और छापेमारी में संलिप्त अपराधियों को बिल्कुल भी बक्शा नहीं जाएगा। अपराधियों की पहचान की जा रही है उसके बाद वनवाद दायर किया जाएगा। इस छापेमारी में मुख्य रूप से प्रभारी वनपाल अभीमीत राज एवं वन उप परिसर पदाधिकारी,रंजीत प्रभाकर, अक्षय सिन्हा, सूर्यकांत, शशि कुमार,रवीश कुमार,गौतम दास मौजूद थे।


**उपायुक्त-सह-दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा**

प्रेस विज्ञप्ति

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा पत्रांक 5992 दिनांक 23.10.2024 के द्वारा निदेश दिया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा वाद संख्या–Contempt Case (Cvl.) No.-246 of 2019 एवं W.P. (PIL) No. 1997 of 2019 में दिनांक 19.09.2023, दिनांक 28.02.2020 तथा दिनांक 16.07.2024 को पारित न्यायादेश के आलोक में निर्वाचन प्रचार, निर्वाचन सभा एवं निर्वाचन रैलियों सहित विभिन्न प्रकार के धार्मिक तथा वैवाहिक कार्यक्रमों के आयोजन में डी0जे0 के प्रयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने हेतु निदेश दिया गया है।

यह भी उल्लेखित है कि W.P. (PIL) No. 1997 of 2019 with cont. Civil (Case) No.-246 of 2019 with W.P. (PIL) No. 2697 of 2021 में दिनांक 16.10.2024 में पारित न्यायादेश (i) From 10.00 p.m to 06.00 am, there will be a complete ban on use of loud speakers, public address systems, sound amplifiers;

उपर्युक्त निदेश का अनुपालन हेतू निम्न रूपेन नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति की जाती है :–

1. अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा (सदर अनुमण्डल क्षेत्र गढ़वा के लिए) मो0–7765915859
2. अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर (अनुमण्डल श्री बंशीधर नगर के लिए) मो0–9304599439
3. अनुमण्डल पदाधिकारी, रंका (अनुमण्डल क्षेत्र रंका के लिए) मो0–9835411228

पूर्व में भी अधोहस्ताक्षरी के गोपनीय शाखा द्वारा पत्रांक 660/गो0, दिनांक 11.10.2024 से अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा, श्री बंशीधर नगर एवं रंका से उपर्युक्त न्यायादेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निदेश दिया गया है।

उपर्युक्त माननीय न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में डीजे के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है। साथ ही अन्य प्रकार के drum or tomtom or play trumpant or use any sound instruments or use any sound amplifier हेतु माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित समयावधि में ही अनुमति देय होगा।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 339497 District(24-25).D

सुप्रभात

सबसे बुरा प्रलोभन चंचलता है। क्योंकि वह आपका ध्यान संसार में उलझाकर रखता है और इस प्रकार आपको ईश्वर के ज्ञान से वंचित रखता है। आप यदि नियमित ध्यान करें, तो आप सदा ईश्वर के साथ रहेंगे - श्री श्री परमहंस योगदानन्द, योगदा सत्संग पाठ

संपादकीय

## जम्मू कश्मीर में हिंसा के मायने

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में आतंकियों ने एक और कायराना हमला करते हुए 7 मजदूरों की उस समय जान ले ली, जब वो खाना खाने के लिए मेस में बैठे हुए थे। इस आतंकी वारदात में मरने वालों में एक स्थानीय डॉक्टर और टनल निर्माण में लगे 6 कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनमें से 5 लोग बाहरी राज्यों से थे। उनमें 2 अधिकारी वर्ग के और 3 श्रमिक वर्ग के थे। हमला सोनमर्ग इलाके में हुआ । इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द्द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जिन श्रमिकों पर हमला हुआ, वे जेड मोड़ सुरंग परियोजना में काम कर रहे थे, जो गगनगीर घाटी को सोनमर्ग से जोड़ने वाली एक सुरंग है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश की एप्को नामक कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इसे 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके चलते वहां तेजी से काम चल रहा था। सवाल है कि जब धारा 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हाल ही में नई सरकार का गठन हुआ है और नेशनल कांफ्रेंस के चीफ उमर अब्दुल्ला ने घाटी में सरकार बनाई है, तब यह बड़ा सवाल है कि आखिर में आतंकियों के असल निशाने पर क्या था? क्योंकि नई सरकार बनने के बाद जम्मू-कश्मीर में यह पहली आतंकी वारदात हुई है। वहीं, दूसरा सवाल यह है कि क्या आतंकियों के निशाने पर घाटी के विकास कार्यों को रोकना है? यदि ऐसा है तो यह बेहद खौफनाक है। घाटी के विकास को तेज रहे मजदूरों को निशाना बनाकर आतंकियों ने कायरता और मूर्खता का परिचय दिया है।जिस टनल के लिए यह मजदूर काम कर रहे थे वो भारत सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है। इस साल कश्मीर में टीआरएफ का ये पहला बड़ा हमला है। इससे पहले इस साल जम्मू में इस संगठन ने आतंकी हमले को अंजाम दिया। भले ही केंद्रीय गृह सचिव ने इस आतंकी हमले की जानकारी जम्मू कश्मीर डीजीपी से ली और आतंकियों के खिलाफ चल रहे काउंटर ऑपरेशन का भी ब्योरा लिया।

**इस साल जितने भी बड़े आतंकी हमले हुए हैं, वह जम्मू में हुए हैं। लेकिन यह पहली बार है जब कश्मीर में इस साल इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है।**

जानकारों का कहना है कि इस साल जितने भी बड़े आतंकी हमले हुए हैं, वह जम्मू में हुए हैं। लेकिन यह पहली बार है जब कश्मीर में इस साल इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है। वहीं, पहली बार ऐसा हुआ है कि स्थानीय और बाहरी दोनों को टारगेट किया गया है। इससे साफ है कि विकास परियोजनाओं में शामिल लोगों के हौसले को पस्त करने की खौफनाक रणनीति अब आतंकी संगठन भी अपना रहे हैं, जिसका मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। क्योंकि गांदरबल में जिस टनल के पास यह आतंकी हमला हुआ है, वह आल वेदर रोड है, जिसका निर्माण पिछले कुछ सालों से चल रहा है। यह रोड़ सीधे गांदेरबल से सोनमर्ग और वहां से लेह को कनेक्ट करता है। जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला की सरकार के गठन के महज चार दिनों के बाद ही आतंकवादियों ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के ही विधानसभा क्षेत्र गांदरबल में इतना बड़ा आतंकी हमला क्यों बोला है और इसके जरिए आतंकियों ने क्या संदेश देने की जुर्रत की है। क्योंकि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के नतीजे के ऐलान और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के मात्र चार दिनों के अंदर आतंकियों ने गांदरबल में आतंकी हमला बोला है।

# पीएम इंटर्नशिप योजना: करके सीखने के विचार का लोकतंत्रीकरण

देश की बात

कल्पना कीजिए रीना (काल्पनिक नाम) के बारे में, जो देश के तीसरी श्रेणी के एक शहर के एक राज्यस्तरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले एक कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक है। उसके कॉलेज में कोई प्लेसमेंट सेल नहीं है और शैक्षणिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद, शिक्षा प्राप्ति के बाद के उसके विकल्प सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी, पड़ोस के स्कूल में पढ़ाने (जिसके लिए उसके पास योग्यता हो भी सकती है और नहीं भी) या शादी कर लेने तक ही सीमित हैं। कुल मिलाकर, देश के एक तिहाई युवाओं (15-29 वर्ष की आयु के) और आधी से अधिक युवतियों की उपस्थिति शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में नहीं हैं (https://tinyurl.com/yd675u5j)। यही नहीं, देश के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार-आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है।

पीएमआईएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मैट्रिक से लेकर स्नातक तक (आईआईटी स्नातक, सीए, आदि को छोड़कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपये का मासिक स्टाइपेंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपये) और कंपनी (500 रुपये) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रुपए भी दिए जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 1.25 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।

लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्ब्स, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और



(वी. अनंत नागेश्वरन और दीक्षा सुप्याल बिष्ट)

आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है। युवा उम्मीदवारों के लिए, पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर हैं बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी हैं। वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देश भर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा, उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल हैं। देश के प्रमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं कैरियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है। इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है। नियोक्ता के लिए, इंटर्नशिप न केवल दीर्घकालिक रोजगार के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का परीक्षण करने का कम लागत वाला बेहतरीन प्रयोग है, बल्कि कौशल संबंधी अंतर को पाटने और उसके सीएसआर संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने का एक रणनीतिक उपकरण भी है। 12 महीनों के दौरान, कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू और ईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ प्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षण की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है। व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से, पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं में समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में द्यरोजगार रहित प्रतिभाह्व के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। आने वाले एआई के युग में, शिक्षा से लेकर रोजगार तक की ऐसी कड़ी और भी महत्वपूर्ण साबित होगी, जहां नौकरी के लिए उपयुक्तता परिवर्तन एवं जीवन कौशल के प्रति अनुकूलनशीलता द्वारा निर्धारित की जाएगी। दीर्घकालिक अवधि में, यह मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में पूंजी और श्रम के बीच के अनुपात को भी प्रभावित कर सकती है।

जैसा कि कहा गया है, कंपनियों में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं को वास्तविक रूप से समायोजित करने, शीर्ष 500 कंपनियों को श्रेणी-2 और श्रेणी-3 वाले शहरों से आने वाले प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने और किसी अभ्यर्थी को उसके शहर से बाहर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होने पर पर्याप्त मात्रा में मासिक स्टाइपेंड की उपलब्धता जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। इस संबंध में दूरस्थ कार्य की व्यवस्था, गैर-मेट्रो कार्यालयों एवं कारखानों में भर्ती, और कंपनी द्वारा अतिरिक्त स्टाइपेंड संभावित समाधान हो सकते हैं। इस प्रकार, पीएमआईएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखाई गई अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।

**(वी. अनंत नागेश्वरन भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार हैं। दीक्षा सुप्याल बिष्ट भारतीय आर्थिक सेवा में एक अधिकारी हैं। ये उनके निजी विचार हैं)।**

आपकी बात

## अमेरिका का पक्ष ठीक नहीं

पता नहीं भारत से क्या नाराजी है? डेट्रॉयट में एक जनसभा के दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत विदेशी वस्तुओं पर सबसे ज्यादा शुल्क लगाता है। वैसे यह पहला मौका नहीं था। पिछले महीने भी उन्होंने भारत को आयात शुल्क का सबसे ज्यादा दुरुपयोग करने वाला बताया था। 2020 में तो उन्होंने भारत को 'टैरिफ किंग' तक कह डाला था।यह जरूरी विचारका विषय है कि भारत द्वारा अधिक शुल्क या टैरिफ लगाने जाने के ट्रंप के दावे में कितना दम है और भारत के शुल्क क्या वाकई वैश्विक व्यापार के नियम तोड़ रहे हैं और भारत-अमेरिका संबंध इससे कैसे प्रभावित हो रहे हैं। ट्रंप सबसे ज्यादा शुल्क की ही बात करते हैं। भारत का औसत आयात शुल्क 17 प्रतिशत है जो अमेरिका के 3.3 प्रतिशत से काफी ज्यादा है लेकिन ट्रंप इसकी बात ही नहीं करते। इसके बजाय वह अधिकतम शुल्क की बात करते हैं, जिस पर लोगों का ध्यान फौरन पहुंच जाता है। 2019 में भी उन्होंने कहा कि भारत अमेरिकी व्हिस्की पर 150 प्रतिशत शुल्क लगाता है। भारत बेशक व्हिस्की (150 प्रतिशत) और वाहनों (100-125 प्रतिशत) पर ऊंचा शुल्क लगाता है मगर कई देश अपने कुछ खास उद्योगों को संरक्षण प्रदान करने के लिए अधिक शुल्क लगाते हैं और भारत ऐसा करने वाला अकेला देश नहीं है। अमेरिका ने विभिन्न उत्पाद समूहों पर उच्चतम शुल्क लगाए हैं। इनमें डेरी उत्पाद (188 प्रतिशत), फल एवं सब्जियां (132 प्रतिशत), अनाज एवं खाद्य सामग्री (193 प्रतिशत), तिलहन, वसा और तेल (164 प्रतिशत), पेय पदार्थ एवं तंबाकू (150 प्रतिशत), खनिज एवं धातु (187 प्रतिशत) और कपड़े (135 प्रतिशत) शामिल हैं।



राकेश दुबे

भारत के उच्चतम शुल्कों को देखकर उसे टैरिफ किंग बताने का ट्रंप का दावा सही नहीं है क्योंकि कई दूसरे देशों के शुल्क भारत से ज्यादा हैं। जापान का उच्चतम शुल्क 457 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का 887 प्रतिशत और अमेरिका का उच्चतम शुल्क 350 फीसदी है जबकि भारत का उच्चतम शुल्क 150 प्रतिशत ही है। उच्चतम शुल्क आम तौर पर संवेदनशील क्षेत्रों को महफूज रखने के लिए लगाया जाता है। मसलन जापान अपने किसानों के हितों की रक्षा के मकसद से चावल पर ऊंचा शुल्क लगाता है। लेकिन ये सर्वोच्च शुल्क अपवाद हैं और उन देशों में ज्यादातर व्यापार इतनी ऊंची दरों पर नहीं होता। देश के आयात शुल्क की सही तस्वीर उसके औसत टैरिफ से ही मिलती है। भारत का 17 प्रतिशत का औसत टैरिफ अमेरिका के 3.3 प्रतिशत औसत से अधिक है। मगर यह दक्षिण कोरिया के 13.4 प्रतिशत और चीन के 7.5 प्रतिशत के करीब है। औद्योगिक उत्पादों के लिए भारत का औसत शुल्क 13.5 प्रतिशत है और लेकिन आयातित मूल्य की इकाई के हिसाब से औसत शुल्क या ट्रेड वेटेड एवरेज देखें तो यह 9 प्रतिशत ही पड़ता है।

राजनीति की बात

# इतना गुस्सा क्यों है भरा

मुंबई के मलाड में बीच सड़क एक युवक की उसके माता-पिता और पत्नी के सामने पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। 28 साल के आकाश पत्नी के साथ टूवीलर पर जा रहे थे, उनके माता-पिता आगे ऑटो में थे। ओवरटेक करने के चक्कर में एक ऑटो उनकी बाइक से टच हुआ तो दोनों में रोड पर ही बहस हो गई। मामूली बात पर हुई यह कहासुनी इतनी बढ़ी कि उसमें भीड़ भी शामिल हो गई। बताया जा रहा है कि घटना का विडियो बना रही पत्नी के हाथ पर किसी ने मारा तो आकाश ने क्रोधित होते हुए आपत्ति जताई, जिसके बाद गुस्साई भीड़ उन पर हमलावर हो गई। वायरल विडियो में दिख रहा है कि नीचे गिरे आकाश को बचाने उनकी मां उन पर लेटी हुई हैं, लेकिन तब भी लात घूंसे चला रहे लोग रुके नहीं। जरा सी देर में हिंसक हुई रोडरेज की इस घटना ने एक जान ले ली, तो नौ लोग सलाखों के पीछे पहुंच गए। सड़क पर ऐसा गुस्सा मुंबई ही नहीं, हर शहर की सड़क पर आम होता जा रहा है। दिल्ली में पिछले तीन महीनों में रोडरेज के दस से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें पांच लोगों की जान चली गई तो आठ से अधिक जख्मी हुए। इस दौरान जितनी भी घटनाएं हुईं, उनमें ज्यादातर में गलत दिशा में गाड़ी चलाने से टोकने पर, एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में तो कहीं गाड़ी टच होने पर लोग आपस में भिड़ गए। अभी पिछले हफ्ते ही कुछ युवकों को थोड़ा ढंग से बाइक चलाने की नसीहत देना दो भाइयों को भारी पड़ गया। उनका टोकना बाइकर्स को इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने वहीं दोनों भाइयों पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। इससे पहले भी पूर्वी दिल्ली में रोडरेज का एक और खतरनाक मामला सामने आया था। टूवीलर्स टच होने पर हुई कहासुनी के बाद युवक ऐसा भड़का कि उसने कपल का पीछा कर गोली चला दी, जिसमें पीछे बैठी महिला की मौत हो गई। राजधानी में लोग सरेआम सड़क पर हथियार साथ लेकर चल रहे हैं, मानो कानून का उन्हें जरा भी खौफ नहीं। इन्फोसिस के कोफाउंडर एनआर नारायणमूर्ति दिल्ली को सबसे अनुशासनहीन शहर बता चुके हैं, जहां लोगों को ट्रैफिक नियमों की जरा भी परवाह नहीं। उन्होंने बिलकुल सही कहा और इसी वजह से रोडरेज भी बढ़ रहा है। न तय लेन में चलेंगे, न सिग्नल रेड होने पर रुकेंगे। बड़ी गाड़ियों का शौक है लेकिन आगे जाकर यू टर्न लेने से बचने के लिए उलटी दिशा में गाड़ी चलाएंगे। हरेक को जल्दी है, सबको दूसरे से पहले जाना है।



अक्षय शुक्ला



## बोधि वृक्ष

**मैं अब अपना पूर्ण मनोयोग और एकाग्रता अपने मस्तिष्क पर लगाता हूँ और अपनी इच्छा द्वारा आदेश देता हूँ कि वह आदत मिट जाए।ह्न अपने मन को बार-बार इस प्रकार आदेश दें। ऐसा करने का सबसे उत्तम समय प्रातःकाल का होता है।**

# अच्छी आदतों को बनाना एवं बुरी आदतों को नष्ट करना

जब आप बुरी आदतों को नष्ट करना चाहते हैं तो, भ्रूमध्य पर एकाग्रता करते हुए गहनता से प्रतिज्ञापन करें कि बुरी आदतों के सभी खाँचें मिटाए जा रहे हैं। आप अति पुरानी दृढ़ आदतों के गहरे खाँचों को भी एकाग्रता और इच्छाशक्ति के द्वारा मिटा सकते हैं। उदाहरण के लिए यदि आप धूम्रपान करने के आदी हैं तो स्वयं से कहें: ह्नधूम्रपान करने की आदत मेरे मस्तिष्क में लम्बे समय से बनी हुई है। मैं अब अपना पूर्ण मनोयोग और एकाग्रता अपने मस्तिष्क पर लगाता हूँ और अपनी इच्छा द्वारा आदेश देता हूँ कि वह आदत मिट जाए।ह्न अपने मन को बार-बार इस प्रकार आदेश दें। ऐसा करने का सबसे उत्तम समय प्रातःकाल का होता है, जब इच्छाशक्ति और एकाग्रता ताजा होती हैं। अपनी इच्छाशक्ति के पूरे बल का उपयोग करके, अपनी स्वतन्त्रता के लिए बार-बार प्रतिज्ञापन करें। एक दिन अचानक आप पाएँगे कि आप अब उस आदत के वशीभूत नहीं हैं। यदि आप वास्तव में अपनी वर्तमान बुरी आदतों से छुटकारा पाना चाहते हैं।... तो आपके पास ध्यान से श्रेष्ठ और कोई साधन नहीं है। प्रत्येक बार जब आप ईश्वर पर गहरा ध्यान लगाते हैं, आपके मस्तिष्क के ढाँचों में लाभकारी परिवर्तन होते हैं। हृदय में महान्‌ शान्ति, और फिर महान्‌ आनन्द को अनुभव करने का प्रयास करते हुए, इस विचार पर ध्यान लगाएँ, **(क्रमशः)**




श्री श्री परमहंस योगानंद

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**एक बॉल, बल्ले कई, और नये अंदाज।**
**बल्ला लेकर खेलते, कई लोग बिन ताज।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

अलग बात

# चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा

गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया।



ललित गर्ग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# दीपोत्सव 2024 : 28 लाख दीयों से जगमग होंगे अयोध्या के 55 घाट

**एजेंसी। अयोध्या**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस वर्ष अयोध्या का आठवां दीपोत्सव भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख दीयों को प्रज्वलित कर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी हो रही है। दीपोत्सव की तैयारियों के अंतर्गत डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने दीयों और स्वयंसेवकों की संख्या का निर्धारण कर लिया है, जिससे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर योजनाबद्ध कार्य हो सके।

आयोजन के तहत सरयू नदी के 55 घाटों पर 28 लाख से अधिक दीए प्रज्वलित किए जाएंगे। राम की पैड़ी, चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल सहित अन्य सभी घाटों पर दीयों को घाट समन्वयकों की निगरानी में बिछाया जाएगा। इसके अलावा, 14 सम्बद्ध महाविद्यालयों, 37 इंटरमीडिएट कॉलेजों और 40 स्वयंसेवी संस्थाओं से लगभग 30,000 स्वयंसेवक इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। घाटों पर दीयों की संख्या और स्वयंसेवकों का वितरण पहले ही तय कर लिया गया है।अवध विश्वविद्यालय ने घाटों पर प्रज्वलित किए जाने वाले दीयों और तैनात किए जाने वाले स्वयंसेवकों की संख्या का भी विस्तृत आंकड़ा जारी किया है। उदाहरण के लिए, राम की पैड़ी के घाट एक पर 65,000 दीयों को जलाने के लिए 765 स्वयंसेवक तैनात होंगे, जबकि घाट दो पर 38,000 दीयों के लिए 447 स्वयंसेवक जिम्मेदारी संभालेंगे। इसी प्रकार, घाट तीन पर 48,000 दीयों के लिए 565 स्वयंसेवक और घाट चार पर 61,000 दीयों के लिए 718 स्वयंसेवक तैनात होंगे। सभी 55 घाटों पर इसी प्रकार दीयों की संख्या के अनुसार स्वयंसेवकों को तैनात किया जाएगा। आयोजन में विभिन्न कॉलेजों और संस्थाओं से जुड़े स्वयंसेवक पूरे उत्साह के साथ भागीदारी करेंगे और घाटों पर दीयों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस दीपोत्सव की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। घाटों पर दीयों की खेप 24 अक्टूबर से पहुंचनी शुरू हो गई है और 25 अक्टूबर से दीयों को घाटों पर बिछाने का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। स्वयंसेवकों का आईकार्ड वितरण भी शुरू हो गया है, जिसमें से 15,000 से अधिक आईकार्ड संस्थानों के पदाधिकारियों को वितरित किए जा चुके हैं। शुक्रवार तक सभी संस्थानों को आईकार्ड उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

## सीएम उमर अब्दुल्ला ने राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की

**एजेंसी। श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में चल रही परियोजनाओं पर चर्चा की। बैठक में सड़क बुनियादी ढांचे और रणनीतिक राजमार्ग परियोजनाओं के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्यमंत्री ने चल रही परियोजनाओं, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और भीतरी इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार के उद्देश्य से की जाने वाली परियोजनाओं में तेजी लाने की आवश्यकता व्यक्त की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में परिवहन सुविधाओं में सुधार पर भी चर्चा की गई। इस बीच केंद्रीय मंत्री ने केंद्र शासित प्रदेश के विकास के लिए केंद्र सरकार की योजना के बारे में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया। गडकरी ने क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर दिया और चल रही परियोजनाओं को देश के बाकी हिस्सों के साथ कनेक्टिविटी के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम बताया।

# केंद्र ने 6,798 करोड़ की दो रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने गुरुवार को रेल मंत्रालय की 6,798 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इन परियोजनाओं से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के 8 जिले कवर होंगे। इन परियोजनाओं को अगले पांच सालों में पूरा किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर बिहार के लिए रेलवे बुनियादी ढांचा और पूर्वोत्तर राज्यों को रणनीतिक संपर्क प्रदान करने के लिए नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलवे लाइन के दोहरीकरण की एक बड़ी परियोजना को आज मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि 4553 करोड़ रुपये की लागत से 256 किलोमीटर रेलवे लाइन के दोहरीकरण से उत्तर प्रदेश और उत्तर बिहार को फायदा होगा। इसके अलावा कैबिनेट ने अमरावती के रास्ते एर्रुपलेम और नंबुरु के बीच 57 किलोमीटर लंबी नई रेललाइन के निर्माण को मंजूरी दी है।

**256 किमी रेलवे लाइन के दोहरीकरण से उत्तर प्रदेश और बिहार को फायदा होगा**

**बिहार और तेलंगाना के 8 जिले कवर होंगे, पांच साल में पूरी होगी परियोजना**

### आंध्र की प्रस्तावित राजधानी अमरावती को सीधी कनेक्टिविटी

नई रेल लाइन परियोजना एर्रुपलेम-अमरावती-नंबुरु आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। नई लाइन आंध्र प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी अमरावती को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। वैष्णव ने कहा कि नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों तक संपर्क मजबूत होगा और मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री ट्रेनों की आवाजाही में सुविधा होगी, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के 8 जिलों को कवर करने वाली दो परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर की वृद्धि होगी। नई लाइन परियोजना 9 नए स्टेशनों के साथ लगभग 168 गांवों और लगभग 12 लाख आबादी को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना दो आकांक्षी जिलों (सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर) में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी, जिससे लगभग 388 गांवों और लगभग 9 लाख आबादी को सेवा मिलेगी।

## पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से बुद्ध के विचारों में विश्वास रखने वालों में खुशी : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के सरकार के फैसले पर गुरुवार को प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इससे भगवान बुद्ध के विचारों में विश्वास रखने वालों में खुशी की भावना जागृत हुई है। मोदी ने कोलंबो में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) द्वारा आयोजित 'पाली एक शास्त्रीय भाषा' विषय पर पैनल चर्चा में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के विद्वानों और भिक्षुओं को भी धन्यवाद दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'इंडिया इन श्रीलंका' हैंडल के पोस्ट के जवाब में मोदी ने कहा, ह्लमुझे खुशी है कि पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के भारत सरकार के फैसले ने भगवान बुद्ध के विचारों में विश्वास रखने वालों में खुशी की भावना जगाई है। कोलंबो में इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विभिन्न देशों के विद्वानों और भिक्षुओं का मैं आभारी हूं। इससे पहले 'इंडिया इन श्रीलंका' ने एक्स पोस्ट में लिखा, पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के भारत के हालिया फैसले का स्वागत करते हुए आईसीसीआर कोलंबो ने 'पाली एक शास्त्रीय भाषा के रूप में' विषय पर एक पैनल चर्चा की मेजबानी की। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीलंका में भारत के उप उच्चायुक्त डॉ. सत्यंजल पांडे और अन्य ने भाग लिया।

### मालदा में कांग्रेस-तृणमूल के बीच झड़प, बमबाजी में छह घायल

**मालदा।** रतुआ-1 ब्लॉक के भादो ग्राम पंचायत का रामपुर गांव एक बार फिर गुरुवार को कांग्रेस व तृणमूल के बीच झड़प में हो गई। इस दौरान बमबारी और गोलीबारी के भी आरोप उठे हैं। इस घटना में छह लोग घायल हो गये है। घायलों को स्थानीय रतुआ ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से दो को मालदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर किया गया है। दरअसल, रामपुर में पिछला पंचायत चुनाव कांग्रेस ने जीता था। उस वक्त तृणमूल पर कांग्रेस के विजय जुलूस पर हमला करने का आरोप लगा था। उक्त हमले में एक कांग्रेस कर्मी की मौत हो गई थी। उस घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने उक्त मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। बाद में मामले के अधिकांश आरोपित जमानत मिलने के बाद गांव लौट आये हैं। इसके बाद से दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद शुरू हो गया है।

### विधानसभा उप चुनाव

## कांग्रेस ने राजस्थान, असम और कर्नाटक में उम्मीदवारों की घोषणा की

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने राजस्थान की सात, कर्नाटक की दो और असम की एक विधानसभा सीट के उपचुनाव में गुरुवार को उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। कांग्रेस की सूची के मुताबिक राजस्थान के झुंझुनू से अमित ओला, रामगढ़ से आर्यन जुबेर, दौसा से दीनदयाल बैरवा, देवली उन्नीआरा से कस्तुर चंद मीणा, खिनसवार से रतन चौधरी, सलूंबर से रेशमा मीना और चौरासी से महेश रौट को उम्मीद्वार बनाया गया है। रामगढ़ और सलूंबर सीटें कांग्रेस नेता जुबेर खान और भाजपा के अमृत लाल मीणा के निधन के कारण खाली हुई हैं। राजस्थान की इन सात सीटों के उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होंगे और मतों की गणना 23 नवंबर को होगी। कांग्रेस ने कर्नाटक के संदुर से ई. अन्नपूर्णा और चन्नापटना सीट से सीपी योगश्वर को चुनाव मैदान में उतारा है। पार्टी ने शिग्गांव सीट के लिए अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है तथा नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। संदुर से भाजपा के तुकाराम, शिग्गांव से पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और चन्नापटना सीट जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी के इस्तीफे के कारण खाली हुई है। इन सभी ने इस साल संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में सांसद चुने जाने के बाद इस्तीफा दिया था। असम की बेहाली विधानसभा सीट पर जयंत बोरा को उम्मीदवार बनाया है। यह घोषणा राज्य में 16 विपक्षी दलों के गठबंधन असम सोनमिलितो मोर्चा के घटक दलों में बेहाली सीट को लेकर जारी विवाद के बीच की गई है। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### प्रियंका के हलफनामे पर भाजपा हमलावर, कहा-

## गांधी परिवार दलितों का अपमान करने में पीछे नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**




वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी के हलफनामे में दी गई जानकारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हमला करते हुए कहा है कि नकली गांधी परिवार दलितों का अपमान करने में पीछे नहीं रहता। गांधी परिवार के दांत दिखाने के और, खाने के और हैं। भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि प्रियंका गांधी का हलफनामा एक कबूलनामा है, जो कांग्रेस और गांधी परिवार के भ्रष्टाचार को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जीजा रॉबर्ट वाडरा की घोषित संपत्ति में इनके देय आयकर 75 करोड़ से ज्यादा है। देश सोनिया गांधी, राहुल गांधी ओर प्रियंका गांधी वाडरा से स्पष्टीकरण चाहता है कि प्रथम दृष्टया गलत तरीके से अर्जित की गई इस संपत्ति के साधन क्या थे। उन्होंने कहा कि किसी को अगर सीखना है तो गांधी परिवार से सीखना चाहिए कि पाखंड क्या होता है। उन्होंने कहा कि एसयूवी और फार्म हाउस वाले क्या जाने कि पिछड़े समाज को कैसे आगे बढ़ाया जाता है। जब प्रियंका गांधी पर्चा भरने अंदर जाती हैं तो पार्टी के अध्यक्ष को बाहर कर दिया जाता है। पार्टी दिखाने भर के लिए दलित नेता को अध्यक्ष बनाती है, सच्चाई यह है कि कांग्रेस दलित विरोधी है।

### जामिया मिल्लिया इस्लामिया के नये कुलपति बने प्रो. मजहर आसिफ

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रो. मजहर आसिफ को जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई), नई दिल्ली का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। भारत सरकार की उप सचिव श्रेया भारद्वाज ने गुरुवार को जेएमआई के रजिस्ट्रार को एक पत्र के माध्यम से इस संबंध में सूचित किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि राष्ट्रपति और जेएमआई की विजिटर ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया अधिनियम, 1988 के प्रावधानों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रोफेसर मजहर आसिफ को जामिया मिल्लिया इस्लामिया का नया कुलपति नियुक्त किया है।

## उप्र विधानसभा उपचुनाव : बसपा ने आठ सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश में हो रहे विधान सभा उपचुनावों के लिए गुरुवार को आठ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। केन्द्रीय कार्यालय की तरफ से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि अंबेडकर नगर की कटेहरी विधानसभा सीट से अमित वर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है। प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट से जितेंद्र कुमार सिंह, मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट पर शाहनजर, कानपुर नगर की शीशामऊ विधानसभा सीट से वीरेंद्र कुमार शुक्ला, मैनपुरी की करहल सीट से अवनीश कुमार शाक्य, मुरादाबाद की कुंदरकी सीट से रफतुल्ला उर्फ नेता छिद्दा, गाजियाबाद की गाजियाबाद विधानसभा सीट से परमानंद गर्ग और मीरजापुर की मझवा विधानसभा सीट से दीपक तिवारी को बहुजन समाज पार्टी ने उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया है।

## पुलवामा में आतंकियों ने उत्तर प्रदेश के युवक को गोली मारी, घायल


**पुलवामा।** पुलवामा जिला स्थित त्राल के बटागुंड गांव में गुरुवार सुबह आतंकियों ने एक 19 वर्षीय गैर-स्थानीय युवक को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि युवक के हाथ में गोली लगी है। उसे त्राल के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी शुभम कुमार (19) पुत्र प्रीतांबर सिंह के रूप में हुई है।

# महाकुंभ 2025 : स्पीड बोट और मिनी क्रूज से मिनटों में संगम पहुंच सकेंगे श्रद्धालु

**एजेंसी। प्रयागराज**

प्रयागराज में 'महाकुंभ-2025' को श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सरल बनाने की तैयारियां पूरे जोर पर हैं। मेला प्राधिकरण, जिला प्रशासन और नगरीय निकाय के सभी विभाग योगी सरकार के निर्देशों के मुताबिक दिव्य, भव्य, नव्य महाकुंभ को साकार करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में यूपी टूरिज्म श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों को विशेष सुविधा देने जा रहा है। इस महाकुंभ में पहली बार यूपी टूरिज्म की ओर से मिनी क्रूज और स्पीड बोट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। श्रद्धालु त्रिवेणी बोट क्लब से संगम स्नान के लिए मिनी क्रूज या स्पीड बोट की सुविधा ले सकेंगे। पर्यटन विभाग की इस सेवा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुगम तरीके से संगम स्नान करवाना है। सीएम योगी के निर्देशों के मुताबिक महाकुंभ में संगम स्नान को अधिक से अधिक सुविधाजनक और सुगम बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग 'महाकुंभ-2025' में पहली बार संगम स्नान के लिए मिनी क्रूज और स्पीड बोट की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। ये सुविधा दिसंबर 2023 से चल रही है, लेकिन महाकुंभ में पर्यटन विभाग पहली बार ये सेवा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यूपीएसटीडीसी की वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा का उद्घाटन सीएम योगी ने ही किया था। इसके माध्यम से प्रयागराज के त्रिवेणी बोट क्लब से संगम तक की यात्रा कुछ मिनटों में ही पूरी की जा सकेगी। प्रयागराज के यमुना बैंक रोड स्थित त्रिवेणी बोट क्लब से ये सुविधा सामान्य दिनों में भी दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य बोट क्लब के पास बने हेलीपैड से आने वाले विदेशी व विशिष्ट श्रद्धालुओं को आसानी से संगम तक पहुंचाना है। त्रिवेणी बोट क्लब, हेलीपैड से वॉकिंग डिस्टेंस पर स्थित है।

### किराया 200 रुपए प्रति व्यक्ति या 2,000 रुपए प्रति घंटा



त्रिवेणी बोट क्लब के संचालक दीपक टंडन ने बताया कि अभी बोट क्लब में 6 सिक्स सीटर स्पीड बोट, 2 थर्टी फाइव सीटर मिनी क्रूज और 2 रेस्क्यू बोट हैं। स्पीड बोट का किराया 200 रुपए प्रति व्यक्ति या 2,000 रुपए प्रति घंटा है, जबकि मिनी क्रूज 150 रुपए प्रति व्यक्ति या 5,000 रुपए प्रति घंटे के किराया पर लिया जा सकता है। दोनों ही बोट को पूरी तरह से परिवार के लिए बुक भी करवाया जा सकता है। मिनी क्रूज में महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए केबिन भी बना है। संगम स्नान के अलावा बोट क्लब पर्यटकों को यमुना की सैर और सुजावन देव मंदिर की यात्रा भी करवाता है। महाकुंभ के दौरान स्पीड बोट की संख्या बढ़ाने का भी प्रयास हो रहा है। इस प्रकार की सुविधा पहले यमुना बोट क्लब, पीडीए भी उपलब्ध करवाता रहा है। पर्यटन विभाग की ओर से महाकुंभ में पहली बार स्पीड बोट और मिनी क्रूज से संगम स्नान का लाभ श्रद्धालु ले सकेंगे।

## आरजी कर केस : तृणमूल युवा नेता के फोन से डेटा पुनः प्राप्त करेगी सीबीआई

**कोलकाता।** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की एक महिला जूनियर डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई तृणमूल कांग्रेस के युवा नेता आशीष पांडे के फोन से हटाए गए कॉल और संदेशों का डेटा पुनः प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। यह डेटा नौ अगस्त को उस सुबह से जुड़ा है जब अस्पताल परिसर में स्थित सेमिनार हॉल में दुष्कर्म पीड़िता का शव पाया गया था। आशीष पांडे आर.जी. कर के पूर्व और विवादास्पद प्राचार्य संदीप घोष के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। जांचकतार्ओं ने कुछ परिस्थितिजन्य साक्ष्य प्राप्त किए हैं, जो संकेत देते हैं कि पांडे के फोन से की गई कॉल और संदेशों का इतिहास जानबूझकर हटा दिया गया था।

## 70 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को एक बार फिर भारतीय कंपनियों की 70 से अधिक फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूत्रों ने बताया कि एअर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो के करीब 20 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि अकासा एयर की करीब 14 उड़ानों को धमकी मिली है। इस तरह पिछले 11 दिनों में करीब 250 उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि, ऐसी धमकियां अभी तक फर्जी साबित हुई हैं। अकासा एअर के प्रवक्ता ने बताया कि उसकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिला है, जो 24 अक्टूबर को अपने गंतव्य की ओर रवाना होने की तैयारी में थी। प्रवक्ता ने कहा कि अकासा एअर का आपातकाल प्रतिक्रिया दल स्थिति पर नजर बनाए रखा है।

# न्यूजीलैंड 259 रन बनाकर ढेर

**पुणे।** भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में गुरुवार को यहां वाशिंगटन सुंदर के 7 विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड की पहली पारी को 259 रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 16 रन बनाए। स्टंप्स के समय सालमी बल्लेबाजी यशस्वी जायसवाल (नाबाद 06) के साथ शुभमन गिल (नाबाद 10) क्रीज पर मौजूद है। रोहित शर्मा पारी के तीसरे ओवर में टिम साउदी की गेंद पर खाता खोले बगैर बोल्ड हुए। भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 243 रन पीछे है और उसके नौ विकेट बचे हुए है। न्यूजीलैंड के 259 रन की पारी में डेवोन कॉनवे (76) और रचिन रविंद्र (65) की अर्धशतकीय पारियों के अलावा मिशेल सेंटनर की 33 रन की पारी प्रभावशाली रही। सुंदर के अलावा भारतीय गेंदबाजों में अश्विन ही थे जिन्होंने 3 विकेट झटके जबकि कोई अन्य गेंदबाज विकेट नहीं ले सका। न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड ने अपनी अंतिम एकादश में एक बदलाव करते हुए चोटिल तेज गेंदबाज मैट हेनरी की जगह बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटरन को शामिल किया है। भारत ने अपनी टीम में तीन बदलाव किए। मोहम्मद सिराज, केएल राहुल और कुलदीप यादव की जगह एकादश में आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर और शुभमन गिल को मौका मिला है। न्यूजीलैंड श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

## भारत ने एक विकेट खोकर बनाए 16 रन





> बेशक, उनके फॉर्म की वजह से दबाव बढ़ रहा है। किसी खिलाड़ी को आंकना या उसके एक प्रदर्शन के आधार पर उसे चुनना या हटाना भी अनुचित है। पिछले 8 या 10 टेस्ट मैचों में उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। यह भी एक तथ्य है। इसलिए, समय बीतता जा रहा है।'
>
> पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा

## केएल राहुल को रिटेन न करने का फैसला ले सकती है एलएसजी

**लखनऊ (आईएएनएस)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी ) केएल राहुल को आईपीएल के आगामी सीजन के लिए रिटेन न करने का फैसला कर सकती है, जिसके परिणामस्वरूप राहुल बड़ी नीलामी का रुख कर सकते हैं। आईपीएल 2024 की समाप्ति के बाद राहुल के इर्द-गिर्द इस तरह के सवाल बने हुए थे कि क्या उन्हें रिटेन किया जाएगा? क्या वह खुद नीलामी का रुख करना चाहते हैं? क्या एलएसजी उन्हें रिटेन करेगी लेकिन वह कप्तान नहीं रहेंगे? आईपीएल के अपने पहले दो सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने के बाद एलएसजी इस बार अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही थी। हालांकि एलएसजी के लिए अब तक सबसे ज्यादा रन राहुल ने ही बनाए हैं। 2022 के सीजन में वह टूनार्मेंट में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। 2023 में चोट के चलते वह नौ मैच खेलने के बाद बाहर हो गए। लेकिन पिछले सीजन एक बार फिर उन्होंने एलएसजी के लिए सर्वाधिक रन बनाए जो कि बल्लेबाज के रूप में आईपीएल में उनके सर्वश्रेष्ठ वर्षों में से एक था। 14 पारियों में राहुल ने 520 रन बनाए। पावरप्ले में भी उन्होंने पहले की तुलना में तेज गति से बल्लेबाजी की।

## खराब फॉर्म में चल रहे केएल राहुल : आकाश चोपड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खराब फॉर्म में चल रहे केएल राहुल और फॉर्म में चल रहे सरफराज खान को जगह देने वाली बहस के बीच पुणे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टेस्ट के टॉस के समय रोहित ने सरफराज के साथ, वाशिंगटन सुंदर और आकाश दीप को भी शामिल किया गया जबकि केएल राहुल, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को बाहर कर दिया गया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि केएल राहुल के लिए समय बीत रहा है, जिन्होंने हाल ही में लाल गेंद वाले क्रिकेट में संघर्ष किया है। चोपड़ा ने कहा, 'बेशक, उनके फॉर्म की वजह से दबाव बढ़ रहा है। किसी खिलाड़ी को आंकना या उसके एक प्रदर्शन के आधार पर उसे चुनना या हटाना भी अनुचित है। पिछले 8 या 10 टेस्ट मैचों में उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। यह भी एक तथ्य है। इसलिए, समय बीतता जा रहा है।' 2003 और 2004 के बीच भारत के लिए 10 टेस्ट खेलने वाले चोपड़ा वर्तमान में भारत बनाम न्यूजीलैंड सीरीज के लिए जियोसिनेमा और स्पोर्ट्स18 के विशेषज्ञ हैं।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने यह भी बताया कि सरफराज के लगातार रन बनाने से केएल राहुल पर दबाव बढ़ गया है।

# दक्षिण अफ्रीका ने 10 साल बाद एशिया में टेस्ट जीता

### बांग्लादेश को हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर पहुंच दक्षिण अफ्रीका

**एजेंसी। ढाका (बांग्लादेश)**




दक्षिण अफ्रीका ने 2014 के बाद एशिया में अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका गुरुवार को ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में बांग्लादेश को हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गया। इस जीत के साथ प्रोटियाज ने अपने अंक प्रतिशत में सुधार करते हुए 47.62 अंक प्राप्त किए जिससे उन्हें न्यूजीलैंड और इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए स्टैंडिंग में चौथा स्थान प्राप्त करने में मदद मिली। बांग्लादेश की हार से उनका अंक प्रतिशत गिरकर 30.56 हो गया और वे सातवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि भारत और ऑस्ट्रेलिया अभी भी स्टैंडिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं।

बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह फैसला उल्टा पड़ गया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों और स्पिनरों ने मददगार परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन किया और बांग्लादेश को मात्र 106 रन पर आउट कर दिया।

कगिसो रबाडा, वियान मुल्डर और केशव महाराज ने तीन-तीन विकेट लिए। महमूदुल हसन जॉय ने 97 गेंदों में 30 रन बनाकर बांग्लादेश के लिए शीर्ष स्कोरर रहे। बांग्लादेश के स्पिनरों ने वापसी की, तैजुल इस्लाम (5/122) और मेहदी हसन (2/63) ने मिलकर सात विकेट लिए, लेकिन काइल वेरिन (144 गेंदों में 114 रन, आठ चौके और दो छक्के) के जुझारू शतक और मुल्डर (112 गेंदों में 54 रन, आठ चौके) और डेन पीट (87 गेंदों में 32 रन, दो चौके) के सहयोग से दक्षिण अफ्रीका को 202 रनों की विशाल बढ़त हासिल करने में मदद मिली।

दक्षिण अफ्रीका 308 रनों पर आउट हो गया। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने तीसरी पारी में एक बार फिर से कमान संभाली और रबाडा ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे मेजबान टीम को एक समय 112/6 पर पहुंचा दिया। हालांकि, मेहदी हसन (191 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 97 रन) ने बांग्लादेश के लिए संघर्ष किया और निचले क्रम के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए टीम को 307 तक पहुंचाया। रबाडा ने अंततः 6/46 के साथ एशिया में अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया।

## 45 साल की उम्र में प्रो टेनिस में डेब्यू करेंगे उरुग्वे के पूर्व फुटबॉल स्टार डिएगो फोर्लान




**मोंटेवीडियो (उरुग्वे)।** उरुग्वे के पूर्व स्ट्राइकर डिएगो फोर्लान अगले महीने एटीपी चैलेंजर टूनार्मेंट के युगल मुकाबले में खेलकर पेशेवर टेनिस में पदार्पण करेंगे। टूनार्मेंट आयोजकों ने पुष्टि की कि 45 वर्षीय फोर्लान क्ले कोर्ट उरुग्वे ओपन में अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया के साथ खेलेंगे। यह टूनार्मेंट 11 नवंबर से शुरू होगा। फोर्लान ने 2019 में फुटबॉल से संन्यास लिया था। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के अलावा फोर्लान मैनचेस्टर यूनाइटेड, एटलेटिको मैड्रिड, इंटरनेजियोनेल और पेनारोल के लिए खेले हैं। उन्होंने उरुग्वे को 2010 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने और 2011 में कोपा अमेरिका खिताब जीतने में मदद की थी। फोर्लान पिछले साल से आईटीएफ मास्टर्स टूनार्मेंट खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पिता पाब्लो फोर्लान ने भी फुटबॉल करियर के खत्म होने के बाद टेनिस खेला था। उरुग्वे के इस पूर्व स्ट्राइकर ने कहा, ह्यमेरे पिता ने 41 साल की उम्र में खेलना शुरू किया था।

## द.अफ्रीका से मिली हार के बाद शांतो का टीम पर फूटा गुस्सा

**ढाका,(आईएएनएस)।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 7 विकेट से मिली हार के बाद अपनी टीम से काफी निराश दिखे। साथ ही उन्होंने टीम से अगले मुकाबले में एकजुट प्रयास करने की अपील की। जीत के लिए 106 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका को चौथी पारी में टोनी डीजो जोरजी के 41 और ट्रिस्टन स्टब्स के नाबाद 30 रनों की मदद से ज्यादा परेशानी नहीं हुई और उन्होंने सात विकेट से मैच जीत लिया। पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस में शांतो ने कहा,हम एक टीम के रूप में हार गए। हम किसी एक की बात नहीं कह रहे हैं, लेकिन हम एक टीम के रूप में बुरी तरह फ्लॉप हुए हैं।

**अलविदा**

## डब्ल्यूएफआई-मंत्रालय विवाद के बीच विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से हटा भारत



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में होने वाली आगामी सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से भारतीय टीम का नाम वापस ले लिया है। खेल की वैश्विक नियामक संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) को भेजे गए पत्र के अनुसार, युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के साथ चल रहे विवाद के कारण यह फैसला लिया है। डब्ल्यूएफआई ने मंत्रालय पर उसके अधिकारों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया है।डब्ल्यूएफआई के एक करीबी सूत्र ने आईएएनएस को बताया, हम अपनी टीम नहीं भेज पाएंगे, क्योंकि पिछले साल मंत्रालय ने हमें निलंबित कर दिया था। इसके अलावा डब्ल्यूएफआई के खिलाफ अदालत की अवमानना ??के कुछ मामले भी हैं, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। मुख्य मुद्दा युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा डब्ल्यूएफआई पर जारी निलंबन है। यह निलंबन पहली बार 24 दिसंबर, 2023 को महासंघ में नए पदाधिकारियों के चुनाव के बाद लगाया गया था। तब से डब्ल्यूएफआई सवालों में घिरी और अधर में लटकी हुई है। इस साल की विश्व चैंपियनशिप, जिसमें 12 गैर-ओलंपिक श्रेणियां शामिल हैं, भारतीय कुश्ती टीम के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होने की उम्मीद थी। हालांकि, स्थिति तब और बिगड़ गई जब डब्ल्यूएफआई ने अंडर-23 और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल की हाल ही में की गई घोषणा को विरोध करने वाले पहलवानों ने अदालत में चुनौती दी। बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक जैसे प्रमुख नामों सहित एथलीटों ने निलंबित डब्ल्यूएफआई द्वारा आयोजित ट्रायल की वैधता पर सवाल उठाया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## बाजार से 20-25 प्रतिशत कम दाम पर मिलेंगी दालें, 'भारत दाल' के दूसरे चरण की हुई शुरूआत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत में दालों की कीमतों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसी बीच भारत ब्रांड के तहत सरकार देश में बाजार से 20 से 25 प्रतिशत कम कीमत पर सस्ती दाल उपलब्ध करवा रही है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अपने सब्सिडी वाले दाल कार्यक्रम का विस्तार करते हुए साबुत चना और मसूर दाल को कम दाम पर उपलब्ध करवाने की पेशकश रखी है। सरकार की इस पहल के साथ चना, मूंग और मसूर दाल को कीमतों में छूट के साथ खरीदा जा सकेगा। इन दालों की खरीदारी कॉपरेटिव रिटेल नेटवर्क और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से की जा सकेगी। साबुत चना 58 रुपये प्रति किलोग्राम, चना दाल 70 रुपये प्रति किलोग्राम, मूंग दाल 107 रुपये प्रति किलोग्राम, साबुत मूंग दाल 93 रुपये प्रति किलोग्राम और मसूर दाल को 89 रुपये प्रति किलोग्राम कीमत पर खरीदा जा सकेगा। 'भारत दाल' के तहत मोबाइल वैन के जरिए बिक्री की जाएगी। 'भारत दाल' के दूसरे चरण की शुरूआत को लेकर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, यह पहल उपभोक्ताओं को किफायती मूल्य पर आवश्यक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि है। राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ), राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और केंद्रीय भंडार जैसी सहकारी समितियों और अन्य चैनलों के माध्यम से यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

### सीमित दायरे में बंद हुआ शेयर बाजार

## हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड रहा टॉप लूजर

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी दिन सीमित दायरे में बंद हुआ। कारोबार के अंत में ऑटो और आईटी सेक्टर में बिकवाली देखने को मिली। सेंसेक्स 16.82 अंक या 0.02 प्रतिशत की गिरावट के बाद 80,065.16 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 36.10 अंक या 0.15 प्रतिशत गिरने के बाद 24,399.40 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 183.80 अंक या 0.33 प्रतिशत फिसलने के बाद 56,349.75 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 37.50 अंक या 0.20 प्रतिशत फिसलने के बाद 18,249.15 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 292.15 अंक या 0.57 प्रतिशत चढ़ने के बाद 51,531.15 पर बंद हुआ। निफ्टी के ऑटो, आईटी, एमसीजी, मेटल, रियल्टी और मीडिया सेक्टर में बिकवाली देखने को मिली। वहीं, पीएसयू बैंक, फिन सर्विसेज, फार्मा, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा, कमोडिटीज में खरीदारी हुई। बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,590 शेयर्स हरे, 2,343 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, 100 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, एम एंड एम, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी और सन फार्मा टॉप गेनर्स थे। वहीं, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, नेस्ले इंडिया, आईटीसी, मारुति और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे।

## अदाणी ग्रुप की सीमेंट कंपनी एसीसी की दूसरी तिमाही में आय 4,614 करोड़ रुपये रही




**अहमदाबाद(आईएएनएस)।** अदाणी ग्रुप की सीमेंट और बिल्डिंग मटेरियल कंपनी एसीसी लिमिटेड की ओर से गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजे पेश किए गए। कंपनी को जुलाई से सितंबर की अवधि में 4,614 करोड़ रुपये की आय हुई है। इसमें सालाना आधार पर 4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

कंपनी की वॉल्यूम में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह 9.3 मिलियन टन रहा है। दूसरी तिमाही में वॉल्यूम में हुई वृद्धि पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। अंबुजा सीमेंट्स की सहायक कंपनी एसीसी लिमिटेड के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का ऑपरेटिंग ईबीआईटीडीए 436 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान कंपनी की नेटवर्थ 16,725 करोड़ रुपये की हो गई है। एसीसी के पूर्ण-कालिक डायरेक्टर और सीईओ अजय कपूर ने कहा कि दूसरी तिमाही का प्रदर्शन सीमेंट सेक्टर में हमारी मजबूत स्थिति को दिखाता है।

## डेढ़ लाख एकड़ से अधिक का लैंडबैंक तैयार करने में जुटी योगी सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश बनाने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार प्रयासरत है। सरकार का लक्ष्य 2027 तक 1.5 लाख एकड़ से अधिक का लैंडबैंक तैयार करना है, जिससे राज्य में औद्योगिक निवेश और विकास के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जा सके। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने प्रस्तुत की गई वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी से संबंधित एक रिपोर्ट में बताया गया कि सितंबर 2024 तक सरकार ने 54 हजार एकड़ भूमि का लैंडबैंक तैयार कर लिया है। इसमें से 30-40 प्रतिशत भूमि का उपयोग औद्योगिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह भूमि यूपीसीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा, और गीडा जैसे प्रमुख औद्योगिक विकास प्राधिकरणों द्वारा अधिग्रहित की जा रही है, जो राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक परियोजनाओं के लिए आवंटित होगी। योगी सरकार का लक्ष्य 2024-25 के वित्तीय वर्ष के अंत तक 82 हजार एकड़ भूमि का लैंडबैंक तैयार करना है। इसके बाद अगले दो से तीन साल में शेष भूमि का अधिग्रहण और आवंटन करके 1.5 लाख एकड़ से अधिक का लैंडबैंक तैयार किया जाएगा। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 21,751 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है, जो औद्योगिक विस्तार के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

## तेल की अस्थिरता के बीच अपरिवर्तित खुदरा ईंधन की कीमतें इंडस्ट्री के लिए लाभदायक

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों और तेल की बदलती कीमतों के बीच अपरिवर्तित खुदरा ईंधन कीमतें उद्योग को लाभ प्राप्त करने में मदद करेंगी। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 तक 10 वर्षों की अवधि में परिचालन लाभ औसतन 9-11 डॉलर प्रति बैरल से अधिक होगा। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के निरंतर पर्याप्त पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) को समर्थन मिलेगा। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 में तेल विपणन कंपनियों का परिचालन लाभ पिछले वित्त वर्ष के 20 डॉलर प्रति बैरल से घटकर 12-14 डॉलर प्रति बैरल रह जाएगा।

## प्रियंका गांधी इन्वेस्टमेंट के लिए करती हैं सरकारी कंपनियों पर भरोसा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की ओर से अक्सर सरकारी कंपनियों की आलोचना की जाती है, लेकिन निवेश के लिए उनकी पहली पसंद पीएसयू शेयर ही हैं। केरल के वायनाड में लोकसभा के लिए उपचुनाव लड़ रहीं प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा दिए गए हलफनामे के मुताबिक, उन्होंने शेयर बाजार में भी निवेश किया हुआ है और उनके पोर्टफोलियो में कुल 18 कंपनियां शामिल हैं, जिसमें से 6 कंपनियां सरकारी क्षेत्र की हैं। हलफनामे में दी गई जानकारी के मुताबिक कांग्रेस नेत्री के कुल स्टॉक पोर्टफोलियो की वैल्यू 18 अक्टूबर तक 65,72,012 रुपये है। इसमें से 19,08,875 रुपये सरकारी शेयरों में निवेशित हैं। उनके पोर्टफोलियो में शामिल पीएसयू में रेलवे और खनन क्षेत्र की कंपनियां हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के पास इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के 1,000 शेयर हैं और इनकी वैल्यू 2,21,800 रुपये है। उनके पास नेशनल एलुमिनियम के 2,000 और एनएमडीसी के 1,000 शेयर हैं, जिनकी वैल्यू क्रमशः 4,64,000 रुपये और 2,31,450 रुपये है। इसके अतिरिक्त प्रियंका गांधी वाड्रा के पास रेल विकास निगम लिमिटेड और राइट्स लिमिटेड के 1,000-1,000 शेयर हैं।

# आरक्षण और संविधान पर कोई आंच नहीं आने दूंगा: चिराग



**हेमंत सरकार ने झारखंड की गरीब जनता का पैसा लूटा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चतरा विधानसभा से लोजपा प्रत्याशी जनार्दन पासवान के नामांकन सभा में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान के संघर्षों की कसम खाकर कहता हूं कि जब तक चिराग पासवान जिंदा है तब तक आरक्षण और संविधान पर कोई आंच नहीं आएगी। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएमएम कांग्रेस की सरकार ने झारखंड को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार राज्य के गरीबों का पैसा लूटकर अपने घरों में भरने का काम कर रहे हैं। जेएमएम कांग्रेस ने राज्य में महिलाओं को असुरक्षित कर दिया है। युवाओं को पांच लाख नौकरी देने के नामपर पांच सालों तक ठगा। इसलिए झारखंड को भ्रष्टाचार और लूट की सरकार से मुक्त करने के लिए भाजपा की सरकार बनानी जरूरी है। चिराग पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार में राम मंदिर बना। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी उन्होंने राम मंदिर के बारे में सोचा तक नहीं। पांच सौ सालों से हमारे रामलला धूप, धूल, गर्मी, बरसात सहते रहे। कांग्रेस की सरकार के दौरान श्री राम जी को टेंट में रहना पड़ा और उनकी कोई सूद लेने वाला नहीं था। लेकिन देश में भाजपा की सरकार बनते ही श्री राम भक्तों को भव्य राम मंदिर देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिसका लोकार्पण और श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया।

# दाना तूफान से भी ज्यादा खतरनाक है हेमंत सरकार : शिवराज सिंह चौहान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज दाना तूफान आ रहा है, ये तूफान तो दो दिन में निकल जाएगा, लेकिन यदि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार एक बार और आई तो, ये झारखंड को बर्बाद कर देगी। उन्होंने रांची में हुई बेटी के बलात्कार की घटना को लेकर राज्य सरकार को घेरा।शिवराज गुरुवार को हरमू मैदान में हटिया विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार नवीन जायस्वाल के नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सरकार में 7,400 बलात्कार हुए हैं। हेमंत सरकार में रुबिका पहड़िया जैसी बेटियों को काट कर फेंक दिया गया। हेमंत सोरेन की सरकार बर्दाश्त करने लायक नही हैं। उन्होंने जनता से सवाल किया कि ऐसी सरकार को बर्दाश्त करेंगे क्या? जेएमएम सरकार में हमारी बेटियां अपमानित है, माता अपमानित है। घुसपैठ मुद्दे पर कहा कि राज्य में बांग्लादेशी आते हैं, ये बेटियों से शादी करते हैं और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। और हेमंत सोरेन की सरकार बांग्लादेशी के घुसपैठियों का स्वागत करती है। अगर दोबारा पांच साल के लिए हेमंत सरकार आ गई तो झारखंड बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने युवाओं को पांच लाख नौकरी हर साल देने का वादा किया था। आज चार साल 10 महीने हो गए, लेकिन किसी को नौकरी नहीं दी। अभी जब चुनाव नजदीक आया तो सिपाही भर्ती के नाम पर नौजवानों को मरने के लिए दौड़ा दिया।




## तख्त बदल तो ताज बदल दो, लूटरी हेमंत सरकार बदल दोः संजय सेठ

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि तख्त बदल दो ताज बदल दो बेईमानों का राज बदल दो। आज झारखंड परिवर्तन के लिए तैयार है। जेएमएम कांग्रेस की झूठ बोलने वाली सरकार का परिवर्तन, फरेब वाली सरकार का परिवर्तन। हेमंत सरकार ने राज्य की जनता को सिर्फ मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाए। राज्य सरकार ने युवा, महिला और किसानो को पांच सालों तक ठगा। हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की रोटी बेटी और माटी को लूटने का काम किया है, लेकिन गठबंधन कांग्रेस जेएमएम की सरकार का बालू खाकर भी पेट नहीं भरा, कोयला खाकर भी पेट नहीं भरा, खनिज खाकर पेट भी नहीं भरा।



## कांग्रेस ने झारखंड आंदोलन को कुचलने का किया काम, भाजपा ने समझा आदिवासियों का दर्दः चंपाई सोरेन

**रांची।** घाटशिला से भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन के नामांकन सभा में गुरुवार को चंपाई सोरेन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड को बनाने में हम लोगों ने लंबा संघर्ष किया है। पहले देश में कांग्रेस की सरकार रह चुकी है, लेकिन झारखंड आंदोलन को कांग्रेस ने नजदीक से नहीं देखा। कांग्रेस ने कभी झारखंड के आदिवासी, मूलवासियों की भावना को नहीं समझ सकी। उस आंदोलन में कितने ही बहु बेटियों का सिंदूर मिट गया। कांग्रेस की सरकार ने कभी आदिवासी, मूलवासियों के हित में नहीं सोचा। दलितों आदिवासियों के हित के लिए कांग्रेस ने कभी काम नहीं किया। आज वे झारखंड के हित की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा झारखंड आंदोलन को कुचलने का काम किया। कांग्रेस ने झारखंड के साथ कभी न्याय नहीं किया। चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलन को जब देश में भाजपा की सरकार बनी तो उस समय के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने समझा। उन्होंने झारखंड आंदोलन को नजदीक से देखा। उन्होने दलित, आदिवासी और मूलवासियों के दर्द को समझा।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश की हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। आए दिन हत्या, अपहरण की घटनाएं घट रही हैं। बहू बेटी तक सुरक्षित नहीं हैं। सरकार का काम अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल में डालना है, लेकिन हेमंत सरकार खुद वसूली में लगी हुई है।

गुरुवार को गिरिडीह में नामांकन जनसभा को संबोधित करते हुए मरांडी ने कहा कि पहले गांव में सड़क नहीं होती थी। पुल पुलिया भी नहीं होते थे। हालत देखकर लगता था कि कभी सड़कें या पुल पुलिया बनेंगे भी या नहीं। केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद गांव-गांव तक सड़कें बन गई। घर-घर तक बिजली पहुंच गई। गांव-गांव तक सड़क और बिजली पहुंचाने का काम भाजपा ने किया है। भाजपा जो करती है, उसे पूरा करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि कोई भी गरीब पक्के छत के बिना नहीं रहेगा। सबको पक्का मकान दिया जाएगा। एक प्रोत्साहन राशि भी छात्रों के लिए है। जो बीए और एमए पास करके रोजगार और नौकरी की तलाश करते हैं, उन्हें भी प्रत्येक महीना दो वर्षों तक 2000 रुपये



दिये जाएंगे, ताकि बच्चे प्रतियोगिता की तैयारी कर सकें। संघर्ष के समय भाजपा उनका साथ देगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में लाखों सरकारी पद खाली पड़े हैं। हेमंत सरकार ने वादा किया था कि हर साल परीक्षा लेकर नियुक्ति करेंगे, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। एनडीए की सरकार इन खाली पदों को भी पांच वर्षों में भरेगी। एनडीए की सरकार बनने के 1 साल के अंदर डेढ़ लाख खाली पदों को भरा जाएगा। पांच वर्षों में पांच लाख नए रोजगार अन्य क्षेत्रों में सृजित किया जाएगा। भाजपा का यह संकल्प है कि राज्य में एनडीए की सरकार बनने पर महिलाओं को महीने की 11 तारीख को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये उनके बैंक खाते में डाल दिए जाएंगे। इसका निर्णय पहली कैबिनेट में होगा। एनडीए की सरकार बनने पर 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। साल में पर्व पर दो गैस सिलेंडर फ्री दिया जाएगा।

# टिकट बंटवारे में बाहरी नेताओं के आगे पीछे होते रहा भाजपा नेतृत्वः राजीव रंजन

**एक असम का व्यक्ति झारखंड को कैसे जानेगा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देने के बाद पूर्व आईपीएस राजीव रंजन ने अपनी मन की बात राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार से साझा किया। किन परिस्थितियों में राजनीति में आने का फैसला लिया और किन परिस्थितियों में भारतीय जनता पार्टी को छोड़ा इन बातों का भी जिक्र किया। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के संवाददाता रजनीश के साथ बातचीत का अंश-

**प्रश्न :** पुलिस प्रशासनिक सेवा से भाजपा में जाने का मन आपका कैसे बना?

**उत्तर :** भाजपा में जाने के पीछे मेरा मुख्य कारण यह था कि झारखंड के प्रतियोगिता परीक्षाओं में हिंदी को हटा दिया गया, और इस बात से मैं उसी वक्त भाव खो गया जब मैं पलामू गया था। कई लोगों ने इस विषय को मेरे सामने रखा। इसलिए मैं भारतीय जनता पार्टी में गया। भारतीय जनता पार्टी में जाने के पहले मैंने कई बड़े नेताओं से बातचीत की थी। जमशेदपुर पश्चिम सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जताई थी।



उन्होंने कहा था कि ठीक है क्योंकि उस वक्त उस सीट में कोई नहीं था। अब वह सीट जदयू के खाते में चला गया है हालांकि मैं उसका विरोधी नहीं हूं। मुझे इस बात से दुख है कि जिस प्रकार से सीटों का बंटवारा किया गया यह गलत तरीके से हुआ। जमशेदपुर पूर्वी में एक ऐसी महिला को टिकट दे दिया गया जिसका परिवार रसूखदार है। कभी राजनीतिक कोई काम नहीं रहा केवल महामहिम जी की बहू है इसलिए टिकट मिल गया।

**प्रश्नः क्या आप चुनाव लड़ेंगे**

**उत्तरः** नहीं मैं चुनाव नहीं लड़ना चाहता हूं अब 2029 में ही चुनाव लड़ूंगा।

**प्रश्न : क्या किसी दल में जाने की इच्छा रखते हैं?**

**उत्तर :** नहीं किसी भी पार्टी में अभी जाने की कोई तत्काल इच्छा नहीं है।

**प्रश्नः सोशल मीडिया में आपका रिजाइन लेटर को लेकर काफी ट्रोल किया जा रहा है? यह कहा जा रहा है कि आपको हिंदी लिखना नहीं आता है?**

**उत्तर :** सोशल मीडिया में जो लोग ट्रोल कर रहे हैं। सभी किसी न किसी पार्टी से जुड़े हुए हैं। हो सकता है कि मैं रिजाइन किया तो कुछ लोग मुझे भड़का रहे हों। मैंने जो लिखा है वह

# अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर (इन-स्पेस) के तत्वावधान में अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड की स्थापना को मंजूरी दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र सुधारों के तहत अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने और निगरानी के लिए इन-स्पेस की स्थापना की। इन-स्पेस ने भारत की अंतरिक्ष, अर्थव्यवस्था के विकास का समर्थन करने के लिए 1000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड का प्रस्ताव दिया, जिसका मूल्य वर्तमान में 8.4 बिलियन डॉलर है, इसे 2033 तक 44 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य है। सरकार समर्थित फंड निवेशकों का विश्वास बढ़ाएगा, निजी पूंजी को आकर्षित करेगा और अंतरिक्ष सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के रूप में काम करेगा। यह सेबी नियमों के तहत एक वैकल्पिक निवेश कोष के रूप में काम करेगा, जो स्टार्टअप्स को प्रारंभिक चरण की इक्विटी प्रदान करेगा और उन्हें आगे निजी इक्विटी निवेश के लिए सक्षम करेगा। इन स्पेस का उद्देश्य अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम में स्टार्टअप का समर्थन कर भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देना है। इससे व्यवसायों के विस्तार, अनुसंधान एवं विकास में निवेश और कार्यबल के विस्तार में मदद मिलेगी। प्रत्येक निवेश इंजीनियरिंग, सॉफ्टवेयर विकास, डेटा विश्लेषण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सैकड़ों प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकता है, साथ ही आपूर्ति श्रृंखला, लॉजिस्टिक्स और पेशेवर सेवाओं में हजारों अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा कर सकता है। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और अंतरिक्ष बाजार में भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देगा।

# जस्टिस खन्ना होंगे देश के अगले मुख्य न्यायाधीश, 11 नवंबर को लेंगे शपथ

**नई दिल्ली।** जस्टिस संजीव खन्ना देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) होंगे। वे 11 नवंबर को सीजेआई की शपथ लेंगे। इससे एक दिन पहले यानी 10 नवंबर को वर्तमान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ पद मुक्त हो जाएंगे। डीवाई चंद्रचूड़ ने आठ नवंबर 2022 को सीजेआई का पदभार ग्रहण किया था। जस्टिस खन्ना का सीजेआई के रूप में कार्यकाल छह महीने से कुछ अधिक होगा। वह अगले साल 13 मई को पदमुक्त होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के संविधान द्वारा दी गई शक्ति का इस्तेमाल करते हुए देश की राष्ट्रपति, सीजेआई से परामर्श के बाद सुप्रीम कोर्ट के जज संजीव खन्ना को 11 नवंबर 2024 से देश के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करती हैं। उल्लेखनीय है कि सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने बीते दिनों अपने उत्तराधिकारी की सिफारिश की थी। उन्होंने केंद्र सरकार को लिखे पत्र में सीजेआई के उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस खन्ना के नाम का प्रस्ताव रखा था। सिफारिश में उन्होंने कहा था कि संजीव खन्ना अगले चीफ जस्टिस होंगे। उनकी सिफारिश को सरकार ने स्वीकार कर लिया है। जनवरी 2019 में जस्टिस खन्ना को दिल्ली हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किया गया था। बतादें कि 14 मई 1960 को जन्मे खन्ना ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के कैंपस लॉ सेंटर से कानून की पढ़ाई की है। साल 1983 में उन्होंने दिल्ली बार काउंसिल में बतौर वकील अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। शुरूआती दिनों में उन्होंने तीस हजारी कोर्ट में प्रैक्टिस की। इसके बाद हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे। 14 साल तक जस्टिस खन्ना दिल्ली हाई कोर्ट में जज रहे। 17 जून 2023 से 25 दिसंबर 2023 तक वो सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विस कमेटी के अध्यक्ष रहे।

# आरयू के अतिथि शिक्षकों के निष्कासन का प्रस्ताव पारित

**अंतिम कैबिनेट में एचआरडी सचिव राहुल पुरवार ने 124 अतिथि शिक्षकों की नौकरी समाप्त करने का प्रस्ताव पारित करा लिया**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची विश्वविद्यालय में पिछले 7 वर्षों से कार्य कर रहे अतिथि शिक्षक पिछले कई वर्षों से आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में समायोजन करने की मांग कर रहे थे। इसे लेकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार ने 14 अक्टूबर 2024 को अपने अंतिम कैबिनेट में इस प्रस्ताव को लाया और अतिथि शिक्षकों को आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में सेवा लेने से संबंधित प्रस्ताव को पारित भी कर दिया।लेकिन यह प्रस्ताव ऐसा बनाया गया जिसमें न तो इनका समायोजन किया गया और न इनकी नौकरी रही। इस प्रस्ताव में आवश्यकता आधारित शिक्षक की नई बहाली में दोबारा फॉर्म भरने तथा साक्षात्कार में शामिल होने का निर्देश दिया गया। अर्थात पुनः नई बहाली की सारी प्रक्रिया की जाएगी। वहीं दूसरी ओर इसी प्रस्ताव में जिस संकल्प 1755 के द्वारा इन अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। उस संकल्प को भी निरस्त कर दिया गया। इस कारण अब यह स्थिति उत्पन्न हो गई है कि न नौकरी रही और न इनका समायोजन हो पाया। इस तरह से रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत 124 अतिथि शिक्षक की नौकरी अब समाप्त मानी जा रही है। इस पर संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि यह कैसा प्रस्ताव था कि नौकरी देने के नाम से पहले की नौकरी को छीन लेना,यह पूरे हेमंत कैबिनेट का मजाक है, हेमंत कैबिनेट को धोखा दिया गया है। इस पर संघ के संयोजक डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि सचिव राहुल पुरवार तथा उपनिदेशक विभा पांडेय ने हेमंत कैबिनेट को बोका बनाया, जिनकी नियुक्ति पहले से नियम संगत हुई है। उन्हें फिर से फॉर्म भराना और साक्षात्कार कराना, और नियुक्ति नहीं होती है तो नौकरी समाप्त माना जाएगा का फरमान जारी करना, यह झारखंड में अफसर शाही को दर्शाता है। ये लोग सभी अतिथि शिक्षकों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि इन अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार के संकल्प 1755 के तहत की गई थी जिसमें इन अतिथि शिक्षकों को नेट उत्तीर्ण कक्षा आधारित शिक्षक कहा गया है, जिसमें स्पष्ट निर्देशन था कि जब तक परमानेंट की बहाली नहीं हो जाती है तब तक इनको नहीं हटाया जा सकता, लेकिन कैबिनेट के माध्यम से इस संकल्प को ही निरस्त कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर आवश्यकता आधारित शिक्षकों को 57700 रुपया प्रतिमाह मानदेय का भुगतान किया जा रहा है जबकि सरकार के द्वारा ही नियुक्त इन अतिथि शिक्षकों को 17 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।



# खेल टीम भावना,अनुशासन और जीत की भावना सिखाता है : कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज महिला कबड्डी टूर्नामेंट 2024 को रांची विमेंस कॉलेज होस्ट कर रहा है। उद्घाटन सत्र में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि आज आपके महाविद्यालय में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन हुआ है। यह हमारे रांची विश्वविद्यालय के युवा खिलाड़ियों के लिए एक अद्भुत अवसर है। मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाए देता हू और उन्हें इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करता हू। खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हमें टीम भावना, अनुशासन और जीत की भावना सिखाते हैं। कबड्डी जैसे खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि आपकी मेहनत और समर्पण का फल आपको जरूर मिलेगा। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर सुप्रिया ने उनका धन्यवाद किया एवं कहा कि इस टूर्नामेंट के माध्यम से हम अपने युवा पीढ़ी

**मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाए देता हू और उन्हें इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करता हू।**

को प्रोत्साहित करना चाहते हैं और उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। आप सभी लड़कियां अपनी मेहनत और समर्पण से यहाँ तक पहुंची हैं और मुझे गर्व है कि आप अपने अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। आप सभी लड़कियों को मेरी ओर से शुभकामनाएं और मैं आप सभी को इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करता हू। आप सभी अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित रहें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। रांची विमेंस कॉलेज के साइंस ब्लॉक के मैदान में आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में रांची विमेंस कॉलेज, संत जेवियर्स कॉलेज,बी एन जालान कॉलेज सिसई, बीएस कॉलेज लोहरदगा, आरएलएसवाई कॉलेज रांची, बिरसा कॉलेज खूंटी की टीम शामिल हुई है।

## पेज एक के शेष

**उरुर जंगल में स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त...**

दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों में जावेद अंसारी, आसीन अंसारी, मुस्तकीम मियां (उम्र 55) शामिल हैं। तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनमें मोहम्मद नईम का नाम शामिल है।

**पुलिस- टीएसपीसी नक्सली के बीच...**

लाभ उठाते हुए भागने में सफल रहे। इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके को घेर कर एक-एक इलाके की छानबीन शुरू की। सर्च अभियान में नक्सली पर्चे, दैनिक उपयोग में आने वाले खाद्य सामग्री, मोबाइल फोन व चार्जर, मेडिकल सामग्री,प्लास्टिक की चटाई, छाता, टांगी, 6.18 गोलियों का खोखा,पहनने का कपड़ा बरामद की है। पलामू पुलिस की यह कार्रवाई आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि क्षेत्र में शांति बहाल की जा सके।

**सियासी शक्ति प्रदर्शन का...**

लोहरदगा से मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार, जमशेदपुर पश्चिमी से मंत्री बन्ना गुप्ता और महगामा से मंत्री दीपिका पांडेय सिंह प्रमुख हैं। आजसू पार्टी के जिन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया, उनमें गोमिया से लंबोदर महतो, लोहरदगा से नीरू शांति भगत और जुगसलाई से रामचंद्र सहिस के नाम शामिल हैं। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से कोडरमा सीट से सुभाष प्रसाद यादव और समाजवादी पार्टी की ओर से गढ़वा सीट पर पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने पर्चा दाखिल किया। झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होना है। पहले चरण के लिए 25 अक्टूबर और दूसरे चरण के लिए 29 अक्टूबर नामांकन की आखिरी तारीख है।

**सीएम ने पिता शिबू की कसम...**

भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में घोटाले की सीबीआई से जांच कराएंगे। जेएमएम-कांग्रेस की सरकार में जिसने भी पेपर लीक करने का महापाप किया है, उन सभी को भाजपा की सरकार सबक सिखाएगी। इस बार राज्य में भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई में सरकार बनेगी। इस बार हमारे साथ जनता दल यूनाइटेड, आजसू और लोजपा भी हैं। हम सब मिलकर यह चुनाव जीतेंगे। सभा के पहले जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू, पोटका से मीरा मुंडा, जुगसलाई से आजसू पार्टी के रामचंद्र सहिस और जमशेदपुर पश्चिमी से जदयू के प्रत्याशी सरयू राय ने नामांकन के पर्चे दाखिल किए। सभा में चारों प्रत्याशी भी मौजूद रहे।

**विपक्ष के प्रवासी मुख्यमंत्री चुनाव के बाद...**

अपने काम में लगेंगे और हम अपने काम में लगेंगे। सोरेन ने कहा कि वह झारखंड विरोधी ताकतों और साजिशकर्ताओं के सामने कभी नहीं झुके और न ही कभी झारखंड को झुकने देंगे। भारतीय जनता पार्टी की ओर से उनकी सरकार पर उठाए जा रहे सवालों के बारे में पत्रकारों ने जब हेमंत सोरेन से प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा कि विपक्ष के हजारों नेता यहां आकर गिरे हुए हैं। उनके सवालों का जवाब देने का ठेका हमने नहीं ले रखा। हम जनता के प्रति जवाबदेह हैं। जनता से हमारा लगातार संवाद जारी है। हेमंत सोरेन ने बरहेट क्षेत्र से नामांकन करने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, ह्यमुझे अमर शहीदों सिदो-कानू, फूलो-झानो और चांद-भैरव की क्रांतिकारी भूमि बरहेट विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने का सौभाग्य मिला। हम वीर शहीदों और क्रांतिकारियों के सपनों के अनुसार झारखंड का निर्माण करेंगे।'

**हेमंत से ज्यादा अमीर कल्पना पांच साल...**

हुई है। हेमंत सोरेन के पास मात्र 45 हजार रुपये नकद हैं जबकि उनकी पत्नी कल्पना के पास दो लाख पांच हजार रुपये हैं। बैंकों में जमा रकम की बात करें तो यहां भी कल्पना ने हेमंत को पीछे छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री के बैंक खातों में 74 लाख 28 हजार 676 रुपये और 53 पैसे जमा हैं, जबकि विधायक कल्पना सोरेन के खातों में 81 लाख 31 हजार 348 रुपये 70 पैसे हैं। हेमंत सोरेन ने बॉन्ड, शेयर और म्यूचुअल फंड आदि में कुल पांच लाख 24 हजार 612 रुपये का निवेश किया है, जबकि उनकी पत्नी का कुल निवेश 61 लाख 46 हजार 374 रुपये है। हेमंत ने जीवन बीमा और पीपीएफ में 43 लाख 39 हजार 566 रुपये का निवेश किया है, जबकि इन्हीं मदों में कल्पना सोरेन ने 64 लाख 90 हजार 78 रुपये का निवेश कर रखा है। गाड़ियों की बात करें तो हेमंत सोरेन के पास अपने नाम पर वर्ष 2008 में खरीदी गई मात्र एक कार है, जिसका मौजूदा बाजार मूल्य 60 हजार रुपये बताया गया है। वहीं, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के पास 56 लाख 20 हजार 138 रुपये के बाजार मूल्य वाली तीन गाड़ियां हैं। इनमें 32 लाख से भी अधिक मूल्य वाली अरबेनिया व्हीकल भी शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि तीनों गाड़ियां 2021, 2022 और 2023 में खरीदी गई हैं। हेमंत सोरेन के पास 18 लाख 91 हजार 152 रुपये मूल्य की एक इटैलियन चेन और तीन डायमंड नेकलेस हैं। वहीं, कल्पना सोरेन के पास 91 लाख 97 हजार 352 रुपये के जेवरात हैं। हेमंत सोरेन के पास 23 भू-खंड हैं जिनका मौजूदा बाजार मूल्य मात्र एक करोड़ 92 लाख 77 हजार 697 रुपये बताया गया है। जमीनें धनबाद जिले के गोविंदपुर, बोकारो के जरीडीह और रांची के अनगड़ा में हैं। उन्होंने अनगड़ा की जमीन लीज पर ले रखी है। उनकी पत्नी कल्पना के पास मौजूद कॉमर्शियल भवनों का मूल्य 11 करोड़ 58 लाख 20 हजार रुपये है। हेमंत-कल्पना सोरेन के दोनों बेटों के पास भी लाखों की संपत्ति है। बड़े बेटे के पास 37 लाख 12 हजार 460 रुपये की चल संपत्ति है, जबकि छोटे पास के पास मौजूद चल संपत्ति का मूल्य 35 लाख 72 हजार 440 रुपये है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# तटरक्षक बल के लिए 06 'होवरक्राफ्ट' खरीदे जाएंगे, 33 महीनों में होगी आपूर्ति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय तटरक्षक बल के लिए 06 एयर कुशन वाहनों के अधिग्रहण का एक समझौता चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया है। इन उभयचर जहाजों को 'होवरक्राफ्ट' भी कहा जाता है, जिनका निर्माण पहली बार आत्मनिर्भर पहल के तहत भारत में स्वदेशी रूप से किया जाएगा। जहाज निर्माण उद्योग में भारत की बढ़ती क्षमता के लिहाज से इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि इन होवरक्राफ्ट की आपूर्ति 33 महीनों में की जानी है। रक्षा मंत्रालय और चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के बीच यह अनुबंध तकनीकी उत्कृष्टता और औद्योगिक कौशल के केंद्र के रूप वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को मजबूत करता है, जिससे रोजगार के लिए नया रास्ता भी खुलेगा। यह समझौता स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं, तकनीकी विशेषज्ञता और समुद्री आर्थिक गतिविधि बढ़ाने के साथ-साथ सहायक उद्योगों, विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। इस परियोजना को उभयचर जहाजों के रखरखाव के लिए मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इनके अधिग्रहण का उद्देश्य तटरक्षक बल की क्षमता को बढ़ावा देना और समुद्री सुरक्षा के प्रति भारत सरकार के बढ़ते फोकस को मजबूत करना है। इस पहल का उद्देश्य स्वदेशी सहायक उद्योगों के विकास को प्रोत्साहित करना है, जिससे देश की आत्मनिर्भरता और बढ़ेगी।



## समुद्री क्षेत्र में प्रगति का आधार तैयार किया जाएगा

इस प्रयास के माध्यम से समुद्री क्षेत्र में दीर्घकालिक प्रगति के लिए एक आधार तैयार किया जाएगा, जिससे नवाचार और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इन आधुनिक एयर कुशन वाहनों का उपयोग बहुउद्देशीय समुद्री भूमिकाओं के लिए दिन एवं रात में किया जाएगा, जिसमें उच्च गति तटीय गश्त और टोही, दलदली क्षेत्रों, गहरे समुद्र और अवरोधन सहित बहुउद्देशीय समुद्री भूमिकाएं हैं। साथ ही संकट में जहाजों, शिल्पों और एसीवी को सहायता देना भी शामिल है। कई उच्च तकनीक उन्नत सुविधाओं और उपकरणों के साथ ये एयर कुशन वाहन उथले पानी में भी कर्मियों, स्टोर और रसद ले जाने में सक्षम होंगे, जिससे तटरक्षक बल को नए युग की बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने की क्षमता मिलेगी।

- रक्षा मंत्रालय ने चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया समझौता
- एयर कुशन वाहन का उपयोग समुद्री भूमिकाओं के लिए दिन-रात किया जाएगा

तुर्की रक्षा कंपनी पर हमला

# अंकारा का बदला, 32 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक

**काबुल।** तुर्की की वायु सेना ने इराक और सीरिया में कुर्द ठिकानों पर हमला किया। इस कार्रवाई को टीयूएसएएस पर हुए आतंकी हमले का बदला बताया जा रहा है। तुर्की के आंतरिक मंत्री ने बुधवार को बताया कि अंकारा में तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज इंक (टीयूएसएएस) पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए और 22 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार को एयर स्ट्राइक में 32 ठिकानों को 'नष्ट' कर दिया गया, लेकिन किन लोकेशन पर हमला किया गया इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। बयान में कहा कि नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए 'सभी प्रकार की सावधानियां' बरती गईं।

**एयरोस्पेस कंपनी हमले में शामिल एक आतंकी की हुई पहचान :** तुर्की एयरोस्पेस कंपनी टीयूएसएएस की फैसिलिटी पर आतंकवादी हमले में शामिल हमलावरों में से एक की पहचान हो गई। तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि महिला हमलावर की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

बड़े बदलाव लाने में सक्षम है ब्रिक्स

# न्यायसंगत विश्व व्यवस्था के लिए करना होगा काम : विदेश मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि ब्रिक्स विश्व व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने में सक्षम है। इसके लिए संगठन को स्वतंत्र प्रकृति के प्लेटफार्मों को मजबूत करना होगा और स्थापित संस्थानों एवं तंत्रों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार लाना होगा। इसके अलावा अधिक उत्पादन केंद्र बनाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था का लोकतंत्रीकरण करना होगा। डॉ. जयशंकर गुरुवार को रूस के शहर कजान में ब्रिक्स आउटरीच सत्र में प्रधानमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि भले दुनिया में बदलाव लाने वाली ताकतें मजबूत हुई हैं लेकिन कुछ लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे और अधिक जटिल हो गए हैं। हम इस विरोधाभास को कैसे सुलझाएं इस पर विचार करने की जरूरत है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि परिवर्तन का लाभ उन लोगों तक पहुंचे जो वर्तमान में पीछे रह गए हैं। हमें इस बात पर विचार करना होगा कि हम एक अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं? विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने इसके लिए ब्रिक्स में पांच प्रमुख बिंदु रखे। उन्होंने कहा कि विश्व व्यवस्था में बदलाव के लिए स्वतंत्र प्रकृति के प्लेटफार्मों को मजबूत करना और उनका विस्तार करना होगा। स्थापित संस्थानों और तंत्रों, विशेषकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार लाना होगा।



## मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया की स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय

**कजान।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया को लेकर इस बात की व्यापक चिंता बनी हुई है कि चल रहा संघर्ष क्षेत्र में और फैलेगा। उन्होने पीएम मोदी के विचारों को दोहराया कि यह दौर युद्धों का नहीं है। विवादों और मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए। विदेश मंत्री ने कजान में ब्रिक्स आउटरीच सत्र में कहा, "मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया की स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय है। इस बात को लेकर व्यापक चिंता है कि संघर्ष इस क्षेत्र में और फैल जाएगा। समुद्री व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# 'दाना' का आंध्र प्रदेश में दिख रहा असर कई क्षेत्रों में भारी बारिश की आशंका



एजेंसी

**विशाखापट्टनम।** बंगाल की खाड़ी में आए भीषण चक्रवाती तूफान 'दाना' के चलते आंध्र प्रदेश के उत्तरी तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। अधिकारियों ने बताया कि चक्रवाती तूफान 'दाना' का प्रभाव आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों में भी दिखाई दे रहा है। आंध्र प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एपीडीएमए) ने तेज हवाओं के मद्देनजर लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी है। दरअसल, भीषण चक्रवाती तूफान के कारण आंध्र प्रदेश के उत्तरी तटीय क्षेत्रों में बादल छाए हुए हैं। श्रीकाकुलम, विजयनगरम और विशाखापट्टनम जिलों के तटीय क्षेत्रों में तेज हवाएं चल रही हैं। आंध्र प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने तेज हवाओं के मद्देनजर मछुआरों से समुद्र में नहीं जाने को कहा है। उन्होंने कृष्णापट्टनम, मछलीपट्टनम, काकीनाडा, गंगावरम, विशाखापट्टनम, कलिंगपट्टनम और निजामपट्टनम बंदरगाहों पर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में बिजली चमकने के साथ बारिश की संभावना है।

## एजुकेशन/करियर

**क्या** आप भूगोल की डिग्री हासिल करना चाहते हैं ? यह लेख आपको कोर्स के बारे में विस्तार से जानने में मदद कर सकता है। भूगोल सामाजिक और प्राकृतिक विज्ञानों को जोड़ने वाला एक अनुशासन है और इसमें पृथ्वी की सतह पर विभिन्न स्थानिक और सामाजिक घटनाओं का अध्ययन शामिल है। भूगोल की दो मुख्य शाखाएँ हैं- भौतिक भूगोल और मानव भूगोल । भारत में विभिन्न भूगोल पाठ्यक्रम, यूजी और पीजी भूगोल पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले कॉलेज, भारत में भूगोल के दायरे और करियर विकल्पों की जाच करें ।12वीं के बाद भूगोल पढ़ने की योजना बना रहे हैं? जानिए इसके दायरे और करियर के अवसर भूगोल सामाजिक और प्राकृतिक विज्ञानों को जोड़ने वाला एक अनुशासन है और इसमें पृथ्वी की सतह पर विभिन्न स्थानिक और सामाजिक घटनाओं का अध्ययन शामिल है। भूगोल की दो मुख्य शाखाएँ हैं- भौतिक भूगोल और मानव भूगोल। भौतिक भूगोल पृथ्वी से संबंधित विभिन्न प्राकृतिक घटनाओं की स्थानिक विशेषताओं के अध्ययन से संबंधित है। दूसरी ओर, मानव भूगोल मानव व्यवहार और प्रक्रियाओं का अध्ययन है और वे जिस भौतिक स्थान में रहते हैं उससे कैसे संबंधित हैं। भौतिक भूगोल प्राकृतिक विज्ञान के अंतर्गत आता है जबकि मानव भूगोल सामाजिक विज्ञान में शामिल है। भूगोल पाठ्यक्रम के बारे में अधिक जानने के लिए , उम्मीदवार नीचे दिए गए लेख को पढ़ सकते हैं।

# भूगोल की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर

**1. भूगोल संबंधी नौकरियां आपको सचमुच अनेक स्थानों पर ले जाएंगी।**

भूगोल की नौकरी आपको ऑफिस डेस्क से नहीं बांधेगी; आपके अधिकांश कार्यदिवस फील्ड में काम करते हुए व्यतीत होंगे। भूगोल में डिग्री आपको यात्रा करने और उन जगहों तक पहुँचने की अनुमति देगी जहाँ कोई अन्य व्यक्ति नहीं पहुँच पाया है। यदि आपको रोमांच, प्रकृति और बाहरी गतिविधियाँ पसंद हैं तो यह आपके लिए एकदम सही करियर है।

**2. भूगोल आपको दुनिया में अपने स्थान के बारे में एक अलग दृष्टिकोण देगा।**

भूगोल में शिक्षा के साथ, आप स्थानिक सोच के लेंस के माध्यम से दुनिया को देखने में सक्षम होंगे। यह आपके भौतिक स्थान के साथ बातचीत करने और दुनिया में अपने स्थान के बारे में सोचने के तरीके को बदल देगा। पैटर्न, आंदोलनों और रिश्तों जैसी अवधारणाओं पर सैद्धांतिक पृष्ठभूमि होने से आप अपने अनुभवों को बेहतर ढंग से समझ पाएंगे।



**3. भूगोल आपको स्थानीय और वैश्विक पर्यावरणीय समस्याओं को सुलझाने में सक्रिय भागीदार बनने का अवसर देगा।**

भूगोल स्नातक पर्यावरण संरक्षण संगठनों में शीर्ष कार्यकारी पद प्राप्त कर सकते हैं। उनके पास पर्यावरण चेतना फैलाने, वनों की कटाई रोकने और बहाली और स्थिरता परियोजनाओं का नेतृत्व करने जैसे कई क्षेत्रों में बड़ा प्रभाव डालने का मौका है। नहीं मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है । भूगोल में शिक्षा आपको जलवायु परिवर्तन के बारे में वैज्ञानिक जानकारी से लैस करेगी और आपको अपने साथियों या यहाँ तक कि इस जानकारी को फैलाने के लिए व्यापक दर्शकों के बीच विश्वसनीयता प्रदान करेगी। नतीजतन, यह स्थिरता करियर के लिए लोकप्रिय प्रवेश-बिंदुओं में से एक है ।

**5. भूगोल आपको मानव जीवन बचाने की अनुमति देगा।**

भूगोलवेत्ताओं को आपदा प्रबंधन के बारे में व्यापक ज्ञान होता है। उन्हें आपदाओं का जवाब देने और लोगों को उनसे बाहर निकालने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। वास्तव में, जैसा कि हम अब देख रहे हैं, भूगोल कोविड-19 से लड़ने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है ।

**6. भूगोल आपको लुप्तप्राय प्रजातियों के जीवन को बचाने की अनुमति देगा।**

आईयूसीएन रेड लिस्ट ऑफ थ्रेटेंड स्पीशीज (2021) में विलुप्त होने के कगार पर खड़ी 37,000 से अधिक प्रजातियों का उल्लेख है। जागरूक और विचारशील प्राणी होने के नाते, इन प्रजातियों को समय रहते जीवित रहने और पनपने देना मनुष्यों का साझा कर्तव्य है। इसका एक बड़ा हिस्सा इस बात पर निर्भर करेगा कि हम उनके लिए सुरक्षित जगह बनाते हैं या नहीं। यहीं पर भूगोलवेत्ता आगे आते हैं और नेतृत्व करते हैं। यह उनका काम है, खासकर वे जो प्राकृतिक संसाधनों और संरक्षण में विशेषज्ञ हैं, लुप्तप्राय प्रजातियों के आवास की रक्षा करना।

**7. भूगोल आपकी दृश्य-स्थानिक और प्राकृतिक बुद्धि को बढ़ाएगा।**

भूगोल के पाठ्यक्रम आपको अपने दृश्य और स्थानिक ज्ञान और कौशल को मजबूत और विस्तारित करने का अवसर देंगे। ये आपको अपने आस-पास के तत्वों को आसानी से पहचानने में भी मदद करेंगे।

**8. भूगोल आपके लिए करियर के कई संभावित रास्ते खोलेगा।**

विशेषज्ञों का कहना है कि करियर की खोज महत्वपूर्ण है । इस संबंध में, भूगोल का दायरा फायदेमंद है। यह आपके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन के विकास की अनुमति देगा। भूगोल में उच्च डिग्री लेना जारी रखकर आप अपने काम के क्षेत्रों की संख्या का विस्तार करने में सक्षम हो सकते हैं।

**9. भूगोल आपको आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने में सहायता करेगा।**

भूगोल कैरियर का वेतन प्रतिस्पर्धी हो सकता है। उद्योग भूगोलवेत्ताओं की विशेषज्ञता के लिए एक बड़ी राशि का भुगतान करने को तैयार हैं।